खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 13°C

देहरादून, रविवार 30 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 113 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जिहाद जैसे शब्दों पर मौलाना महमूद मदनी ने जताई आपत्ति पेज 2



सुल्तान अजलान शाह कपः कनाडा को 14-3 से रौंदकर भारत फाइनल में खेल टाइम्स



लंदन में भारत-पाकिस्तान की डिबेट कैंसिल, पाक ने भारत पर लगाया पीछे हटने का आरोप पेज 11



रणवीर नहीं दीपिका को पड़ी रणबीर की जरूरत बॉलीवुड

# नेशनल हेराल्ड केस पर फैसला तीसरी बार टला

## ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले या नहीं, कोर्ट को तय करना है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला तीसरी बार टल गया है। कोर्ट को यह तय करना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले या नहीं। चार्जशीट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और दूसरे कई सीनियर कांग्रेसी नेताओं के नाम हैं।

जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी फाइनेंशियल गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। यह कंपनी ही असल में नेशनल हेराल्ड अखबार पब्लिश करती थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को बहस पूरी होने के बाद फैसला 29 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रखा था। इसके बाद 8 अगस्त और 29 नवम्बर को फैसला टला। अब कोर्ट 16 दिसम्बर को फैसला सुनाएगी। अप्रैल में ईडी ने 661 करोड़ की संपत्तियां जब्त करने का नोटिस जारी किया था। ईडी ने अप्रैल में एक बयान में कहा कि उसने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। ईडी ने पीएमएलए एक्ट की धारा 8 और नियम 5(1) के अनुसार संबंधित संपत्ति रजिस्ट्रार को दस्तावेज सौंपे थे। ईडी ने कब्जे में लिए जाने वाली संपत्तियां खाली करने की मांग की थी। इन अचल संपत्तियों के अलावा ईडी ने एजेएल के 90.2 करोड़ रुपये के शेयरों को नवम्बर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था। ईडी ने मुंबई के बांद्रा में हेराल्ड हाउस की 7वीं, 8वीं और 9वीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नोटिस दिया गया, कि वह हर महीने किराया ईडी के निदेशक के पक्ष में ट्रांसफर करे। जून 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से 5 दिनों में 50 घंटे पूछताछ हुई थी। फिर 21 जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, आस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिये हड़पने का आरोप लगाया था।



■ आरोपियों में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नाम शामिल

# एनआईए ने हल्द्वानी से इमाम समेत दो लोगों को लिया हिरासत में

## दिल्ली ब्लास्ट के तार उत्तराखंड से जुड़े, हल्द्वानी पहुंची आंच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दिल्ली बम ब्लास्ट की आंच उत्तराखंड पहुंच गई है। मामले के तार उत्तराखंड से जुड़ते हुए महानगर हल्द्वानी के बनभूलपुरा तक पहुंच गए हैं। यहां राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने नैनीताल जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से एक इमाम और एक इलेक्ट्रीशियन को हिरासत में लिया गया है। जबकि नैनीताल की तल्लीताल मस्जिद के मौलाना मोहम्मद नईम से करीब तीन घंटे तक गहन पूछताछ की गई है। फिलहाल, इस मामले पर लोकल पुलिस कुछ भी खुलकर बोलने से बच रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार भोर में एनआईए ने एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया। जिस वक्त यह कार्रवाई हुई दोनों आरोपी अपने घर में सो रहे थे। दोनों को पूछताछ के लिए एनआईए गोपनीय स्थान पर ले गई है। विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डा. मुज़म्मिल शकील गनई, जिस अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता और रिसर्च करता था, उसका कनेक्शन अब नैनीताल में मिल रहा है। ज्ञात हो कि इससे पहले इस आतंकी घटना के तार देहरादून और पिथौरागढ़ में खंगाले जा चुके हैं। इसी घटना की कड़ी से कड़ी जोड़ती एनआईए ने उत्तराखंड -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ एसटीएफ और लोकल पुलिस के साथ भोर में दिया कार्रवाई को अंजाम

### डा. शाहीन के फ्लैट से मिले 18.5 लाख, सोने के बिस्किट व विदेशी करेंसी

**फरीदाबाद।** गुरुवार रात डा. शाहीन को निशानदेही के लिए लेकर पहुंची, तो टीम ने उससे ये डिजिटल लॉकर खुलवाया। लॉकर खोला गया, तो उसमें कई सारे पैकेट दिखे, जिसमें खाकी रंग की टेप भी लगी थी। शाहीन से उनके बारे में पूछा तो बोली कि इन पैकेट में सामान है। पैकेट खोलकर चेक किया, तो उसमें 500 के नोट भरे थे। सभी पैकेट खोलकर चेक किए तो इनमें 18.50 लाख रुपये नकद, सोने के दो बिस्किट, गहने मिले। सोने के बिस्किट व जूलरी का कुल वजन 300 ग्राम पाया गया। इसके साथ ही सऊदी अरब की करेंसी भी लॉकर से टीम को मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में प्रेमी ने प्रेमिका की गोली मारकर की हत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेंट्रल फेस-दो थाना क्षेत्र में देर रात एक सिरफिरे आशिक ने अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित की हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि नोएडा के याकूबपुर गांव के एक पीजी में किराए पर रह रही एक युवती का आरोपी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युवक शुक्रवार देर रात प्रेमिका के कमरे में पहुंचा और दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के क्रम में उसने युवती को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। हत्या की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस घायल युवती को नजदीकी अस्पताल लेकर गई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा।

### इंडिगो व एयर इंडिया ग्रुप की 338 फ्लाइट्स प्रभावित

**नई दिल्ली।** दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाले एयरबस के ए320 सीरीज के एयरक्राफ्ट्स पर तेज सोलर रेडिएशन का खतरा मंडरा रहा है। यह फ्लाइट कंट्रोल डेटा को खराब कर सकता है, जिससे एयरक्राफ्ट्स की ऊंचाई, डायरेक्शन, कंट्रोल जैसी बेहद अहम जानकारी गलत हो सकती है। इस तकनीकी खराबी से बचने के लिए फ्रांस की विमानन कंपनी एयरबस ने सभी एयरलाइन कंपनियों से उनके बेड़े में शामिल ए320 सीरीज के विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

# बंगाल में आठ महीने बाद वक्फ संशोधन कानून लागू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार 8 महीने के विरोध के बाद नए वक्फ संशोधन कानून को लागू करने पर राजी हो गई है। राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य की 8063 वक्फ संपत्तियों की जानकारी 6 दिसम्बर 2025 तक केंद्र सरकार की यूएमआईडी वेबसाइट पर अपलोड करें।

वक्फ संशोधन कानून इस साल 4 अप्रैल को संसद के दोनों सदनों से पास हुआ था। तब पश्चिम बंगाल ने इसे अपने राज्य में लागू करने से मना कर दिया था। सीएम ममता बनर्जी ने 8 अप्रैल को एक रैली में कहा था कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा। कानून को अदालत में चुनौती दी गई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नए प्रावधानों के लागू होने पर कोई रोक नहीं लगाई। इसलिए कानूनी रूप से राज्य सरकार पर इसे लागू करने की बाध्यता है। केंद्र सरकार का साफ निर्देश है कि सभी अविवादित वक्फ संपत्तियों का रिकॉर्ड डेडलाइन -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ ममता बोली थीं- गोली मार दो, लेकिन धर्म के आधार पर बंटवारा नहीं होगा

# शीतकालीन सत्र में भी सुनाई देगी SIR की गूंज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के मौजूदा तेवरों को देखते हुए संसद के शीतकालीन सत्र में भी इसके छाए रहने की संभावना है। इस सत्र में विपक्ष दिल्ली कार विस्फोट, राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या और नए श्रम कानूनों जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगा।

विपक्ष और सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संक्षिप्त सत्र के लिए कमर कस ली है और दोनों पक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। विपक्ष सत्र को संक्षिप्त रखे जाने पर भी सरकार पर हमलावर है। सरकार ने जहां इस सत्र में कॉरपोरेट कानून, परमाणु ऊर्जा और शिक्षा सहित दस विधेयकों को पारित कराने का एजेंडा तैयार किया है, वहीं विपक्ष एसआईआर, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगातार किए जा रहे दावों, चीन के साथ संबंधों, आतंकवाद, प्रदूषण और अन्य मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने एसआईआर के मुद्दे पर सरकार और चुनाव आयोग के बीच साठगांठ का आरोप लगाते हुए इसे संसद में जोर शोर से उठाने का संकेत दिया है। एसआईआर के मुद्दे पर तृणमूल के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात भी की है।



■ दिल्ली कार विस्फोट, ■ दिल्ली में प्रदूषण और नए श्रम कानूनों जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगा विपक्ष






## संक्षिप्त समाचार

### विवेक चतुर्वेदी सीबीआईसी के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को वर्तमान में केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य विवेक चतुर्वेदी को बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा अनुमोदित की गई तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी आदेश में इसकी घोषणा की गई। श्री चतुर्वेदी 1990 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी हैं। वह 28 नवम्बर 2025 को सीबीआईसी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए संजय कुमार अग्रवाल की जगह लेंगे। सीबीआईसी में सदस्य बनने से पहले श्री चतुर्वेदी ने सीबीआईसी में सतर्कता के प्रधान महानिदेशक तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवार दी। वह कर प्रशासन, सतर्कता एवं अनुपालन के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव के साथ शीर्ष पद पर पहुंचे हैं।

### अग्निवीरों ने गीता पर हाथ रखकर ली राष्ट्र रक्षा की शपथ

**वाराणसी।** छावनी स्थित 39 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर (जीटीसी) में शनिवार को सैन्य परम्पराओं के अनुरूप अग्निवीरों की भव्य शपथ-परेड सम्पन्न हुई। अग्निपथ योजना के 06/25 बैच के कुल 353 अग्निवीरों ने पवित्र भगवद्गीता पर हाथ रखकर राष्ट्रध्वज की मर्यादा बनाए रखने और देश की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने का संकल्प लिया। समारोह में सैन्य अनुशासन, उत्साह और गौरव का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जयदीप चंदा, कमांडेंट, 39 जीटीसी ने परेड की सलामी ली

# एसआईआर पर चुनाव आयोग-भाजपा में मिलीभगत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अखिलेश ने कहा: शादियों के इस मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं, ऐसे समय में ईसी एसआईआर करवा रहा है

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। अखिलेश ने शनिवार को कहा कि एसआईआर को लेकर इतनी जल्दबाजी में क्यों हैं।

श्री यादव ने पत्रकारों से कहा कि शादियों के मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं। इसी समय आयोग एसआईआर करवा रहा है। आखिर भाजपा और आयोग के बीच क्या शेटिंग है। एसआईआर को लेकर कोई बड़ी साजिश रची जा रही है। अखिलेश ने कहा है कि प्रदेश में लगातार शादियां हो रही हैं और शादियों के समय पर लोगों का एक दूसरे के यहां आना-जाना, शादी की तैयारी करना सब व्यस्त हैं। इतने कम समय में एसआईआर कराना पूरे प्रदेश का और किस-किस को आपने जिम्मेदारी दी हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी दोनों मिले हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एसआईआर कराने की जल्दी क्यों है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को सहायक बनाया गया है। अखिलेश ने मलिहाबाद के मृतक बीएलओ विजय कुमार वर्मा की पत्नी और बेटे को 2 लाख रुपये का चेक सौंपा और कहा कि बीएलओ विजय कुमार की मौत ड्यूटी के दौरान ही हुई। अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वह ड्यूटी पर ना दिखाएं। बहुत सारे बीएलओ को जानकारी नहीं है। बिना ट्रेनिंग के एसआईआर की का काम कराया जा रहा है।

### आत्महत्या मामले को लोकसभा में उठाएंगे

**फतेहपुर।** अखिलेश यादव ने कहा है कि दलित लेखपाल के आत्महत्या के मामले को लोकसभा में उठाया जाएगा। श्री यादव शुक्रवार देर शाम मृतक लेखपाल के आवास पहुंचे और उनके परि. जनो का ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने मृतक के परिजनो को दो लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि मृतक दलित बीएलओ का मुद्दा लोकसभा में उठाया जाएगा। दलित लेखपाल की आत्महत्या के लिए जो भी दोषी अधिकारी हैं उन पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। एसआईआर के लिए बिना प्रशिक्षण के ही बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है, वह दबाव में काम कर रहे हैं।

# युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता: कपिल देव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रयास कर रही है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों की वास्तविक समय आधारित निगरानी सुनिश्चित की जाए, प्रशिक्षकों की उपस्थिति और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाए, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाले संस्थानों से लिखित स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योगों की मांग और युवाओं की रुचि के अनुरूप नए व्यवसाय आरम्भ किए जाएं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार क्षेत्रों का उन्नयन किया जाए, ताकि युवाओं को उनके जनपद में ही बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। बैठक में आईटीओटी लखनऊ/ सुल्तानपुर के प्रशिक्षण आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि प्रशिक्षण सत्र 2015-16 से 2024-25 तक कुल 3181 प्रशिक्षार्थियों में से 3064 ने सीआईटीएस (शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा) उत्तीर्ण की है। संस्थान में प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, अनुद. ेशकों, कार्यदेशकों व अन्य कर्मचारियों के प्रशिक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था की गई है। बैठक में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की प्रगति भी प्रस्तुत की गई।

# बिना चिंता के नागरिक कराएं इलाज, सरकार मदद देगी: योगी

गोरखपुर, वार्ता



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिता किए उच्चीकृत अस्पतालों में इलाज कराए, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी।

योगी ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की और कहा कि उपचार में जो भी धनरा. शि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपना कर उसकी समस्या का समाधान किया जाए।

## देश की वर्तमान स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक

# जिहाद जैसे शब्दों पर मदनी ने जताई आपत्ति

भोपाल, वार्ता



■ कहा: इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्व्यवहार, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है

**भोपाल में** जमीयत उलेमा -ए-हिंद की नेशनल गवर्निंग बाडी मीटिंग में इस्लामी विद्वान मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्व्यवहार, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है।

लव जिहाद, भूमि जिहाद, शिक्षा जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल करके मुसलमानों को गहरी ठेस पहुंचाई गई है। इससे धर्म का अपमान होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार और मीडिया में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग भी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने में कोई शर्म महसूस नहीं करते है। मदनी ने कहा कि देश की वर्तमान स्थिति अत्यंत संवे. दनशील और चिंताजनक है। दु:ख की बात है कि एक विशेष समुदाय को जबरन निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अन्य समुदायों को कानूनी रूप से शक्तिहीन, सामाजिक रूप से अलग-थलग और आर्थिक रूप से अपमानित किया जा रहा है। भीड़ द्वारा हत्या, बुलडोजर कार्रवाई, वक्फ संपत्तियों पर कब्जा और धार्मिक मदरसों व सुधारों के विरुद्ध नकारात्मक अभियान जैसे व्यवस्थित और संगठित प्रयास उनके धर्म, पहचान और अस्तित्व को कमजोर करने के लिए किए जा रहे हैं। एसआईआर भी किया जा रहा है, और यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है, अगर हम इस पर कड़ी नजर रखें, तो हम निराशा से बच सकते हैं, क्योंकि निराशा किसी भी समुदाय के लिए जहर है और अगर कोई समुदाय जीवित है, तो इससे बचने की और भी ज्यादा जरूरत है। मदनी ने कहा कि इस देश में मुसलमानों के अनुकूल लगभग 10 फीसदी लोग हैं, जो अलग-अलग वजहों से हमारे पक्ष में हैं। इसी तरह लगभग 30 फीसदी लोग समुदाय के विरोध में हैं, जबकि एक अनुमान के अनुसार 60 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो न हमारे अनुकूल हैं और न ही विरा. ेध में। यह जो खामोश बहुमत है, उसे फिरका-परस्त लोग अपनी ओर झुकाने की कोशिश कर रहे हैं, यदि यह वर्ग उनके प्रभाव में आ गया, तो ये देश व मुसलमानों दोनों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी होगी। मदनी ने कहा कि बहुत अफसोस के साथ ये कहना पड़ रहा है कि बीते कुछ अरसे से बाबरी मस्जिद, तीन तलाक और कई अन्य मामलों में फैसलों के बाद ऐसा लगता है कि पिछले कुछ वर्षों से अदालतें सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। यदि हम चाहते हैं कि फिरकापरस्त कामयाब न हों, तो समुदाय को मानवता की चिंता करने वाला रवैया अपनाना होगा।

### महमूद मदनी पर भाजपा का पलटवार

**भुवनेश्वर।** जमीयत उलेमा -ए-हिंद प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के बयान पर भाजपा की तरफ से पलटवार किया गया है। संबित पात्रा ने कहा कि उनकी तरफ से भोपाल में दिया गया बयान भड़काऊ और देश को बांटने वाला है। जिहाद के नाम पर जिस प्रकार से लोगों ने भारत में ही नहीं, बल्कि भारत के बाहर भी आतंक फैलाया है, वह हमने देखा है। उन्होंने आगे कहा कि मौलाना मदनी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। मौलाना मदनी के इस बयान को सुप्रीम कोर्ट को स्वत: संज्ञान में लेकर इसकी सुनवाई करनी चाहिए। संबित पात्रा ने कहा कि मौलाना मदनी ने अपने भाषण में जिहाद शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जहां भी अत्याचार हो, वहां जिहाद होना चाहिए। उन्होंने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि ऐसे शब्द देश को बांटने का काम करते हैं। जिहाद के नाम पर दुनिया के कई हिस्सों में आतंकवाद फैला है।



**सेंसेक्स** 84556.40
**निफ्टी** 25891.40



**सोना रु.** 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 155000
प्रति किलो



# अक्टूबर में हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर अक्टूबर में हवाई यात्रा की मांग में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मांग 8.5 प्रतिशत और घरेलू यात्रा की मांग 3.4 प्रतिशत बढ़ी है। हवाई यात्रा की मांग को राजस्व यात्री किलोमीटर के रूप में मापा जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आयटा) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में 2024 के मुकाबले अक्टूबर 2025 में कुल मांग 6.6 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, कुल क्षमता (उपलब्ध सीट किलोमीटर) 5. 8 प्रतिशत और लोड फैक्टर (भरी सीटों का अनुपात) 84.6 प्रतिशत पर पहुंच गया जो एक साल पहले के मुक. ाबले 0.7 प्रतिशत अधिक है। विमान सेवा कंपनियों ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए क्षमता में 7.1 प्रतिशत की और घरेलू यात्रा के लिए 3.6 प्रतिशत की वृद्धि की। आयटा के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि अक्टूबर के महीने में अच्छा प्रदर्शन रहा। कई महीने के सपाट प्रदर्शन के बाद उत्तरी अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय यातायात में 4. 5 प्रतिशत की वृद्धि उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि साल के अंतिम दो महीने के लिए ट्रेंड उत्साहजनक है। शिड्यूल के अनुसार नवम्बर में सीट क्षमता 3.6 प्रतिशत और दिसम्बर में 4. 7 प्रतिशत बढ़ेगी। जारी आंकड़ों के अनुसार तीसरी तिमाही में पश्चिम एशिया में हवाई यात्रा की मांग सबसे अधिक 10.5 प्रतिशत बढ़ी। अफ्रीका में इसमें 8.8 फीसदी, एशिया प्रशांत क्षेत्र में 8.1 फीसदी, यूरोप में 6.7 फीसदी, लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों में 6.1 प्रतिशत और उत्तरी अमेरिका में 2.5 प्रतिशत बढ़ी है। आयटा ने अक्टूबर के हवाई माल परिवहन के भी आंकड़े जारी किए हैं। माल परिवहन की मांग, जिसे कार्गो टन.किलोमीटर के रूप में मापा जाता है, अक्टूबर में 4.1 प्रतिशत बढ़ी। यह लगातार आठवां महीना है जब इसमें वृद्धि दर्ज की गई है।

### अनंत गोयंका बने फिक्की के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष अनंत गोयंका ने 2025-26 के लिए उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष का पद भार संभाल लिया है, सनमार समूह के अध्यक्ष विजय शंकर नए वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने हैं। फिक्की की 98वीं आम सभा के दौरान दोनों ने पदभार ग्रहण किए। डालमिया भारत लिमिटेड के प्रबंध निद. ेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत डालमिया ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली है। श्री गोयंका टायर, बुनियादी ढांचा, फार्मा और आईटी तथा अन्य क्षेत्रों में कारोबार करने वाली 4.8 अरब डॉलर के आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष हैं। वह सिएट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी रहे थे। उनके कार्यकाल में कंपनी का बाजार पूंजीकरण 25 गुना बढ़ा था। रसायन, इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी और शिपिंग क्षेत्रों के लिए विनिर्माण करने वाली सनमार समूह के अध्यक्ष शंकर टीवीएस मोटर, भारतीय परिवहन निगम, ऑरिएंटल होटल्स और कावेरी रिट्रीट्स एंड रिजॉर्ट्स के निदेशकमंडलों में स्वतंत्र निदेशक हैं।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमतों में नरमी रही। गेहूं के दाम भी घट गए। चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 21 रुपये टूटकर 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। गेहूं भी 14 रुपये की गिरावट के साथ 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपये बढ़ी। दाल.दलहनों में उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई।

तुअर दाल 60 रुपये और मसूर दाल 53 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। चना दाल 32 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 159 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल की कीमत 39 रुपये और पाम ऑयल की 21 प्रति क्विंटल टूट गई। वनस्पति 20 रुपये और सोया तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ जबकि सूरजमुखी तेल चार रुपये महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ 21 रुपये प्रति क्विंटल ऊपर बोली गई। चीनी भी दो रुपये महंगा हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल.दलहन : दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4325.87 रुपये और गुड़ 4996.60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17661.95 रुपये, मूंगफली तेल 17571.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15686.46 रुपये, सोया तेल 13772. 87 रुपये, पाम ऑयल 12443.01 रुपये और वनस्पति 14465.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**एनआईए ने...**पुलिस से संपर्क साधा। शनिवार दोपहर इसी मामले को लेकर पुलिस बहुउद्देशीय पहुंचे लोगों का कहना है कि एनआईए ने एसटीएफ और हल्द्वानी पुलिस के साथ मिलकर बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के लाइन नंबर आठ और खिचड़ी मोहल्ला में दबिश दी। लाइन नंबर आठ में बिलाली मस्जिद के इमाम मोहम्मद आसिम कासमी को उस वक्त हिरासत में लिया, जब वह बिलाली मस्जिद के पास किराए के घर में सो रहा था। इसी समय पर खिचड़ी मोहल्ले से एक इलेक्ट्रीशियन नजर कमाल को उसके घर से हिरासत में लिया गया। सूत्र बताते हैं कि हजारों की संख्या में कॉल डिटेल खंगाल रही एजेंसियों को कुछ संदिग्ध मोबा. इल नंबर मिले थे, जो उत्तराखंड में संचालित थे। हिरासत में लिए गए इमाम मौलाना मोहम्मद आसिम कासमी रामपुर जिले के टांडा दड़ियाल का रहने वाला है और विगत चार साल से यहां इमामत कर रहा है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। सुरक्षा एंजेसियों के साथ रात एसटीएफ और लोकल पुलिस ने कार्रवाई की।

**बंगाल में...**(6 दिसम्बर) तक यूएमआईडी पोर्टल पर अपलोड होना चाहिए। ममता सरकार इस निर्देश का पालन न करके कानूनी विवाद में नहीं फंसना चाहती। केंद्र ने नए नियमों में वक्फ बोर्डों और मुतवल्लियों की जवाबदेही बढ़ाई है। राज्यों के लिए डेटा अपलोड करना अनिवार्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बन गया है। वक्फ संशोधन कानून 8 अप्रैल से देशभर में लागू कर दिया गया था। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से और 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। हालांकि नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ 12 याचिकाएं दाखिल की गईं थीं। 15 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने संशोधन कानून पर रोक से इन्कार कर दिया था।

### वायु प्रदूषण से बचाव के गंभीर प्रयास करे सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण अत्यंत चिंता. जनक स्थिति में पहुंच गया है और धीमा जहर बनकर जीवन के लिए खतरा बन गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस समस्या के निदान के लिए सरकार इस पर संसद में चर्चा कराए और राष्ट्रीय स्तर पर संकट के समाधान के लिए सख्त कदम उठाए। श्री दीक्षित ने इस मुद्दे पर सरकार तीखा हमला किया और कहा कि सरकार प्रदूषण को कंट्रोल करे और अगर वे यह काम नहीं कर पा रहे हैं, तो उन्हें सरकार कहलाने का हक नहीं है। मेरा यही कहना है -जनता को गुमराह करना बंद करिए, क्योंकि एयर पॉल्यूशन के चलते यह शहर अब रहने लायक नहीं बचा है।

# नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जल्द बढ़ेंगी जमीन अधिग्रहण की दरें, निर्देश जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में ज़मीन अधिग्रहण की दरों में वृद्धि के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

यह फैसला किसानों की लगातार उठ रही उस मांग के बाद आया है, जिसमें उन्होंने वर्तमान दरों को बाज़ार मूल्य से काफी कम बताते हुए संशोधन की बात कही थी। फिलहाल गौतमबुद्ध नगर में सरकार द्वारा तय दरें नोएडा में 5,100 रुपये प्रति वर्गमीटर, ग्रेटर नोएडा में 4,100 रुपये प्रति वर्गमीटर और यमुना सिटी में 4,300 रुपये प्रति वर्गमीटर हैं। लंबे समय से इन दरों में बदलाव न होने के कारण किसानों में असंतोष बढ़ रहा था। सरकार से जुड़े सूत्रों के मुता. बिक, सरकार नोएडा में दरों को बढ़ाकर 9,000 रुपये प्रति वर्गमीटर और ग्रेटर नोएडा में 7,000 रुपये प्रति वर्गमीटर करने पर विचार कर रही है। वहीं यमुना सिटी की दरें वर्ष 2024 में ही संशोधित की गई थीं, इसलिए यहां तत्काल बढ़ोतरी की संभावना कम है। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के निरीक्षण के दौरान दिए थे। इस मौके पर उन्होंने ज़मीन अधिग्रहण से जुड़ी लंबित समस्याओं और किसानों के विरोध से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की।

जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सामने सीधे यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने बताया कि किसानों की मांग को लेकर पहले भी राज्य सरकार और औद्योगिक विकास विभाग से वार्ता की गई थी। उन्होंने कहा कि, गुरुवार को हवाईअड्डे के निरीक्षण के दौरान हमने पुन: इसे उठाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सिविल सेवा केवल राष्ट्र के लिए समर्पण का संकल्प : राजनाथ

■ रक्षा मंत्री ने की मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी के फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह में शिरकत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ मसूरी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी के फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह में शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि ट्रेनिंग अफसर को बड़ी कम उम्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने जा रही है, उन्होंने कहा कि जैसे जैसे आप सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे तब आपको इसकी गंभीरता समझ में आएगी।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के फाउंडेशन कोर्स समापन समारोह में ट्रेनिंग अफसर को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस फाउंडेशन कोर्स का असली मकसद श्कमिटमेंट टू बिल्ड ए गवर्नेंस सिस्टमश है। उन्होंने अधिकारियों को मानवीय नेतृत्व, ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण का मंत्र दिया। रक्षा मत्री ने कहा कि सिविल सेवा केवल एक ट्रेनिंग मॉड्यूल नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए समर्पण का संकल्प है। ये अकादमी वो स्थान है, जहां भारत की प्रशासनिक रीढ़ तैयार होती है और जहां से नेशन बिल्डिंग की यात्रा का पहला सार्थक कदम उठाया जाता है।

उन्होंने अधिकारियों को सावधान करते हुए कहा कि अगर उनमें श्अहंकार आया तो आपकी कीमत अपने आप कम हो जाएगीश। इसलिए पद चाहे कितना भी बड़ा हो यदि अहंकार ने छूआ तो वैल्यू अपने आप खत्म हो जाएगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त अधिकारियों से मानवता के साथ नेतृत्व करने की सलाह दी। इसलिए सिविल सेवा चुनी है तो मतलब आप केवल खुद के लिए नहीं, देश के लिए सोचते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का युवा उच्च वेतन वाली नौकरियों में जा सकता था, लेकिन सिविल सेवा चुनने वालों ने यह सिद्ध किया है कि उनकी प्रेरणा सिर्फ व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के लिए कुछ सार्थक करना भी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सामाजिक और आर्थिक ढांचा तेजी से बदला है।आईटी, इंजीनियरिंग, मेडिकल और सर्विस सेक्टर में नए अवसर बढ़े हैं, स्टार्टअप संस्कृति मजबूत हुई है और फिर भी सिविल सेवा का आकर्षण बरकरार है।

## आईएएस केवल नीतियां नहीं बनाता, देश का भविष्य करता है तय

राजनाथ सिंह ने कहा कि अधिकारी न केवल नीति तैयार करते हैं, बल्कि उसे धरातल पर उतारने का काम भी करते हैं, इसलिए उनका हर निर्णय भारत के भविष्य को प्रभावित करता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि, आज सिविल सर्विसेज का अर्थ बदल चुका है. अधिकारी अब नौकरशाह नहीं, बल्कि जनसेवक माने जाते हैं. उन्होंने अधिकारियों को नीतियों और ईमानदारी की वैल्यू समझाते हुए कहा कि, उनके सेवा काल में कई लोग उनको रिश्वत देने की कोशिश करेंगे, लेकिन यदि उनका फैसला दृढ़ है तो इसको ठुकराकर उनको संतोष मिलेगा जो मां के सुख जैसा पवित्र होगा।उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे अधिकारियों ने मॉक ड्रिल्स को सफल बनाकर जनता को समय पर जागरूक किया।

## कहा –आज की बेटियां कर रहीं कमाल

रक्षा मंत्री ने कहा आज की बेटियां कमाल कर रहीं हैं। जल्द ही सिविल सर्विसेज में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के बराबर होगी।उन्होंने कहा कि हमारी नारी शक्ति देश के विकास में योगदान देने को तैयार हैं। इस वर्ष की वैलिडिक्शन सेरेमनी में टॉप फाइव में तीन और टॉप 25 में 11 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 2047 तक सिविल सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के बराबर होगी और कई महिलाएं कैबिनेट सचिव जैसे सर्वोच्च पद भी संभालेंगी।राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत इस समय विकास के पथ पर अग्रसर है।अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आज भारत की बातों को गंभीरता से लिया जाता है। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश की इकोनमी तेजी से बढ़ रही है। हम यदि सही मायनों में भारत को विकसित बनाना चाहते हैं, तो हमें यह तय करना होगा कि समाज का हर वर्ग इस विकास यात्रा में समान भागीदारी निभाए। राजनाथ सिंह ने कहा सिविल सर्वेंट लोगों की दिशा को निर्धारित करता है।

## सोशल मीडिया से ज्यादा अपने काम पर ध्यान देने की नसीहत दी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया से पब्लिसिटी तो जल्दी हो सकती है लेकिन इसके दूरगामी परिणाम नहीं होते। इसलिए लोगों के दिल में जगह बनानी है तो सोशल मीडिया से ज्यादा अपने काम पर ध्यान देना होगा। राजनाथ सिंह ने सरदार पटेल का उदाहरण देते हुए कहा कि, श्नागरिकों को अपने से अलग मत समझो. सच्ची लोक सेवा निष्पक्षता, विनम्रता और उच्च स्तर की ईमानदारी से ही संभव है।उन्होंने कहा कि यूपीएससी अपने 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है,।

# फरासू व चमधार भूस्खलन जोन के ट्रीटमेंट को 90 करोड़ स्वीकृत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 07 पर यातायात बाधित न हो इसके लिये फरासू व चमधार में भूस्खलन जोन का ट्रीटमेंट किया जायेगा। इसके लिये 90 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। इसके अलावा क्षेत्र के अंतर्गत पीएमजीएसवाई के तहत बनी सड़कों को लोक निर्माण विभाग को हस्तगत की जायेगी, जिसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं, साथ ही क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मोटरमार्गों के डामरीकरण व सुधारीकरण के कार्यों में तेजी लाने को भी कहा गया है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को शासकीय आवास पर अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के विभिन्न मोटरमार्गों के निर्माण, डामरीकरण व सुधारीकरण कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को मोटरमार्गों के डामरीकरण व सुधारीकरण के कार्यों की नियमित मॉनिटिरिंग कर नियत समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। डॉ. रावत ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 07 पर फरासू व चमधार में अब भूस्खलन से बार-बार यातायात बाधित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इन दोनों जगह पर भूस्खलन जोन का उचित ट्रीटमेंट किया जायेगा, इसके लिये 90 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। जिसमें फरासू के लिये 53 करोड़ जबकि चमधार क्षेत्र में ट्रीटमेंट के लिये 37 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। शीघ्र ही दोनों जगहों पर ट्रीटमेंट कार्य शुरू कर दिया जायेगा। जिससे जनसामान्य व तीर्थयात्री सुगम व सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे। डॉ. रावत ने कहा कि पीएमजीएसवाई के तहत झाला-ग्वाड मोटरमार्ग व हिंवालीधार-सिरतोली मोटरमार्ग को स्वीकृति दे दी गई है।

बैठक में सचिव लोक निर्माण विभाग पंकज पाण्डेय, अपर सचिव दिनेश कुमार, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग राजेश शर्मा, मुख्य अभियंता पीएमजीएसवाई एस.के.पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एबीवीपी की शोभायात्रा का दूनवासियों ने किया स्वागत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का 71 वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन 28 से 30 नवंबर के बीच देवभूमि, उत्तराखण्ड के परेड ग्राउंड में बसाए गए श्भगवान बिरसा मुंडा नगरश में जारी है। इस अधिवेशन स्थल से निकलकर दर्शनलाल चौक तक 4.5 किमी लंबी शोभायात्रा आयोजित हुई। इसमें देश के सभी राज्यों से आए 1500 से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता से लघु भारत के दर्शन हुए। सड़कों पर उमड़ी इस युवा तरुणाई का देवभूमि के नागरिकों ने जगह-जगह स्वागत करते हुए श्भारत माता की जयश का उद्घोष किया।इसके बाद, शोभायात्रा में श्अलग भाषा-अलग वेश फिर भी अपना एक देशश के समागम से भारत की एकता में विविधता और अखंडता का दिव्य स्वरूप देखने को मिला।

देश के विभिन्न शैक्षिक परिसर से आए विद्यार्थियों ने इस पावन धरा का भ्रमण करते हुए भौगोलिक विविधताओं के आधार पर चित्रित भारतीय संस्कृति का प्रत्यक्ष दर्शन कराया। साथ ही, सांस्कृतिक विविधता को चरितार्थ करते हुए अखण्डता में व्याप्त विभिन्न स्वरूपों के दर्शन इस यात्रा में हुए। शोभायात्रा के दौरान देवभूमि की सड़कें श्भारत माता की जय' और 'कश्मीर से कन्याकुमारी भारत माता एक हमारीश के नारों से गूंज उठी। शोभा यात्रा परेड ग्राउंड से होते हुए सर्वे चौक, भेल चौक, एश्ले चौक, घंटाघर से होकर दर्शनलाल चौक में आयोजित हुए खुला अधिवेशन के पश्चात संपन्न हुई। इसमें अभाविप राष्ट्रीय महामंत्री डॉ वीरेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में देश के अलग-अलग क्षेत्रों से आए छात्र नेताओं ने बांग्लादेशी घुसपैठ, शिक्षा, छात्रवृत्ति, समाज, ऑपरेशन सिंदूर तथा युवाओं से जुड़े विषयों पर संबोधन किया। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ) रघुराज किशोर तिवारी, अभाविप राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, उत्तराखण्ड प्रांत अध्यक्ष प्रो. जे. पी.भट्ट एवं उत्तराखण्ड प्रांत मंत्री ऋषभ रावत भी उपस्थित रहे।



## सीएम ने किया एबीवीपी की शोभा यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत

**देहरादून।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर उत्तराखण्ड के गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया, जिसमें उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी भी सम्मिलित रहे। उन्होंने शोभा यात्रा पर पुष्पवर्षा कर अभाविप कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और सभी कार्यकर्ताओं को अधिवेशन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

■ देवभूमि की सड़कों पर दिखा लघु भारत, कश्मीर से कन्याकुमारी, भारत माता एक हमारी' का गूंजा स्वर, देहरादून में अभाविप की शोभायात्रा बनी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक

# भगवद्गीता मानव जीवन की कालजयी मार्गदर्शिका है: धामी

■ कुरूक्षेत्र, हरियाणा में अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कुरूक्षेत्र, हरियाणा में अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो दिव्य उपद. ेश प्रदान किया, वही श्रीमद्भगवद्गीता के रूप में मानवता का शाश्वत ज्ञान बनकर पूरे विश्व को दिशा दिखा रहा है।

इस भूमि से धर्म, कर्तव्य, सत्य, निष्काम कर्म और आत्मोन्नति का संदेश सम्पूर्ण मानव समाज में प्रवा. हित हुआ। इस भव्य महोत्सव के माध्यम से गीता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए उन्होंने हरियाणा सरकार एवं स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन की कालजयी मार्गदर्शिका है। यह एक ऐसा दिव्य प्रकाशपुंज है, जिसमें मनुष्य के आचरण, चिंतन, कर्तव्य, भक्ति, ज्ञान और जीवन व्यवहार का अद्वितीय संकलन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बचपन से ही गीता का अनुसरण करते हैं। पहले गीता के सार के कथनों के माध्यम से समझते थे, वे अपने प्रत्येक निर्णय, कर्म और जीवन के हर मोड़ पर गीता के उपदेशों को अपने मार्गदर्शक के रूप में रखते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए किया गया कार्य ही सबसे बड़ा धर्म है। यह संदेश उन्हें सदैव प्रेरणा देता है कि व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थ और अहंकार से ऊपर उठकर निष्काम भाव से समाज, राष्ट्र और संपूर्ण मानवता की सेवा करना ही जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य होना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक युग में भौतिकता की दौड़ में जब मानव जीवन जटिल और तनावपूर्ण हो गया है, ऐसे समय में गीता का संदेश और भी अधिक प्रासां. गिक हो गया है। गीता के 18 अध्याय हमें किसी न किसी योग की शिक्षा अवश्य देते हैं। गीता में बताए गए सभी सूत्र जीवन को संतुलित, उद्देश्यपूर्ण और उच्चतम नैतिक आदर्शों के अनुरूप बनाने का शाश्वत मार्गदर्शन देते हैं। गीता की इसी सार्वभौमिकता के कारण आज विश्व के बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में गीता पर शोध हो रहे हैं। आज दुनियाभर में श्रीमद्भगवद्गीता को लीडरशिप, मैनेजमेंट और आत्मशांति के ग्रंथ के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। गीता से हमें न केवल जीवन जीने का व्यावहारिक ज्ञान मिलता है, बल्कि जीवन की प्रत्येक चुनौती को अवसर में बदलने की प्रेरणा भी प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड सरकार ने राज्य के सभी विद्यालयों में प्रतिदिन गीता के श्लोकों के पाठ को अनिवार्य किया है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, अवधेशानन्द महाराज, कुमार ऋषि, जैन समाज, स्वामी लोकेश मुनि, बाबा भूपेन्द्र, कपिल पुरी महाराज एवं अनेक संतगण मौजूद थे।



# गन्ना मूल्य में वृद्धि को मुख्यमंत्री की एतिहासिक मंजूरी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेराई सत्र 2025-26 के लिए उत्तराखण्ड राज्य की चीनी मिलों द्वारा क्रय किए जाने वाले गन्ने के राज्य परामर्शित मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

सीएम ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार का लक्ष्य किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण को गति देना है और यह सुनिश्चित करना है कि गन्ना किसानों को उनकी उपज का पूर्ण और उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो। इसी उद्देश्य के तहत वर्ष 2024ख्25 की तुलना में इस वर्ष गन्ना मूल्य में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है।गत पेराई सत्र 2024ख्25 में अगेती प्रजाति का राज्य परामर्शित मूल्य 375 प्रति कुंतल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 365 प्रति कुंतल निर्धारित था। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि नए पेराई सत्र 2025ख्26 के लिए इन मूल्यों में वृद्धि करते हुए अगेती प्रजाति का मूल्य 405 प्रति कुंतल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 395 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।मुख्यमंत्री धामी ने यह भी कहा कि मूल्य निर्धारण की संपूर्ण प्रक्रिया में सहकारी, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की चीनी मिलों, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, किसान संगठनों तथा संबंधित हितधारकों के साथ विमर्श किया गया। इसके साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित एफ. आर.पी., उत्तर प्रदेश में प्रभावी गन्ना मूल्य तथा राज्य की भौगोलिक एवं कृषि परिस्थितियों का समुचित विश्लेषण कर संतुलित निर्णय लिया गया है।धामी ने कहा कि 'राज्य सरकार प्रत्येक निर्णय में किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। गन्ना किसानों की आय बढ़ाना, उनकी उपज का उचित सम्मान सुनिश्चित करना तथा उन्हें सुविधाजनक, पारदर्शी और समयबद्ध भुगतान उपलब्ध कराना राज्य सरकार का दायित्व है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि क्रय केंद्रों पर किसी प्रकार की असुविधा न हो और भुगतान बिना देरी के सुनिश्चित किया जाए। 'मुख्यमंत्री ने कहा कि पेराई सत्र 2025ख्26 के लिए घोषित यह बढ़ा हुआ मूल्य न केवल गन्ना किसानों को राहत देगा, बल्कि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा तथा गन्ना उत्पादन को प्रोत्साहन देने में सहायक सिद्ध होगा।

# 13 साल से छोटे बच्चों की गुमशुदगी की जांच करेगी एएचटीयू :आईजी

**शाह टाइम्स संवाददता**

**देहरादून।**गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ने शनिवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय में एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के कार्यों की समीक्षा करते हुए कड़े निर्देश जारी किए हैं। सातों जनपदों के एएचटीयू नोडल अफसरों और प्रभारियों के साथ हुई इस बैठक में आईजी ने स्पष्ट आदेश दिया कि अब 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज होते ही जांच तत्काल प्रभाव से एएचटीयू को सौंपी जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान आईजी ने मानव तस्करी और बच्चों के शोषण को रोकने के लिए कई अहम फैसले लिए। उन्होंने निर्देश दिए कि भिक्षावृत्ति में लिप्त ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाए जो नाबालिग बच्चों को अपना बताकर भीख मंग. वाते हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन बच्चों का शोषण न हो। साथ ही, मानव तस्करी में संलिप्त अपराधियों का एक व्यापक डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें सीमावर्ती राज्यों के तस्करों का ब्यौरा भी शामिल किया जाएगा।

### बाहरी राज्यों में शादी के नाम पर शोषण पर नजर

आईजी ने उन शिकायतों को गंभीरता से लिया है जिसमें बाहरी प्रदेशों के लोग स्थानीय युवतियों को शादी का प्रलोभन देकर ले जाते हैं। ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर निगरानी रखने को कहा गया है ताकि युवतियों का शोषण रोका जा सके। इसके अलावा, आपदा में अनाथ हुए बच्चों का भी अलग से डेटाबेस बनेगा और प्रशासन के साथ मिलकर उनकी देखभाल सुनिश्चित की जाएगी।

# रक्षा मंत्री के मार्गदर्शन से सैनिकों के कल्याण कार्यों में मजबूती : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को मसूरी स्थित पोलो ग्राउंड पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नई दिल्ली के लिए शुभकामनाओं सहित विदा किया। ज्ञात हो कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मसूरी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के बाद वापस दिल्ली लौटे।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि होने के साथ-साथ श्वीरभूमिश भी है और यहां के जवानों ने हमेशा देश की सेवा में अदम्य साहस और पराक्रम दिखाया है।



सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन से देश की रक्षा व्यवस्था और सैनिकों के कल्याण कार्यों में निरंतर मजबूती आई है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी रक्षा मंत्री का सहयोग उत्तराखण्ड को विशेष रूप से सैनिक कल्याण के क्षेत्र में मिलता रहेगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, मोहन पेटवाल, सतीश ढौंडियाल, अरविंद सेमवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# हजारों वकीलों ने घेरा घंटाघर, सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**देहरादून।** नई कोर्ट परिसर में चौंबर निर्माण एवं अन्य अपनी लंबित मांगों को लेकर पिछले 18 दिनों से आंदोलनरत देहरादून बार एसोसिएशन का धैर्य शनिवार को जवाब दे गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल एवं सचिव राजवीर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा और हजारों की संख्या में वकीलों ने कचहरी परिसर से ऐतिहा. सिक घंटाघर चौक तक विशाल रैली निकालकर राज्य सरकार के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया। नए चौंबर निर्माण को लेकर सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं के चलते अब सड़कों पर भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा यही नहीं कोर्ट में पिछले पखवाड़े से अधिवक्ताओं के नो वर्क के चलते आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनके सरकारी कामकाजों में देरी उत्पन्न हो रही है।

# शहर काजी की नियुक्ति पर संग्राम

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी देहरादून में शहर कघजी मौलाना मोहम्मद अहमद कघसमी के निधन के बाद इस पद पर की गई नई नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विगत दिवस मुफ्ती हशीम कघसमी को शहर कघजी नियुक्त किए जाने के तुरंत बाद उत्तराखंड वकघ्फ बोर्ड ने इस पर आपत्ति जताते हुए औपचारिक नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में समिति को शहर कघजी की नियुक्ति करने का अधिकार नहीं हैं, और यह नियुक्ति नियमों के विपरीत प्रतीत होती है।वकघ्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की और से जारी कार्यकाल आदेश में कहा गया है कि,वक्फ मस्जिद पलटन बाजार एवं वक्फ ईदगाह की प्रबंधन समिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है।

अध्यक्ष ने त्याग पत्र दे दिया है और सचिव का निधन हो चुका है इसलिए मौजूदा समिति पूर्ण अधिकारिक स्थिति में नहीं है।बोर्ड ने पूछा है कि क्या बिना पूर्ण अधिकार और बोर्ड की स्वीकृति के शहर काजी की नियुक्ति की जा सकती है? अधिनियम के अनुसार किसी भी प्रबंध समिति को शहर काजी नियुक्त करने का अधिकार नहीं है। नोटिस के अनुसार नियुक्ति को तत्काल निरस्त करने की कार्यवाही करते हुए बोर्ड को अवगत कराने को कहा गया है, वहीं समिति के उपाध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड के पत्र का कानूनी पहलू से अध्ययन किया जा रहा, कानूनी पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

## शहर में विरोध और असंतोष की लहर

देहरादून। शहर में इस नियुक्ति को लेकर लगातार विरोध के स्वर उभर रहे हैं। कई धार्मिक, सामाजिक और स्थानीय संगठनों ने प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। लोग कह रहे हैं कि इतने महत्वपूर्ण धार्मिक पद पर नियुक्ति 'रायशुमारी' और 'सर्वसम्मति' के बिना कैसे कर दी गई? कुछ का कहना है कि यह नियुक्ति "गुपचुप तरीके" से हुई है, जिसमें समुदाय का विश्वास शामिल नहीं था। वहीं दूसरी ओर समर्थकों का कहना है कि यह नियुक्ति आवश्यक थी और देरी से धार्मिक मामलों में भ्रम पैदा हो रहा था।

## अब आगे क्या?

वक्फ बोर्ड की ओर से आगे कठोर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। समिति भी कानूनी मोर्चे पर उतरने की तैयारी कर रही है। शहर में धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। देहरादून में शहर कघजी की नियुक्ति जितनी शांत प्रक्रिया होनी चाहिए थी, उतनी ही विवादित बन चुकी है। आने वाले दिनों में यह मामला और गरमाएगा या समाधान की ओर बढ़ेगाख्यह बोर्ड और समिति के बीच होने वाले अगले फैसलों पर निर्भर करेगा।

# मां की ममता हुई शर्मसार नवजात का सिर मिलने से क्षेत्र में हड़कंप

**थराली।**विकास खंड देवाल में एक नवजात का सर मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई हैं। पुलिस ने नवजात के सर को कब्जे में ले कर डीएनए सैम्पलिंग के लिए अपने कब्जे में ले लिया हैं। चमोली के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को थराली-देवाल-वांण मोटर सड़क के किनारे विकासखंड देवाल के अंतर्गत हाट कल्याणी गांव के पास छप्परों नामक स्थान के पास एक एक बच्चे का सर गांव के ग्रामीणों को दिखाई दी जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई, कुछ ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर एसएसआई संजय नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और नवजात शिशु के सिर को कब्जे में ले लिया,और मामले में स्थानीय लोगो से जानकारी जुटाई जा रही है ।

# मैक्स हॉस्पिटल ने की दिल में छेद वाले मरीज की रेयर कार्डियक सर्जरी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून:** मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून ने ट्रांस-एक्सिलरी मिनिमली इनवे. सिव एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट क्लोजर को सफलतापूर्वक करके एक बड़ी कामयाबी हासिल की है।यह दिल की मुश्किल बीमारियों के लिए एक खास हार्ट सर्जरी तकनीक है। यह प्रोसीजर एक 32 साल के पुरुष मरीज पर बांह के नीचे एक छोटा सा चीरा लगाकर किया गया, पुरानी प्रकार की हार्ट सर्जरी की तुलना में यह अधिक सुरक्षित, जल्दी होने वाला और अधिक भरोसेमंद विकल्प है।



मरीज, रूपेंद्र चौहान, जन्म से ही हार्ट डिफेक्ट के साथ जी रहे थे, उन्हें बचपन या शुरुआती जवानी में कभी भी दिल से जुड़े कोई लक्षण महसूस नहीं हुए। इसी साल उन्हें रोजाना के कामों के दौरान सांस लेने में हल्की दिक्कत महसूस होने लगी। परेशान होकर, वह मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून गए, जहाँ कार्डियक सर्जरी , वैस्कुलर सर्जरी, कार्डियोलॉजी के विजिटिंग कंसल्टेंट डॉ. रवि कुमार सिंह की कार्डियक टीम ने डिटेल में जांच की। जांच में पता चला कि एक बड़ा एएसडी

है जिसमें एन्यूरिज्मल सेप्टल टिशू है ख्र यह दिल की दीवार में एक बड़ा छेद होता है जो दो ऊपरी चौंबर को अलग करता है, साथ ही उस दीवार का एक कमजोर और उभरा हुआ हिस्सा भी है।

केस के बारे में बात करते हुए, डॉ. रवि कुमार सिंह ने कहा, "पूरी तरह से जांच के बाद, हमने मिनिमली इनवेसिव ट्रांस-एक्सिलरी तरीका चुना, यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें पारंपरिक स्टर्नोटॉमी (छाती की हड्डी को खोलना) से बचा जाता है। यह तरीका हाथ के नीचे छिपे एक छोटे चीरे का इस्तेमाल करके कॉस्मेटिक और रिकवरी के लिए जरूरी फायदे देता है, जिससे कम दर्द होता है, खून की कमी कम होती है, और रोज के कामों में जल्दी वापसी होती है।"

हालांकि एएसडी खुद में कोई आम बात नहीं है, लेकिन ट्रांस-एक्सिलरी मिनिमली इनवेसिव तरीके से इसे बंद करना अभी भी काफी कम है और इसके लिए एडवांस्ड एक्सपर्टाइज की जरूरत होती है। मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून, लेटेस्ट कार्डियक केयर तक पहुँच बढ़ाना जारी रखे हुए है, जिससे मरीजों को दुनिया भर में बेंचमार्क की गई सर्जिकल तकनीकों और तेजी से ठीक होने का फायदा मिल सके।

# अवैध हथियार बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## पांच तस्कर गिरफ्तार, तीन पिस्टल, तीन तमंचे और 166 कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दनकौर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के पांच शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तीन पिस्टल, तीन तमंचे और 166 कारतूस बरामद किए गए हैं।

बरामद हथियारों में तीन .32 बोर की पिस्टल, तीन .315 बोर के तमंचे, .32 बोर के 160 कारतूस और .315 बोर के 6 कारतूस शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने 50 हजार रुपये नकद, एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो और एक बलेनो गाड़ी भी जब्त की है। यह गिरोह नोएडा, ग्रेटर नोएडा और हरियाणा में अवैध हथियारों की आपूर्ति करता था।



दनकौर पुलिस को सूचना मिली थी कि हथियार तस्कर गिरोह के सदस्य थाना क्षेत्र में असलाह और कारतूसों की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने जेपी प्रोजेक्ट के पास एक सुनसान जगह पर छापेमारी की। वहां से पुलिस ने एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो और एक बलेनो कार से पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

**बंटू से असलाह और कारत.ूस खरीदते थे:** गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दादरी निवासी गजेंद्र, कासना निवासी सुमित, नॉलेज पार्क निवासी सागर, दनकौर निवासी हर्ष सिंगल और थाना कासना निवासी निखिल भाटी के रूप में हुई है।

डीसीपी साद मिया खान ने बताया कि ये लोग मथुरा में जय गुरुदेव मंदिर के पीछे रहने वाले बंटू से असलाह और कारतूस खरीदते थे। बंटू महाकाली आर्म्स एंड एमूलेशन की दुकान, जो मंडी चौराहा मथुरा में है, वहां से कारतूस उपलब्ध कराता था। आरोपी कम दामों में हथियार खरीदकर अधिक दामों में बेचकर मुनाफा कमाते थे और अपनी मौज-मस्ती व शौक पूरे करते थे।

**सदस्यों को भी हथियार मुहैया कराता था:** पुलिस के अनुसार, यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों और अन्य गिरोह के सदस्यों को भी हथियार मुहैया कराता था, जिसके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। फिलहाल, इस गिरोह के कई सदस्य फरार चल रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है।

# दिल की बीमारी से जूझ रहे तीन नवजात को मिला नवजीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में तीन नवजात शिशुओं के हार्ट की सफल सर्जरी कर डाक्टरों ने उन्हें नया जीवन दिया है। तीनों की उम्र एक महीने से कम और वजन तीन किलोग्राम से भी कम था। हालांकि नवजात प्री-मैच्योर नहीं थे, लेकिन गंभीर स्थिति में इलाज के लिए आए थे। चाइल्ड पीजीआई के डॉक्टरों ने सर्जरी के बाद एक-एक सप्ताह तक तीनों को भर्ती रखा। स्थिति में सुधार होने के बाद उन्हें सकुशल घर भेज दिया गया है।

पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमावत ने बताया, बच्चों के जन्म से ही उन्हें हार्ट की समस्या थी और तुरंत हार्ट सर्जरी की जरूरत थी। कार्डियोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने जांच के बाद सर्जरी करने की तैयारी की। विशेषज्ञों के मुताबिक इन शिशुओं की जीवित रहने की संभावना मात्र 60-70 प्रतिशत ही थी। डॉ. मुकेश ने बताया कि बच्चों की सर्जरी में एनेस्थीसिया विभाग का भी बहुत सहयोग रहा है।

**पांच किलोग्राम से अधिक वजन पर सफल होती है सर्जरी:** डॉ. मुकेश कुमावत ने बताया कि तीनों नवजात की बीमारी बहुत गंभीर थी लेकिन दुर्लभ नहीं थीं। सर्जरी में रिस्क बहुत था क्योंकि तीनों का वजन और उम्र बहुत कम था। आमतौर पर ऐसे बच्चों की सर्जरी उनके चार महीने से एक वर्ष की आयु या उनका वनज कम से कम पांच किलोग्राम से अधिक होने पर ही की जाती है। कम वजन और कम उम्र में सर्जरी का जोखिम अधिक होता है।

**तीनों नवजात को यह थी बीमारी:** पहले नवजात में- हार्ट से निकलने वाली खून की धमनी में सिकुड़न थी। इससे शरीर के निचले भाग को खून की सप्लाई सही से नहीं मिल रही थी। इस वजह से बच्चे के हार्ट पर दबाव अधिक पड़ रहा था और शरीर का विकास नहीं हो रहा था।

दूसरे नवजात में - फेफड़े से शुद्ध खून एक नली के जरिए बायें हार्ट में आना चाहिए था लेकिन वह दायें हार्ट में चला जाता था। बच्चा बुखार और निमोनिया के साथ आया था। इसकी सर्जरी में रिस्क बहुत ज्यादा था।

तीसरे नवजात में - इसका सिंगल वेंट्रिकल हार्ट था और फेफड़ों में अधिक मात्रा में खून की सप्लाई हो रही थी जिसे कंट्रोल किया गया है, ताकि फेफड़े में ज्यादा खून न जाए। बच्चे की ग्रोथ होने के बाद छह महीने बाद दूसरी सर्जरी की जाएगी।

## जिले में डेंगू के दो और मरीजों की पुष्टि

**नोएडा।** जिले में शनिवार को डेंगू के दो नए मरीजों की पुष्टि हुई। एक मरीज अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। इसी के साथ जिले में कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 675 हो गई। इस मौसम में डेंगू पीड़ित दो रोगियों की मृत्यु हो चुकी है। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि जिन स्थानों पर डेंगू के मरीज मिले हैं, वहां पर दवा का छिड़काव कराया गया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को डेंगू के दो नए रोगी मिले थे। वहीं गुरुवार को तीन रोगियों में डेंगू की पुष्टि हुई थी। बुधवार को डेंगू के दो रोगी मिले थे। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों से खुद को बचाएं। इसके लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनने और मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।

# ऐप के जरिये गांजा की तस्करी करने वाले तीन दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने ऐप के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर में गांजे की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना और उसके दो साथियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 10 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता का गांजा बरामद हुआ। सरगना का आपराधिक इतिहास है। वह पूर्व में भी जेल जा चुका है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि बीते दिनों एसीपी तृतीय ट्विकंल जैन को इनपुट मिला था कि शहर के कई हिस्सों में ऑनलाइन गांजे की आपूर्ति की जा रही है। ऐप के माध्यम से बुकिंग कर कुछ ग्राहक गांजा खरीद रहे हैं। इसके बाद एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल की अगुवाई में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम बनाई गई।



गिरोह के सदस्य शनिवार को जब गांजे की तस्करी करने आए थे, तभी पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। तस्करों की पहचान कन्नौज निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह, बिहार के नालंदा निवासी सूरज उर्फ रुद्र और हरदोई निवासी शिवकेश के रूप में हुई है। तीनों वर्तमान में शहर के अलग-अलग हिस्सों में किराये का कमरा लेकर रह रहे हैं। योगेंद्र गिरोह का सरगना है।

आरोपियों से पास से जो गांजा बरामद हुआ है, वह ओजी, मैंगो और शिलांग किस्म का है। इस गांजे की गुणवत्ता उच्च किस्म की होती है। कीमत भी आम गांजे से पांच गुना ज्यादा होती है। गांजे को गिरोह का सरगना ओडिशा, आंध्रप्रदेश, नेपाल और शिलांग से मंगाता। सरगना पूर्व में एनडीपीएस ऐक्ट की धारा में जेल जा चुका है। बीते पांच सालों से वह गांजे की तस्करी करवा रहा है। इससे लाखों रुपये वह अबतक अर्जित कर चुका है। पुलिस को गिरोह में शामिल कुछ अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी मिली है। उनकी गिरफ्तारी के लिए भी एक टीम गठित की गई है।

## एक नजर

### सड़क हादसों में एक की मौत, एक घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। उसका इलाज चल रहा है। गाजियाबाद नेहरू नगर निवासी मानसी के पति मोहि. हत बाहर गए थे। वहां से 16 नवंबर की रात 11 बजे एनएच-9 पर दिल्ली की ओर जाने वाली लेन पर खड़े थे। अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर उनके पति को घायल कर दिया। पुलिस ने मोहित को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान मोहित की मौत हो गई। मानसी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जिला हरदोई के दलेननगर के रहने वाले रामसुधार सिंह ने पुलिस को बताया कि उनको बेटा सूरज नोएडा में नौकरी करता था। सूरज 24 नवंबर की सुबह ऑटो में बैठकर ड्यूटी जा रहा था। तेज गति होने के कारण ऑटो पलट गया। इससे सूरज सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूरज का दाहिना पैर टूट गया और सिर में भी चोटें आईं। रामसुधार ने सेक्टर-63 थाने में वाहन नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों मामलों में आरोपी चालकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दो कस्तूरबा स्कूलों में कबड्डी और खो-खो के मैदान बनेंगे

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर और दादरी के कस्तूरबा विद्यालयों में छात्राओं के लिए कबड्डी और खो-खो के मैदान बनाए जाएंगे, जिससे छात्राएं खेलकूद में भी अपने हुनर को बेहतर तरीके से निखार पाएंगी। जनपद में तीन दादरी, जेवर और दनकौर ब्लॉक में कस्तूरबा विद्यालय बने हुए हैं, जिनमें छात्राओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं को खेलकूद से भी जोड़ने का प्रयास बेसिक शिक्षा विभाग कर रहा है, जिसको देखते हुए कस्तूरबा विद्यालय दादरी में कबड्डी और दनकौर में खो-खो का मैदान छात्रों के लिए बनाए जाएंगे। कस्तूरबा विद्यालय के डीसी विनय ने बताया कि विद्यालय में कई छात्र ऐसी हैं, जिनकी रुचि कुश्ती और खो-खो में है।

इसे देखकर मैदान बनाने का निर्णय लिया है। शासन से अनुमति मिल गई है। दोनों मैदान बनाने में करीब पांच लाख रुपये का खर्चा आएगा। अब मैदान बनाने के लिए टेंडर निकाले गए हैं। बीएसए राहुल पंवार ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्राएं खेल में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसको देखते हुए खेल सुविधाएं विद्यालयों में विकसित हो रही है। वहीं, विद्यालय में और भी पढ़ाई से संबंधित सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### जयंत चौधरी ने दनकौर में स्टेडियम का शिलान्यास किया

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शनिवार शाम ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित किसान आदर्श इंटर कॉलेज में एक इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास किया। 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस स्टेडियम के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने भट्टा-पारसौल के किसानों पर दर्ज मामलों को लेकर भी बयान दिया।

पत्रकारों से बातचीत में जयंत चौधरी ने स्पष्ट किया कि भट्टा-पारसौल आंदोलन से जुड़े किसानों पर दर्ज मामले उनके कहने से नहीं, बल्कि कानूनी प्रक्रिया के तहत ही वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और देश के विकास के लिए बच्चों को स्कूल में खेल सिखाना आवश्यक है। दनकौर के आसपास एयरपोर्ट और यूनिवर्सिटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट बन रहे हैं, लेकिन यहां खेल सुविधाओं पर काम नहीं हुआ था। प्रबंधन समिति की मांग पर उन्होंने सांसद निधि से स्टेडियम निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये दिए। उन्होंने समिति से अपील की कि इसे एक धरोहर की तरह बनाया जाए, ताकि बच्चे बॉक्सिंग और बैडमिंटन जैसे खेलों में देश के लिए पदक जीत सकें। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने नोएडा में युवाओं के लिए सिंथेटिक ट्रैक बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा और लोकदल ने मिलकर किसानों और हर जाति के विकास के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री ने किसानों की पीड़ा समझते हुए गन्ने के मूल्य में वृद्धि की है। जयंत चौधरी ने कार्यकर्ताओं से जाति से ऊपर उठकर हर मतदाता तक पहुंचने और उनकी समस्याओं को समझने का आग्रह किया। उन्होंने जोर दिया कि आज का युवा जाति के नाम पर नहीं, बल्कि विकास पर मतदान करता है। उन्होंने अपने संबोधन में किसानों की समस्याओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में ओलंपिक पदक विजेता बॉक्सर विजेंद्र पहलवान, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, बिजनौर सांसद चंदन चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत दौला, मलूक नागर, जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी, नरपत सिंह, सुल्तान नागर, राजे प्रधान नवादा, संजय भैया, दीपक सिंह, सोरन प्रधान और रूपेश वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## 100 रुपये की अतिरिक्त वसूली को निरस्त करने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक इकोविलेज-1 में एओए सदस्यता के निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त हो रही 100रूपये की वसूली पर विवाद थम गया है। मामले में सोसायटी के लोगों ने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया था। जिसके बाद चुनाव अधिकारी ने इसे निरस्त करने का आदेश जारी किया है। आदेश जारी होने के बाद निवासियों में खुशी है लेकिन वसूली का आदेश देने वाले अधिकारी के प्रति नाराजगी भी है। निवासियों ने मांग की है कि जिस चुनाव अधिकारी ने नियमों से इतर वसूली का आदेश दिया था उसे अविलंब चुनाव अधिकारी के पद से हटाया जाए।

सुपरटेक इकोविलेज-1 में एओए चुनाव से पूर्व सोसाइटी के सभी निवा. सियों को ।व। का सदस्य बनाने की प्रक्रिया चल रही है। चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की गई थी। चुनाव अधिकारी द्वारा बनाए इलेक्शन कमिटी के कुछ सदस्य यूपी अपार्टमेंट एक्ट और मॉडल बाई लॉज में निर्धारित सदस्यता शुल्क के अतिरिक्त 100 रूपये ले रहे थे। सोसाइटी निवा. सियों द्वारा इस अतिरिक्त शुल्क लिए जाने पर आपत्ति जताई गई थी तो इलेक्शन कमिटी के सदस्यों ने कहा कि यह चुनाव अधिकारी आशीष मौर्या के निर्देश पर लिया जा रहा है। अतिरिक्त 100रूपये की वसूली और चुनाव अधिकारी के अनुसाशनहीनता और भ्रस्टाचार की शिकायत लेकर सोसाइटी से श्याम गुप्ता, चितरंजन, आदित्य, उमेश शर्मा, जी एस वर्मा, विजय चौहान, मनीष समेत कई निवासी पिछले हफ्ते डिप्टी रजिस्ट्रार वैभव कुमार से मिले थे।

# नोएडा पुलिस मिशन सहयोग के तहत लौटाए 101 फोन

**सर्विलांस और ईएमआई नम्बर को ट्रैक कर मिली लोकेशन, वापस पाकर हो गए खुश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस बोल रही है ,जो फोन आप यूज कर रहे है उसका असल मालिक कोई और है। इसे वापस लौटा दीजिए। इस तरह से बात करके मिशन सहयोग के तहत 101 मोबाइल नोएडा वासियों को उनके सुपुर्द किए गए।

ये मोबाइल सिर्फ दिल्ली एनसीआर नहीं बल्कि राजस्थान, गुजरात, हरियाणा से रिकवर किए गए। हालांकि लोगों ने काफी सपोर्ट किया और फोन नोएडा भेजे। इनमें से कुछ ऐसे भी थे, जो मान नहीं रहे थे। उनको लीगल एक्शन का डर भी दिखाया गया। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इस तरह से करके करीब 101 मोबाइल रिकवर किए गए। इन मोबाइल को उनके रियल आर्नर को दिया गया।



**कैसे रिकवर किए गए मोबाइल:** डीसीपी ने बताया कि सबसे पहले गुमशुदा हुए या चोरी की शिकायतों को निकलवाया गया। उनके फोन के ईएमआई नंबर को ट्रैक किया गया।

जिसमें से करीब 101 लोगों के फोन अलग-अलग स्थानों पर चलते पाए गए। डेटा बेस के जरिए मोबाइल में चल रहे नंबर को निकाला गया। उनको आपसी सहयोग मिशन के तहत फोन किया गया और फोन रिकवर किए गए।

**पिछली बार 100 मोबाइल किए वापस:** पिछली बार 100 मोबाइल फोन इसी मिशन सहयोग के तहत लोगों को वापस दिलाए गए गए थे।

डीसीपी ने बताया कि ये अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि ये मोबाइल भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो, बसों, सुबह-शाम टहलते समय मोबाइल गिर जाते थे या कहीं छूट जाते थे। जिनके संबंध में सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थानों में गुमशुदगी दर्ज थी।

# जिलाधिकारी ने बीएलओ बूथ पहुंचकर किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 29 एवं 30 नवंबर को जनपद के प्रत्येक बूथ पर व्यापक "विशेष महाअभियान" संचालित किया जा रहा है। इस महत्त्वपूर्ण अभियान में सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथ पर राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ बैठक कर ऐसे मतदाताओं की जानकारी साझा कर रहे हैं, जिनके नाम तो मतदाता सूची में दर्ज हैं, परंतु उनके पते भौतिक रूप से नही मिल पा रहे हैं। बैठक के दौरान बीएलओ द्वारा सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों से संवाद स्थापित करते हुए यह आग्रह किया गया कि आप सभी ऐसे मतदाताओं को खोजने में सहयोग दें, जिससे आयोग की मंशा के अनुरूप शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। हमारा सामूहिक उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में दर्ज होने से वंचित न रह जाए। ऐसे मतदाता जिनके नाम मतदाता सूची में तो लेकिन ट्रेस नही हो पा रहे, उनके नाम सम्बंधित क्षेत्रों मे पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से अलाउसमेंट भी कराये गये।



जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलेसरा एवं गजेंद्र विहार कम्युनिटी सेंटर, ग्रेटर नोएडा में पहुंचकर शिविरों का निरीक्षण किया।

जनपद गौतम बुद्ध नगर में मतदाता सूची को शत प्रतिशत शुद्ध एवं अद्यतन बनाने, तथा प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा राजनीतिक दलों के सक्रिय सहयोग के साथ 29 एवं 30 नवंबर (शनिवार एवं रविवार) को जनपद के सभी मतदान बूथों पर विशेष महाअभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 29 नवंबर, शनिवार को जनपद के सभी बूथों पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत व्यापक विशेष महाअभियान चलाया गया। इस दौरान स्थल पर उपस्थित मतदान कर्मियों द्वारा मतदाताओं से गणना प्रपत्र, प्रपत्र 8 व 6 प्राप्त किए गए। नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फॉर्म-6, तथा शिफ्टेड अथवा पता परिवर्तन वाले मतदाताओं हेतु फॉर्म-8 भरवाए गए। बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) द्वारा अपने-अपने बूथों पर उपस्थित बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) को उन मतदाताओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, परंतु उनका पता नहीं मिल पा रहा है। राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के सहयोग से ऐसे मतदाताओं को खोजकर उन्हें गणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं और प्राप्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलेसरा एवं गजेंद्र विहार कम्युनिटी सेंटर, हाईराइस सोसायटी ग्रेटर नोएडा में पहुंचकर शिविरों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों से संवाद कर पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में है, परंतु वे स्थल पर नहीं मिल रहे हैं, उन्हें खोजने में बीएलए का पूरा सहयोग लिया जाए।

## यमुना प्राधिकरण के खिलाफ किसानों की महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रबपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा कट पर भारतीय किसान यूनियन महासभा ने एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया। यह महापंचायत यमुना प्राधिकरण से जुड़े लंबित किसान मुद्दों के समाधान न होने के विरोध में बुलाई गई थी। किसानों में इस बात को लेकर रोष था कि 12 नवंबर की पिछली महापंचायत के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी के नेतृत्व में हजारों किसान और सैकड़ों वाहनों का काफिला महापंचायत में पहुंचा।

मंच से संबोधित करते हुए गीता भाटी ने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसानों का धैर्य अब समाप्त हो चुका है और यदि यमुना प्राधिकरण से जुड़े सभी मुद्दों पर तत्काल और लिखित समाधान नहीं दिया गया, तो आंदोलन आर-पार का रूप लेगा। भाटी ने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी रणनीति सभी किसान संगठनों के साथ मिलकर तैयार की जाएगी और संघर्ष पूरी तरह कानूनी व शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। महापंचायत के दौरान शनिवार शाम को प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि 16 दिसंबर को शासन स्तर पर एक औपचारिक वार्ता आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल होंगे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि यदि इस वार्ता में सहमति नहीं बनती है, तो 21 दिसंबर को फलैदा कट पर पुनः महापंचायत की जाएगी। किसानों ने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि वे अब पीछे नहीं हटेंगे और समाधान ही उनका अंतिम लक्ष्य है।

## स्कूल और निवासी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**नोएडा।** सेक्टर-41 में गली से स्कूल बस निकालने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के विवाद में स्कूल प्रबंधन और दूसरे पक्ष ने कोतवाली सेक्टर-39 में प्राथमिकी दर्ज कराई है। नोएडा सेक्टर-41 निवासी डॉ. दीपक राय ने शिकायत की है कि घर के पास गली छोटी होने के बाद भी श्री चौतन्य टेक्नो स्कूल की बस निकलती है। तेज रफ्तार से बस निकलने से हादसे की आशंका रहती है। आरोप है कि बस से कार भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। 26 नवंबर को बस चालक ने उनके घर के सामने नुकसान पहुंचाया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। स्कूल प्रधानाचार्य ऋतु श्रीवास्तव ने शिकायत की है कि 26 नवंबर को गली से स्कूल बस निकलने के दौरान डॉ. दीपक ने विरोध जताया। सड़क पर लेटकर बस का मार्ग अवरूद्ध किया। इसका विरोध करने पर स्कूलकर्मी से अभद्रता की।

# ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट तोड़कर दिए नए हेलमेट

**रोटरी क्लब के साथ मिलकर चलाया विशेष अभियान, लोगों को बांटे गए हेलमेट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर ट्रैफिक पुलिस और रोटरी क्लब ने मिलकर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को नए हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही, खराब गुणवत्ता वाले हेलमेट पहने लोगों को उनके हेलमेट तोड़कर सुरक्षा का महत्व समझाया गया। अभियान के तहत, जिन लोगों ने चालान से बचने के लिए स्थानीय या घटिया हेलमेट पहने थे, पुलिस ने उन्हें बताया कि ऐसे हेलमेट जान नहीं बचा सकते। पुलिस ने उनके पुराने हेलमेट तोड़कर उन्हें कंपनी के अच्छे हेलमेट उपलब्ध कराए। रैपिडो और अन्य बाइक सवारों को भी आम लोगों को अच्छे हेलमेट उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया।



डीसीपी यातायात प्रवीण रंजन ने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उनसे बात की और हेलमेट वितरित किए। उन्होंने चालकों को संबोधित करते हुए कहा, ये हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं हैं, बल्कि ये आपकी सुरक्षा और जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनका इस्तेमाल सुनिश्चित करें ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में गंभीर चोट से बचा जा सके।

इस पहल के दौरान, यातायात पुलिस कर्मियों ने उन दोपहिया वाहन चालकों को भी रोका जो खराब गुणवत्ता वाले या टूटे हुए हेलमेट पहने हुए थे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें सुरक्षित हेलमेट की सही गुणवत्ता और मानक समझाए। पुराने हेलमेट को तोड़कर यह प्रदर्शित किया गया कि वे कितनी आसानी से टूट जाते हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत नए, उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट वितरित किए गए। यह कदम सड़क सुरक्षा में हेलमेट की गुणवत्ता के महत्व को समझाने के लिए उठाया गया। अभियान में एसीपी ट्रैफिक राकेश प्रताप, टीआई अमर सिंह और रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर नोएडा के कई सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर वाहन चालकों को गति सीमा का पालन, सही लेन में ड्राइविंग और मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे यातायात सुरक्षा नियमों के महत्व के बारे में जागरूक किया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अब इस मामले में युवक की पत्नी ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक कोट गांव के रहने वाले राहुल शर्मा की 14 नवंबर को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। राहुल शर्मा की पत्नी वर्षा देवी ने बताया कि घटना के दिन उनके पति दादरी से बाइक पर सवार होकर घर आ रहे थे। गांव के समीप सीएनजी पंप के सामने नेशनल हाईवे पर बेकाबू ट्रक ने राहुल की बाइक में टक्कर मार दी थी।

हादसे में राहुल की घटनास्थल पर मौत हो गई थी। अब इस मामले में वर्षा ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सड़क हादसे में एक और नौजवान की हुई मौत

## हादसे के बाद ट्रक और बस चालक वाहन सहित मौके से हो गए फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मटकोटा- जयनगर-दिनेशपुर मार्ग पर हो रहे सड़क हादसों ने रुद्रपुर के एक और नौजवान को लील लिया। जगतपुरा वार्ड 05 निवासी शंकर मंडल पुत्र प्रफुल्ल मंडल फ्लैक्स डिजायनिंग का कार्य करता था। ट्रक और बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गये। घटना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने गहरा शोक प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।





जानकारी के मुताबिक रुद्रपुर के जगतपुरा निवासी शंकर मंडल एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। शुक्रवार को ससुराल में अपनी पत्नी व दो बच्चों को छोड़कर नजदीक चंडीपुर स्थित ममेरे साले के शादी वाले घर मेंजा रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह अपनी बाइक से गदरपुर-मटकोटा मार्ग पर पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शंकर बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और इससे पहले कि वह संभल पाता, पीछे से तेज गति से आ रही बस ने उसे बुरी तरह कुचल दिया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि शंकर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद ट्रक और बस चालक दोनों ही अपने वाहनों समेत मौके से फरार हो गए।

लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज जयनगर मनोज देव ने बताया कि ट्रक और बस की वजह से सड़क हादसे की बात सामने आ रही है। बस का नंबर लोगों के मोबाइल से फोटो खींचे जाने पर आ गया है। बाकी सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी पोस्टमार्टम पहुंच गये और घटना पर गहरा शोक प्रकट करते हुये परिजनों का ढांढस बंधाया और उन्हे हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया।

वहीं आज शनिवार प्रात: समाजसेवी सुशील गाबा रुद्रपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक के परिजनों को सांतत्वना दी तथा पोस्टमार्टम में हो रही अनावश्यक देरी पर भी नाराजगी जताई। समाजसेवी गाबा ने कहा कि मटकोटा जयनगर-दिनेशपुर मार्ग पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं ने अनेकों जिंदगियों को लील लिया है। इस सड़क का वर्तमान में निर्माण हो रहा है। शासन-प्रशासन को इस सड़क के निर्माण को उच्च गुणवत्ता के साथ ही सड़क की चौड़ाई को बढ़ाकर करना चाहिये, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लग सके।

## शिक्षक के खेत में लगे दो सौ पौधे चोरी कर ले गए अज्ञात

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** नगर से सटे हाइवे पर स्थित शिक्षक के खेत में घ्लगे यूकेलिप्टस के 200 से अधिक पौधों को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया है। जिसकी शिकायत शिक्षक द्वारा पुलिस से की गई है।

**शिक्षक ने पुलिस से की खेत से पौधे चोरी कर ले जाने की शिकायत**

शनिवार को नगर के वार्ड नंबर 6 निवासी शिक्षक सुनील कुमार ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया है कि उनकी नगर से सटे हाईवे के पास खेती की जमीन है जिस पर उनके द्वारा 360 यूकेलिप्टस के पौधे लगाए गए थे।

सुबह 7:30 बजे जब वह अपने पौधों की देखरेख करने खेत पर गए तो किसी अज्ञात द्वारा खेत में लगे पौधों में से 200 से अधिक पौधे चोरी कर लिए हैं।

शिक्षक ने पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी है।

## एक नजर

### पीड़ित की तहरीर पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** कोतवाली खटीमा में अज्ञात के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया। ग्राम झनकट खटीमा निवासी राशिद हुसैन पुत्र ताजुद्दीन ने कोतवाली खटीमा में एक तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोर द्वारा उसके हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूके बीसी 9553 चोरी कर लिया गया है। वहीं उक्त तहरीर के आधार पर कोतवाली खटीमा में धारा 303(2), 317( बीएनएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

### नशा तस्कर को अवैध तमंचा व 122 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने भारी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

**बरेली के फैजल व कालाबूटा के छिन्दर व राजू से खरीदकर लाता हैं स्मैक**

शनिवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकिग के दौरान पुलिस ने ग्राम सिसईखेड़ा हाईवे पर स्थित भीम ढाबे के पास से एक व्यक्ति को शक होने पर रोकने का प्रयास किया तो पुलिस को देखकर व्यक्ति ने भागने के प्रयास किया तो पुलिस ने उसे हरिमन सीड्स मिल के पास से व्यक्ति को हाथ में पकड़े 315 वोर के अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पकड़े गये व्यक्ति की पेन्ट की जेब से मिली पन्नी में 122.99 ग्राम स्मैक बरामद हुई, तथा दो हजार चार सौ अस्सी रुपये की नगदी बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सुखविन्दर सिंह उर्फ सुक्खा पुत्र स्वरुप सिंह ग्राम खेमपुर नानकमत्ता का निवासी बताया हैं, जिसने बताया की वह स्मैक बहेडी बरेली के फैजल नाम के लड़के व कालाबूटा के छिन्दर सिंह तथा राजू जो दोनों भाई हैं से लाता है। तमंचा उसके भाई पलविंदर सिंह उर्फ पप्पू ने उसे दिया है वह भी स्मैक का काम करता हैं। वह स्मैक को नशेडियों को बेचता है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने नारकोटिक्स की धारा 8/21 व शस्त्र अधिनियम 3/25 के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पकड़ने वाली टीम में थाना अध्यक्ष उमेश कुमार, उपनिरीक्षक राजेन्द्र पंत, सिपाही प्रकाश आर्या, शुभम सैनी, नीराज नेगी, राज कुंवर, चालक रणवीर सिंह शामिल है।

### परिवहन विभाग ने वाहनों में लगाए रिफ्लेक्टिव टेप

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सर्दी में कोहरे से निपटने के लिए परिवहन विभाग द्वारा रुद्रपुर किच्छा एवं काशीपुर क्षेत्र में गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली व भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप और लाल लाइट लगवाया गया तथा वाहन चालकों को कोहरे में सुरक्षित संचालन हेतु आवश्यक जानकारियां दी। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बसों के शीशे भी दुरुस्त किए जा रहे हैं। अगले महीने दिसंबर में ठंड बढ़ने की संभावना है, इसलिए परिवहन अधिकारियों ने यात्री वाहन एवं कमर्शियल वाहनों में में पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मुकुल अग्रवाल, परिवहन कर अधिकारी, रमेश सुनेजा, परिवहन कर अधिकारी व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।



### झोपड़ी में आग लगने से गाय एवं बछड़े की जलकर हुई मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** शुक्रवार की मध्य रात्रि साढ़े बारह बजे ग्राम गोबरा में राजकुमार पुत्र राम प्रकाश की झोपड़ी में अज्ञात कारणो के चलते भीषण आग लग गई। वहीं आग की चपेट में आकर गाय और उसके बछड़े की मृत्यु हो गई। झोपड़ी में रखा घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया। आग लगने से पीड़ित परिवार को करीब एक लाख से ऊपर का नुकसान हुआ। इस दौरान अग्निकांड की सूचना पर नेता प्रतिपक्ष क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य के निर्देशानुसार निजी सचिव अभिषेक तिवारी मौके पहुंचे जहां उन्होंने अग्नि पीड़ित परिवारों का हाल-चाल जाना और मौके पर कानूनगो धनेश शर्मा से और लेखपाल वार्तालाप की और पशु चिकित्सा अधिकारी रोहित उपस्थित रहे। तत्काल आर्थिक मदद करने के लिए कहा सरकार से मांग है कि अग्नि पीड़ित परिवारों को अधिक से अधिक मुआवजा दिया जाए। वहीं इधर पूर्व ग्राम प्रधान गुरपेज सिंह भी पीड़ित परिवार से मिले। इस मौके पर ग्राम प्रधान पति सुरजीत सिंह, राजपूत, ऋषि भारत, रमेश आदि थे।

# एसएसबी डीआईजी डीबी सोनार ने सीमा चौकियों का किया निरीक्षण

- तस्करों, अपराधियों और असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के दिए निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सशस्त्र सीमा बल के सीमांत मुख्यालय रानीखेत के डीआईजी डीबी सोनार ने 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकियों मेलाघाट तथा उससे संबद्ध अन्य चौकियों का निरीक्षण किया।

डीआईजी के आगमन पर कार्यवाहक कमांडेंट मनोज कुमार ने सम्मानपूर्वक उनकी अगवानी की। इस दौरान उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करते हुए प्रचलन संबंधित तैयारियों, चुनौतियों, वर्तमान स्थिति, एसएसबी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न नागरिक कल्याण कार्यक्रम एवं जन जागरूकता अभियान नशा मुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व जल शक्ति अभियान की गहन समीक्षा की तथा इन कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक, प्रभावी और जनहितकारी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जवानों की सजगता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए उनकी सराहना तथा मार्गदर्शन किया। वहीं भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल द्वारा संचालित नाका ग्रस्त चेकिंग तथा ग्रामीण जंग गोष्ठियों की स्थिति का अवलोकन कर इन गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़, समन्वित और परिणामोन्मुख बनाने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती नागरिकों के साथ संवेदनशील एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के भी निर्देश दिए। वहीं उन्होंने जवानों से कहा कि अपराधियों, तस्करों और असामाजिक गतिविधियों पर कठोर निगरानी रखें। इस दौरान सहायक कमांडेंट सुरेंद्र सिंह, निरीक्षक मोहर सिंह एवं सशस्त्र सीमा बल के जवान उपस्थित रहे।

# खटीमा व्यापार मंडल चुनाव हेतु 300 वोट फर्जी होने की सूचना

- चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के मंसूबों पर फिर सकता है पानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** व्यापार मण्डल चुनाव की सरगर्मियों के बीच अचानक लगभग 300 वोटो के फर्जी होने की सूचना होने और व्यापार मंडल के पहले चुने हुए पदाधिकारी के पुन: चुनाव लड़ने को गलत ठहराते हुए किसी व्यापारी द्वारा आपत्ति दर्ज करने पर व्यापार मंडल का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के मंसूबों पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है।

आपको बता दें कि नगर पालिका चुनाव में व्यापार मंडल के पूर्व महामंत्री अमन अरोरा, कांग्रेस से भाजपा में आए रवीश भटनागर, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अरुण सक्सेना आदि व्यापारी चुनाव की तैयारी में अपने गोटी सेट करने में लगे हुए हैं। परंतु व्यापार मंडल का जीओ सार्वजनिक न होने से अटकलें लगाई जा रही है कि जो व्यापारी तीन बार चुनाव लड़ चुका है वह चुनाव नहीं लड़ सकता। जिनकी दुकान नहीं है और जिन्होंने सिर्फ जीएसटी नंबर के आधार पर अपना वोट बनवा लिया है वह व्यापार मंडल में वोट देने की हकदार नहीं है। साथ ही कुछ व्यापारियों के चुनाव लड़ने में उनकी उम्र बाधा बन सकती है। व्यापार मंडल चुनाव लड़ने वालों की एक निश्चित आयु सीमा तय होती है जिसके आधार पर चुनाव संपन्न होते हैं। ऐसे में पहले ही कुछ लोग चुनाव लड़ने में सरेंडर कर चुके हैं। वहीं व्यापारी की अधिक आयु, दो या दो से अधिक बार चुनाव लड़ने वाले व्यापारी या ऐसे व्यापारी नेता जो किन्हीं अपराधिक मामलों में सजा प्राप्त कर चुके हैं या कानून के दायरे में आते हैं ऐसे व्यापारी जो परजीवी व्यापारी के रूप में कार्य कर रहे हैं अर्थात जिनके परिवार को कोई व्यक्ति व्यापार कर रहा है और वह सिर्फ साथ में उनके साथ अपना व्यापार से जुड़ा हुआ दिखाते हैं। साथ ही ऐसे व्यापारी जो रहते तो बाहर है परंतु अपना व्यापार खटीमा दिखा रखा है क्या वह चुनाव लड़ने के योग्य है। इन सब अटकलों के बीच क्या किसी राजनीतिक पार्टी का पदाधिकारी व्यापार मंडल का चुनाव लड़ सकता है। इन सभी चिंताओं के बीच व्यापारियों में चर्चा है कि इस बार के व्यापार मंडल चुनाव व्यापार मंडल के द्वारा निर्धारित प्रदेश के जीओ के अंतर्गत कराए जाएं तो मुश्किल से व्यापार मंडल का चुनाव लड़ने वाले व्यापारी नेता सामने आएंगे। हर बार चुनाव में दमखम लगाने वालों का पत्ता पूरी तरह साफ हो सकता है। अधिकांश व्यापारियों का मानना है कि व्यापार मंडल चुनाव में ऐसे व्यक्ति को मौका मिले जो व्यापारियों के बीच रहता हो और किसी राजनीतिक दल का पिछलग्गू न हो।

# शांतिकुंज कालोनी में दिखाई दिया गुलदार, लोगों में दहशत

- वन विभाग से की गुलदार पकड़ने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** शुक्रवार की मध्य रात्रि शांतिकुंज कॉलोनी में गुलदार के दिखाई देने से हड़कंप मच गया। क्योंकि गुलदार का दिखना अब अब आम हो गया है। पिछले कुछ समय से गुलदार ने यहां अपना डेरा जमा रखा है।

यहां गुलदार लगातार कॉलोनी के कुत्तों को अपना शिकार बना रहा है। इसकी दहशत से लोगो में हड़कंप मच गया है।शांतिकुंज कॉलोनी बाजपुर के जीजी आईसी स्कूल के पास चीमा पेपर मिल के सामने है।



यहां पहले भी कई बार गुलदार देखा गया है। शांतिकुंज कॉलोनी निवासी नीतू सिंह और अंशुल गोयल ने बताया कि इस गुलदार से पूरे मोहल्ले में दहशत बनी हुई है। कई बार इसकी सूचना बन विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# ठंडा नाले के अतिक्रमण पर चली जेसीबी

- डीएम के निर्देश पर टीम ने शुरू किया अतिक्रमण हटाओ अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**गूलरभोज।** क्षेत्र के अपराधियों की शरणस्थली बना ठंडा नाला आज शनिवार को धामी सरकार के बुलडोजरों ने ध्वस्त कर दिया। दिनेशपुर गूलरभोज के बीच ठंडा नाला वो सरकारी जगह है जहां यूपी से आए लोगों ने अवैध कब्जा कर अपने मकान बना लिए। सिंचाई विभाग और वन विभाग की इस भूमि पर सौ से ज्यादा अतिक्रमण है जिनमें से आज करीब 30 कच्चे पक्के मकानों को उधम सिंह नगर प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस फोर्स लगा कर मिट्टी में मिला दिया।



डीएम नितिन भदौरिया के निर्देश पर एडीएम पंकज उपाध्याय, प्रशासनिक अधिकारी ऋचा सिंह के नेतृत्व में आज शनिवार तड़के ही अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू हुआ। प्रशासन ने यहां अवैध कब्जों पर एक माह पूर्व नोटिस जारी किया था और कब्जेदारों को सरकारी भूमि खाली करने का वक्त देते हुए मुनादी भी करवाई थी। बीते कल ही कुछ कब्जेदारों ने अपने अतिक्रमण हटाने और अपना सामान निकालना शुरू कर दिया था। आज करीब तीस भवनों को जमींदोज करते हुए प्रशासन की टीम लौट गई। शेष अन्य अतिक्रमण पर आगे कारवाई शुरू की जाएगी। बताते है कि ठंडा नाला वो आपराधिक शरण स्थली है जहां उत्तराखंड ही नहीं यूपी,पंजाब के अपराधी संकरी गलियों में बने मकानों में पुलिस से छुपते थे और पुलिस यहां छापा मारने के दौरान शरण देने वालों के हमलों का सामना करती थी। प्रशासनिक कारवाई से पूर्व एसएसपी मणि कांत मिश्रा ने भी क्षेत्र का ड्रोन सर्वे करवाया और पुलिस फोर्स को कई सेक्टर बना कर तैनात करवाया। सीएम पीएस धामी ने बीते कल ये बयान दिया था कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।लैंड जिहाद के खिलाफ सरकार का प्रहार जारी है और जारी रहेगा।

# अब नगर निगम उठाएगी पार्षदों के मोबाइल फोन बिल का खर्चा

- मेयर विकास शर्मा ने की घोषणा, पार्षदों ने किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** नगर निगम ने पार्षदों के हित में एक बड़ा निर्णय लेते हुए सभी पार्षदों के मोबाइल फोन का बिल अब निगम द्वारा वहन करने की घोषणा की है। यह सुविधा वर्तमान बोर्ड के पूरे कार्यकाल तक जारी रहेगी। मेयर विकास शर्मा की इस पहल का पार्षदों के साथ-साथ आम जनता ने भी स्वागत किया है।

मेयर विकास शर्मा ने कहा कि यह पार्षदों के हित के लिए एक और कदम बढ़ाया है और उन्हें मुफ्त मोबाइल बिल की सुविधा दी है, ताकि वे अपने क्षेत्र की जनता के लिए और अधिक प्रभावी तरीके से काम कर सकें। मेयर ने बताया कि सभी पार्षदों को उनके मौजूदा मोबाइल नंबरों पर ही पोस्टपेड प्लान में शिफ्ट किया जा रहा है, जिसमें अनलिमिटेड डाटा और अनलिमिटेड कॉलिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। इसका पूरा खर्च नगर निगम वहन करेगा। उन्होंने कहा कि पार्षदों को अपने क्षेत्र की समस्याओं और जनता के मुद्दों पर लगातार संवाद बनाए रखना पड़ता है, जिसके लिए मोबाइल फोन एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में उनका यह आर्थिक बोझ कम करना आवश्यक था। मेयर विकास शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह सुविधा बिना किसी भेदभाव के सभी पार्षदों को दी जा रही है।

नगर निगम की इस पहल को पार्षदों ने भी सराहा है। कई पार्षदों ने कहा कि मेयर का यह निर्णय उनकी दैनिक कार्यशैली को सरल और प्रभावी बनाएगा। वहीं शहरवासियों ने भी इसे एक स्वागत योग्य कदम बताते हुए कहा कि इससे पार्षदों की उपलब्धता और जनता की समस्याओं का समाधान और भी तेजी से होगा।

# खेत में गए युवक पर बाघ ने किया हमला, युवक घायल

- उप जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद युवक की हालत सामान्य

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** खेत में शाम के समय सिंचाई की तैयारी कर रहे बरी अंजनिया निवासी एक युवक पर बाघ ने अचानक हमला कर घायल कर दिया। युवक के साथियों के शोर मचाने पर बाघ युवक को छोड़कर जंगल के तरफ भाग गया।

बरी अंजनिया निवासी विक्रम सिंह 25 वर्ष पुत्र वीर सिंह अपने रिश्तेदार तेजू सिंह पुत्र मान सिंह, पुष्कर सिंह पुत्र उमेश सिंह के साथ शाम 4 बजे अपने खेत में लगे फसल की सिंचाई करने की तैयारी कर रहा था तभी घात लगाए बाघ ने अचानक विक्रम सिंह पर पीछे से हमला बोल दिया। बाघ ने विक्रम के दाहिने पैर, गुप्तांग, पेट, हाथ को नोच-खसोट कर चोटिल कर दिया। यह देख विक्रम के रिस्तेदार तेजू और पुष्कर दोनो चीख पुकार और शोर मचाने लगे। शोर मचाने पर बाघ विक्रम को छोड़ जंगल के तरफ भाग पड़ा। इधर विक्रम को उपजिला चिकित्सालय खटीमा में लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के पश्चात विक्रम का स्वास्थ्य अब सामान्य है। वहीं पीड़ित का कहना है कि स्वास्थ्य सामान्य है।घर पर रहकर ही मरहम पट्टी करवा रहा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि खूंखार जंगली जानवर अपने बच्चो के साथ आये दिन आबादी क्षेत्र में घूमते नजर आते है। वहीं इस घटना से ग्रामीण डरे सहमें और भयभीत है। वहीं वनाधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई थी। वनकर्मियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

वनाधिकारी का कहना है कि जंगली जानवरों से बचाव के लिए जन जागरूकता कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करेगें और आवश्यकता पड़ने पर जानवरो की चहलकदमी का लोकेशन ट्रेस करने के लिए कैमरा लगाया जाएगा।

# देवभूमि बौद्धिक विमर्श व्याख्यान माला में सफलता पाने के बताए मूल मंत्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देवभूमि बौद्धिक विमर्श व्याख्यान माला ( देवभूमि इंटेलेक्चुअल डिस्कोर्स लेक्चर सीरीज) के तहत ष्अपनी सफलता की कहानी स्वयं लिखेंष शीर्षक पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया। जिसमें प्रो.बी.एम.पांडे, प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग अतिथि वक्ता रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि वक्ता प्रो. बीएम पांडे के स्वागत से की गई। कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर दर्शन सिंह कंबोज ने व्याख्यान माला का परिचय देते हुए बताया कि इस व्याख्यानमाला का उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों तथा समाज के जागरूक नागरिकों को एक ऐसे साझा मंच से जोड़ना है, जहाँ वे विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद कर सकें तथा नए विचारों से प्रेरित हों । प्रोफेसर बी.एम.पांडे की अकादमिक उपलब्धियां छात्र छात्राओं से साझा करने के बाद उनका प्रभावशाली व्याख्यान शुरू हुआ। उन्होंने छात्र छात्राओं को सफल होने के मूल मंत्र बाताए तथा छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि वे जीवन में किसी भी गलती की पुनरावृत्ति ना करें, सफलता एक यात्रा है गन्तव्य नहीं। इसके साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य को निर्धारित करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बीकेसिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अतिथि वक्ता का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ.नीलम मनोला, डॉ.सूरजपाल, डॉ. विकास रंजन, डॉ.प्रमोद कोठारी, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. ललित, डॉ. वंदना आदि थे।

**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (जानपद मुख्यालय), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं० 0135-2532772 दूरभाष नं०- 7060112452 Email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **26.12.2025** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **24.12.2025** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-31/2025-26**: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में स्वच्छता के दृष्टिगत साफ-सफाई हेतु सफाई सामग्री (Sanitization Items, Floor Cleaners, Washroom Cleaners, Room Freshener etc.) की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य छुटपुट कार्य।
2) **T-32/2025-26**: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन' बिल्डिंग में द्वितीय तल पर स्थापित कार्यालय में Cabin Partition स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
3) **T-33/2025-26**: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" के बेसमेन्ट में 02 नं० Motor Pump स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।
4) **T-34/2025-26**: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन' बिल्डिंग में स्थापित दोनों पोर्च के नीचे Seasonal Flowers Plants की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
5) **T-35/2025-26**: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन' बिल्डिंग में स्थापित P.A. System के खराब Ceiling Speakers को बदलवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

पत्रांक: 2265/जा0(मु0)/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 29.11.2025
अधिशासी अभियन्ता, जानपद (मु0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

# एसआईआर फॉर्म का समय बढ़ाने की मांग

## सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**धामपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता ठाकुर अमित चौहान के नेतृत्व में एसडीएम धामपुर को ज्ञापन सौंप कर एसआईआर फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की मांग की। ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त लखनऊ के नाम संबोधित किया गया।ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम के चलते बीएलओ सहित आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूर, किसान और दैनिक कार्य करने वाले लोग पूरे दिन इस प्रक्रिया में उलझे हुए हैं, जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। सपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि वर्तमान निर्धारित अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 को कम से कम तीन माह आगे बढ़ाया जाए, ताकि सभी नागरिक आवश्यक प्रक्रिया को समय पर पूरी कर सकें और राहत महसूस कर सकें।ज्ञापन देने वालों में ठाकुर अमित चौहान, नसीम राणा, लाल बहादुर सिंह, निसार अहमद, कुशल पाल सिंह चौहान, मेहताब चौधरी, अरमान अली, मजाहीर हुसैन, धर्मपाल सिंह, मौहम्मद आरिफ अंसारी, मोक्ष पाल सिंह, जावेद सईद, रविंद्र चौहान पप्पू, हुसैन अल्वी, राजबहादुर सिंह, फहीम अहमद राणा, करीमुद्दीन, कपिल वर्मा, अजीम राणा, धर्मवीर सिंह जोशी, मौहम्मद आरिफ अंसारी, पंकज गुप्ता, मुजाहिद हुसैन, अल्ताफ अहमद, हरपाल सिंह समेत सैकड़ों सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में चल रहे विभिन्न कोर्सों में शनिवार को नए छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी 'आरम्भ 2025' का आयोजन किया गया।

## एसआईआर कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान निवासी बीएलओ मास्टर विजयपाल सिंह विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। मास्टर विजयपाल सिंह अपने मिलनसार स्वभाव और सरल व्यवहार के कारण क्षेत्र में खास पहचान रखते हैं। वर्षों से बतौर शिक्षक व बीएलओ के रूप में लोगों की सहायता करते रहे हैं, जिससे जनता का उन पर गहरा विश्वास कायम है।

उन्होंने मौहल्ले में महिलाओं, बुजुर्गों और नौजवानों से मुलाकात कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से जुड़ी अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह सर्वे मतदाता सूची में सुधार त्रुटि संशोधन और नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलाया जा रहा है। इसलिए फॉर्म में दी जाने वाली हर जानकारी सटीक और पूर्ण होनी चाहिए।

## बीएलओ का कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसआईआर फॉर्म भरने की ड्यूटी में लगी आंगनबाड़ी कार्यकत्री की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन शोक में डूब गए, वहीं विभागीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर सांत्वना देने के साथ आवश्यक मदद का भरोसा दिलाते नजर आए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला बड़वान निवासी 56 वर्षीय शोभा रानी पत्नी कृपाल सिंह बूथ संख्या 97 पर बीएलओ की जिम्मेदारी निभा रही थीं। परिजनों के अनुसार वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। शुक्रवार रात अचानक उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर किया गया। शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे उनकी मौत हो गई। मृतका की मौत की खबर फैलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर बिजनौर से पहुंचे डीपीओ विमल चौबे ने कहा कि परिजनों द्वारा जानकारी दी गई है कि शोभा रानी पहले से बीमार थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फॉर्म भरने को लेकर विभाग की ओर से किसी प्रकार का दबाव नहीं डाला गया था। घटना के बाद परिवार के लोग स्तब्ध हैं और मौहल्ले में दुख का माहौल व्याप्त है।

## शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न विभागों की छात्र परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में विभागीय छात्र परिषद के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों हर्ष कुमार, सफिया फात्मा, अरीबा हयात, निर्भय भारद्वाज, कु. अंशिका, कु. श्रद्धा वत्स, कु. हिफ्जा परवीन, अमन कुमार, ललित कुमार, कु. अदीबा परवीन, कु. दीक्षा, कु. शुमायला मलिक, नवदीप महेश्वरी को प्राचार्या प्रो. साधना के द्वारा शपथ दिलाई गई। उपाध्यक्ष पद के लिए पदाधिकारियों डोली, अलफिया इमरान, मौ. मुबश्शिर, कु. जैनब परवीन, कु. आसिया, अरीबा अफताब, मलाहत जमाल, कु. रीनू, योगिता कुमारी, शीतू, कु. अनुष्का, कु. अरीबा, अक्षत अग्रवाल को महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने शपथ दिलाई। सचिव पद के लिए पदाधिकारियों कु. श्वेता अप्रौलिया, कु. हेमवती, नाजिया परवीन, सत्यम तिवारी, कु. जिया, कु. मुबश्शरा नाज, कु. आलिया, आदित्य, गीता कुमारी, इफरा, कु. महक, कु. बुशरा, मंयक भारद्वाज को प्रो. दिनेश सिंह द्वारा शपथ दिलाई गई।

### एक नजर

## अय्यूब अंसारी कर रहे एसआईआर में मदद



**अफजलगढ़।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अय्यूब अंसारी ने बढ़ापुर विधानसभा कस्बा अफजलगढ़ क्षेत्र में एसआईआर फॉर्म भरवाने में ग्रामीणों की सहायता की। इस एसआईआर अभियान में सभी लोग ज्यादा से ज्यादा सक्रिय होकर अपने-अपने फॉर्म भरवा कर जमा करें और फॉर्म भरने में अगर कोई दिक्कत आए, तो हमें बताए। एसआईआर अभियान के दौरान अय्यूब अंसारी ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं से बात कर ज्यादा से ज्यादा एसआईआर फॉर्म भरवा कर जमा कराने का अनुरोध किया।

## सड़क निर्माण कार्य रुकवाया

**नांगल सोती।** नांगल- चंदक मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर से मायापुरी तक पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 500 मीटर सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को ग्रामीणों ने कार्य बंद कराते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क निर्माण में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाई जा रही है, जिससे पीछे से सड़क की बजरी उखड़ रही है। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच नहीं करेंगे, तब तक कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा। उधर पीडब्ल्यूडी के जेई नीरज का कहना है कि जहां से बजरी उखड़ी है, उसे सही कराया जा रहा है। मानक के अनुरूप ही कार्य कराया जाएगा। प्रदर्शन में कुलबीर सिंह, नीटू चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, विपिन कुमार, सत्यवीर सिंह, मोंटी, डिब्लू आदि मौजूद थे।

## बीएलओ को 50 प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के दृष्टिगत जिले के कम प्रगति वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बीएलओ एवं सहयोगी कार्मिकों को कड़े निर्देश दिए कि कम से कम 50 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि 50 प्रतिशत से कम प्रगति करने वाले बीएलओ के खिलाफ उनके विभागीय अधिकारियों के माध्यम से एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा तहसील चांदपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रावटी, संस्कृत विद्यालय, गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज, उलैहढ़ा तथा ग्राम निजामपुर गंज स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

### सर्वसाधारण सूचना

परिषद की वीरभद्र मार्ग ऋषिकेश योजना देहरादून में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या-517 का आवंटन प्रदेशन पत्र सं० 10276 दिनांक 01-4-1992 द्वारा श्री कृष्ण लाल बौंगा के पक्ष में प्रविष्ट किया गया था। जिसका कब्जा आवंटी द्वारा दिनांक 30-6-1992 को प्राप्त किया गया, आवंटी द्वारा भूखण्ड का पूर्ण भुगतान जमा करने के उपरान्त पट्टा विलेख दिनांक 25 जनवरी 1993 को निष्पादित करते हुये, दिनांक 30-01-1993 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय देहरादून में पंजीकृत किया गया है। तथा आवंटी के द्वारा उक्त भूखण्ड का फ्री-होल्ड विलेख दिनांक 29 जून 2000 को निष्पादित करा कर, दिनांक 4-7-2000 सब रजिस्ट्रार कार्यालय देहरादून में पंजीकृत किया गया है।

आंवटी की मृत्यु दिनांक 06-4-2008 को होने के उपरान्त श्री राजीव बौंगा एवं नितिन बौंगा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल बौंगा द्वारा न्यायालय सिविल जज (सी०डी०) ऋषिकेश जिला देहरादून के मूलवाद सं० 06/2017 में उत्तरजीवी सदस्यों के मध्य हुये आपसी समझौते के अनुसार उक्त भूखण्ड का अन्तरण श्री राजीव बौंगा एवं नितिन बौंगा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल बौंगा के पक्ष में परिषद में किये गये ऑनलाईन आवेदन के क्रम में किया जाना प्रस्तावित है। जिसके क्रम में उत्तरजीवी सदस्यों द्वारा मूल आंवटी का मृत्यु प्रमाणपत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र तथा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथपत्र एवं आधार कार्ड की प्रति, एवं न्यायालय सिविल जज (सी०डी०) ऋषिकेश जिला देहरादून के मूलवाद सं० 06/2017 की सत्य प्रतिलिपि संलग्न की गयी है।

तत्क्रम में आवासीय भूखण्ड संख्या-517 का अन्तरण आंवटी की मृत्यु उपरान्त श्री राजीव बौंगा एवं नितिन बौंगा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल बौंगा निवासी-भवन सं० 517 वीरभद्र रोड ऋषिकेश जिला देहरादून के पक्ष में अन्तरण परिषद द्वारा किये जाने हेतु, यदि किसी व्यक्ति एवं पक्षकार को कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सर्वसाधारण सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्तराल में साक्ष्य सहित अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर, श्री राजीव बौंगा एवं नितिन बौंगा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल बौंगा के पक्ष में नामान्तरण सम्बन्धी कार्यवाही परिषद द्वारा नियमानुसार कर दी जायेगी, तथा बाद में किसी व्यक्ति/पक्ष का किसी भी प्रकार का कोई क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नहीं होगा।

सह प्रभारी सम्पत्ति
उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद,
मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून

### बेदखली सूचना

मेरा पुत्र डेनिस रोबिन निवासी वेवरली एस्टेट, नियर इन्द्रा भवन कैम्पटी रोड मसूरी जिला देहरादून अपनी गलत आदतो के कारण परिवार के कहने सुनने मे नही है। मुझे अंदेशा है कि मेरा पुत्र डेनिस रोबिन अपनी गलत आदतो के कारण किसी बडी घटना को अंजाम दे सकता है, तथा अपने आप को भी नुकसान पहुँचा सकता है। जिससे मुझे एवं मेरे परिवार को भविष्य मे आर्थिक एवं मानसिक नुकसान पहुँच सकता है। मेरे द्वारा अपने पुत्र डेनिस रोबिन को अपनी सम्पत्ति आदि से बेदखल कर दिया है, इसकी सूचना उपजिलाधिकारी मसूरी एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मसूरी को दे दी है। भविष्य मे यदि उक्त डेनिस रोबिन द्वारा कोई वाद विवाद, लेनदेन आदि किसी प्रकार का किया जाता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी उक्त डेनिस रोबिन की होगी, मेरे व मेरे परिवार की उक्त डेनिस रोबिन के किसी लेनदेन के बाबत कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**नवीन रोबिन पुत्र स्व० केरोबिन निवासी- वेवरली एस्टेट, नियर इन्द्रा भवन कैम्पटी रोड मसूरी जिला देहरादून मो.** 9675554318

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पैन कार्ड में मेरा नाम अनस अहमद है व आधार कार्ड में मेरा नाम मों अनस है दोनों अभिलेखों लिखे नाम मौ . अनस व अनस अहमद दोनों मेरे ही नाम हैं दोनों नाम का व्यक्ति मैं ही हूं और दोनों नाम की जवाब देही मेरी ही है।

**मौ . अनस उर्फ अनस अहमद** पुत्र रफीक अहमद, नि. मोहल्ला पांवधोई ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार।

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी तृतीय पुत्री महक के नाम से सरकारी लाभ के लिए नंदा गौरा योजना में पहली बार आवेदन किया है पुत्री की सही वास्तविक जन्म तिथि 21-02-2007 है मेरे अभिलेखों में मेरा नाम सजिला बेगम है व मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम नूर बेगम दर्ज है उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं व उक्त दोनो नाम की जवाब देही मेरी ही होगी।

**सजिला बेगम उर्फ नूर बेगम** पत्नी स्व. मुर्सलीम, नि. मोहल्ला पांवधोई ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार।

### यूजेवीएन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी०आईएन० सं०: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्र सं0: 937 | दिनांक: 29/11/2025

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), मनेरी भाली-II, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से मुहर बन्द निविदायें आमन्त्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।

**निविदा संख्या**- 19/अधि0अभि0(उत्पादन)/म0भा0-II/2025-26

**कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम** : धरासू विद्युत् गृह की मशीनों के कूलिंग लाइन वाल्व की मरम्मत का कार्य।

**अनुमानित मूल्य** : रू0 487900/-, मात्र (जी०एस०टी० अतिरिक्त)

वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 01.12.2025

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 22.12.2025 सायं : 15:00 बजे तक।

उक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट www.ujvnl.com से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा।पूर्व योग्यता एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः- 9282/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शट डाउन/ई0ई0/ | दिनांक- 29.11.2025

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तार्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, पी०ए०सी० एवं 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर के क्षेत्रान्तर्गत तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| कम स0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | उक्त उपसंस्थान से पोषित समस्त पोषक। | 01.12.2025/ सोमवार। | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | सराय, राजलोक कालोनी, हरिलोक कालोनी, सब्जी मण्डी क्षेत्र, जुर्स कन्ट्री, गायत्री विहार, दुर्गा विहार, ट्रांसपोर्ट नगर, इक्कड कलां, इक्कड खुर्द, दीनारपुर, नया गाँव, रघुनाथ मॉल, मैसर्स मनचन्दा हर्बल प्रोडक्ट्स प्रा० लि० तथा उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता। |
| 02 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान पी0ए0सी0। | 11 के०वी० टिहरी विस्थापित | 02.12.2025/ मंगलवार। | | टिहरी विस्थापित तथा उक्त पोषक से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओ से सहयोग की अपील की जाती है।

**अधिशासी अभियन्ता**

"विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं"
Toll free No- 1800-419-0405

"राष्ट्रहित में विद्युत बचायें"

### कार्यालय नगर पालिका परिषद मगंलौर जिला-हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांक 1972/ न0पा0परि0म0 / सशों0 उपवि0-ठे0पंजी0/2025-26 / | दिनांक:- 28/11/2025

**अधिसूचना**

नगर पालिका परिषद मगंलौर उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 298 (उत्तराखण्ड मे यथा प्रवृत्त) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद मगंलौर की ठेकेदारी पंजीकरण एंव नियमन उपविधि-2018/ सशोंधित उपविधि-2021 मे आशिंक सशोंधन किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद मगंलौर की बोर्ड बैठक दिनांक 20.3.2025 के विशेष प्रस्ताव सख्यां-02 के कम में उपविधि के 5 (2), 5 (3) मे निम्नानुसार सशोंधन किया जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त सशोंधन के सम्बन्ध मे यदि किसी व्यक्ति / अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति / सुझाव देने हो तो वह अपनी आपत्ति / सुझाव लिखित रूप से सूचना प्रकाशन की दिनांक से 30 दिनों के भीतर किसी भी कार्य दिवस मे पालिका कार्यालय मे उपलब्ध करा सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति / सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उपविधि के सशोंधन का विवरण निम्नानुसार है:-

1. यह उपविधि नगर पालिका परिषद मगंलौर ठेकेदारी पर्जीकरण एवं नियमन उपविधि-2018/ सशोंधित उपविधि-2021 की सशोंधित उपविधि-2025 कहलायेगी।
2. यह उपविधि नगर पालिका परिषद मगंलौर की प्रादेशिक सीमान्तर्गत प्रवृत्त रहेगी।
3. यह उपविधि तुरन्त लागू होगी।
4. नगर पालिका परिषद मगंलौर ठेकेदारी पर्जीकरण एवं नियमन उपविधि-2018/ सशोंधित उपविधि-2021 के नियम 5(2), 5(3) मे निम्नानुसार सशोंधन किया जाता है:-

| क0 सं0 | नगर पालिका परिषद मगंलौर ठेकेदारी पंजीकरण एवं नियमन उपविधि-2018/सशोंधित उपविधि-2021 का बिन्दु सख्यां | वर्तमान मे लागू नियम | सशोंधित नियम |
|---|---|---|---|
| 01 | 05 (2) | ठेकेदार का पर्जीयन विनियम 5 (2) के अनुसार कार्य की लागत के आधार पर पर्जीकृत ठेकेदार श्रेणी-बी के अन्तर्गत अकंन 800000/ रूपये (आठ लाख रूपये) तक के कार्य करने का अधिकारी होगा। | ठेकेदारी पर्जीकरण उपविधि-2018 के बिन्दु सख्यां 5 (2) मे सशोंधन करते हुए, बी, श्रेणी के अन्तर्गत पर्जीकृत ठेकेदार को अकंन 10,00000/ रूपये (दस लाख रूपये) तक के कार्य करने का अधिकार होगा। |
| 02 | 05 (3) | ठेकेदार का पर्जीयन विनियम 5 (3) के अनुसार कार्य की लागत के आधार पर पर्जीकृत ठेकेदार श्रेणी-सी के अन्तार्गत अकंन 250000/ रूपये (दो लाख पचास हजार रूपये) तक के कार्य करने का अधिकारी होगा। | ठेकेदारी पर्जीकरण उपविधि-2018 के बिन्दु सख्या 5(3) में सशोंधन करते हुए, सी, श्रेणी के अन्तर्गत पर्जीकृत ठेकेदार को अकंन 5,00000/ रूपये (पाँच लाख रूपये) तक के कार्य करने का अधिकार होगा। |

(उत्तम सिंह नेगी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मगंलौर।

(मोहियुद्दीन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मगंलौर।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग

email id:- npprudraprayag6@gmail.com , Tel. 9410535700

पत्रॉकः 1128/निविदा आ0सूचना/2025-26 | दिनॉक29.11.2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग द्वारा राज्य वित्त/15वें वित्त से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2025-26 के लिए नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित आवश्यकता के मध्य नजर निर्माण कार्यो हेतु दो लिफाफा प्रणाली के अन्तर्गत मोहरबन्द निविदाए कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग मे दिनांक 17-12-2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जोकि उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के सम्मुख सांय 3.00 बजे खोले जायेगें। निविदा प्रपत्र निविदा मूल्य + जीएसटी जमा करके कार्यालय से दिनांक 15-12-2025 को प्राप्तः 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा कार्य एवं निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय मे देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति मे निहित होगा। सूचना को जनपद की बेबसाइट http://rudraprayag.nic.in मे भी देखी जा सकती हैं।

नोटः उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश स0 223817 दिनॉक 10.07.24 के क्रम में निविदा में प्रतिभाग करने से पूर्व सम्बन्धित फर्म/निविदाकार को GST सबन्धी अदेय प्रमाण पत्र NO Dues Certificate प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। अनुपालन नहीं किए जाने की दशा मे सम्बन्धित निविदा कारको निविदा मे प्रतिभाग किए जाने हेतु अनर्ह Ineligible घोषित किया जाएगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राकलन धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0 01 जय मंडी में गधेरा के पास से श्री सतीश बिश्ट घर तक फुटपाथ का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 9.10 लाख | 27,500 | 1000+GST | 04 माह |
| 2 | वार्ड न0 01 सुमेरपुर में नगर पालिका बारात घर के पास क्षतिग्रस्त फुटपाथ एवं रेंलिग का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 8.13 लाख | 24,500 | 1000+GST | 04 माह |
| 3 | वार्ड न0 01 अमसारी में जी0जी0आई0सी0 रूद्रप्रयाग के पास रिटेनिंग वॉल का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 9.53 लाख | 29,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 4 | वार्ड 02 में अपर बाजार में क्रिएटिव एकेडमी के पास मरम्मत एवं फेंन्सिग लगाने का कार्य। | 6.81 लाख | 21,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 5 | वार्ड 02 में श्री हरीशलाल के घर से श्री विजय लाल के घर तक सी0सी0 रोड एवं इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 2.39 लाख | 7,500 | 500+GST | 04 माह |
| 6 | वार्ड न0 04 में श्री विचित्र भण्डारी के घर के पास फुटपाथ का मरम्मत एवं चौडीकरण का कार्य। | 9.08 लाख | 27,500 | 1000+GST | 04 माह |
| 7 | वार्ड न0 04 में सिचाई विभाग कार्यालय के पास से बेलनी पुल तक नालाक वरिंग का कार्य। | 24.79 लाख | 75,000 | 2000+GST | 04 माह |
| 8 | वार्ड न0 04 में संगम के पास फुटपाथ का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 5.42 लाख | 16,500 | 1000+GST | 04 माह |
| 9 | वार्ड नं0 04 में नगर पालिका कार्यालय भवन में मरम्मत एवं टाईल्स का कार्य। | 6.31 लाख | 19,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 10 | वार्ड नं0 04 में नगर पालिका कार्यालय भवन में मरम्मत एवं पैनल का कार्य। | 8.56 लाख | 26,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 11 | वार्ड 04 में माई की मण्डी में श्री हरीश रावत के घर के पास फुटपाथ का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 13.55 लाख | 41,000 | 1500+GST | 04 माह |
| 12 | वार्ड 04 में श्री बच्चन सिंह जगवाण के घर से श्री त्रिलोक सिंह के घर तक फुटपाथ का मरम्मत एवं रैंलिंग का निर्माण कार्य। | 6.82 लाख | 21,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 13 | वार्ड न0 05 में वाल्मिकी बस्ती के पास फुटपाथ एवं टाईल्स का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 6.31 लाख | 19,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 14 | वार्ड न0 06 में हनुमान मंदिर के पास पेंटिग एवं टाईल्स का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 8.22 लाख | 25,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 15 | वार्ड 06 में इंटर कॉलेज के पास नाली का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 4.51 लाख | 14,000 | 500+GST | 04 माह |
| 16 | वार्ड न0 06 मे नैनीताल बैंक के पास फुटपाथ एवं चैकर्ड टाईल्स का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 5.93 लाख | 18,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 17 | वार्ड न0 06 में जी0जी0आई0सी0 से श्री संजय रावत के घर तक फुटपाथ का मरम्मत एवं चौडीकरण का निर्माण कार्य। | 17.56 लाख | 53,000 | 1500+GST | 04 माह |
| 18 | वार्ड नं0 07 में श्री हरीश कप्रवाण के घर के पास क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 4.26 लाख | 13,000 | 500+GST | 04 माह |
| 20 | वार्ड न0 07 में श्री गोकुल सिंह रावत के घर के पास फुटपाथ एवं रैंलिंग काम रम्मत एवं निर्माण कार्य। | 8.84 लाख | 27,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 21 | वार्ड 07 में ट्रैंचिंग ग्राउण्ड पर कम्पोस्टपिट के पास पुरूष एवं महिला शौचालय का निर्माण कार्य। | 7.89 लाख | 24,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 22 | वार्ड 07 में श्री प्रकाश रावत के घर के पास सी0सी0 रोड और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 5.92 लाख | 18,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 23 | वार्ड 07 में गुलाब राई मैदान के पास रिटेनिंग वॉल का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 20.89 लाख | 63,000 | 2000+GST | 04 माह |

ह0
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,रूद्रप्रयाग

ह0
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,रूद्रप्रयाग

# कामरेड राजा बहुगुणा को अंतिम विदाई

## बिंदुखत्ता पार्टी ऑफिस से विद्युत शव दाह गृह रानीबाग तक गई अंतिम यात्रा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्द्वानी।** भाकपा माले के केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन कामरेड राजा बहुगुणा को पार्टी कार्यालय बिंदुखत्ता में सैकड़ों लोगों ने क्रांतिकारी नारों के साथ अंतिम विदाई दी। पार्टी कार्यालय से कामरेड राजा बहुगुणा को लाल सलाम, कामरेड राजा बहुगुणा अमर रहें, कामरेड राजा बहुगुणा के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे के नारों के साथ अंतिम यात्रा पूरे कार रोड बाजार में निकली। इससे पहले पार्टी कार्यालय के सम्मुख कामरेड राजा बहुगुणा के जीवन के बारे में और राजनीतिक सामाजिक जीवन में उनके योगदान, आंदोलनो में भागीदारी और सामाजिक बदलाव की लड़ाई में उनकी



नेतृत्वकारी भूमिका के बारे में संक्षिप्त चर्चा की गई। इसके बाद कामरेड राजा बहुगुणा की याद में एक मिनट का मौन रखा गया। बिंदुखत्ता पार्टी ऑफिस से इंकलाबी विदाई के बाद वहां से अंतिम यात्रा विद्युत शव दाह गृह रानीबाग तक गई। वहां मौजूद तमाम लोगों ने अपने प्रिय नेता को क्रांतिकारी सलाम करते हुए अलविदा कहा। भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य संजय शर्मा, राजेन्द्र प्रथोली, राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, एआईपीएफ के संयोजक गिरिजा पाठक, बहादुर सिंह जंगी, उपपा अध्यक्ष पी सी तिवारी, महासचिव प्रभात ध्यानी, महिला मंच संयोजक कमला पंत, शिक्षाविद नंद नंदन पाण्डे, जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जहूर आलम, इतिहासकार शेखर पाठक, पूर्व विधायक नारायण सिंह जंतवाल, अशोक डालाकोटी, ऐपवा नेता विद्या रजवार, जन संस्कृति मंच के संजय जोशी, समा. जवादी लोक मंच के मुनीश कुमार, ऐक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा, किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, प्रो. गिरिजा पांडे, विनोद पांडेय, डा. कैलाश पाण्डेय, शिक्षक नेता नवेंदु मठपाल, विवेक पांडे, कन्नू जोशी, नमिता पाठक, साहित्यकार अशोक पांडे, प्रो. उमा भट्ट, एडवोकेट कैलाश जोशी, संजय बघरवाल, दिनेश उपाध्याय, गिरधर बम, मोहन मटियाली, चन्दन, महेश, भगवती पंत, रोबिन, एडवोकेट त्रिभुवन फर्तयाल, माले नेता गोविंद कफलिया, अतुल सती, आशा यूनियन नेता कमला कुं. जवाल, सीपीएम के मासूफ अली, मदन मोहन चमोली, आइसा प्रदेश अध्यक्ष अंकित उछोली, भाकपा माले के उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी सदस्य अफरोज आलम, ललित मटियाली, विमला रौथाण, ज्ञानी सुरेन सिंह, अमनदीप कौर, किशोरी लाल, यतीन काला, दीपक टम्टा, धर्मेन्द्र, नरेश, वीरभद्र सिंह भंडारी, पुष्कर दानू, गुरदयाल मेहरा, जगद. ीश बोरा, पूर्व सैनिक एनडी जोशी आदि समेत सैकड़ों की संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल रहे इसके अतिरिक्त परिवार से कामरेड राजा बहुगुणा की पत्नी रेखा, भाई राजीव बहुगुणा, पुत्री संयुक्ता और अन्य परिजन मौजूद रहे।

## दुर्घटना–जनित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार के दिए निर्देश

**अल्मोड़ा।** सड़क सुरक्षा समिति की कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा मानकों के पालन, दुर्घटना–जनित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार, यातायात प्रबंधन तथा जन–जागरूकता अभियानों को प्रभावी रूप से संचालित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठम में जिलाधिकारी ने सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई करने, ब्लैक स्पॉट्स की नियमित मॉनिटरिंग कर आवश्यक सुधार कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का विस्तार किया जाए। यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग प्रभावी चेकिंग अभियान चलाए। जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि सभी मजिस्ट्रियल जांचे निर्धारित समय पर संपन्न की जाएं। यदि किसी दुर्घटना में प्रभावितों को मुवावजा दिया जाना हो, तो यह प्रक्रिया विभागीय समन्वय से जल्द से जल्द पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जनभागीदारी से ही संभव है, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करें। बैठक में एसएसपी देवेंद्र पींचा, एडीएम युक्ता मिश्र, आरटीओ अनीता चंद समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### विश्व एड्स दिवस पर प्रतियोगिताएं

**बागेश्वर।** विश्व एड्स दिवस के पूर्व संध्या पर राजकीय इंटर कालेज बागेश्वर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बागेश्वर के तत्वावधान में भाषण, निबंध, और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में योगेश कुमार, ललित सिंह, और पीयूष मेहर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में उमा जोशी पांडे और नेहा पांडे ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में नेहा पांडे, अंजलि मेहर, और गुड्डी आर्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वक्ताओं ने छात्रों को विश्व एड्स दिवस के महत्व और इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। मौजूदा प्रतिभागियों को विश्व एड्स दिवस पर पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। तथा एनसीसी व एनएसएस स्वयंसेवियों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर नेहा माजिला, बीना दानू, प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी, ज्योति, अमित तिवारी, मनोज पाठक आदि लोग मौजूद थे।

### रंगदारी मांगने के आरोपी को जमानत नहीं

**बागेश्वर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट जैनब की अदालत ने आरटीआई कार्यकर्ता की आड़ में रंगदारी मांगने के आरोपी गोपाल बनवासी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सहायक अभियोजन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी रंगदारी का केस दर्ज है। वह अपहरण और आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में जेल की सजा भी काट चुका है। विगत 22 नवंबर को बलवंत सिंह निवासी मेलाडुंगरी ने कोतवाली बैजनाथ में गोपाल बनवासी निवासी रीठा, कंधार, गरुड़ के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। बताया गया कि बनवासी ने उसे उसके मकान ध्वस्त करने का आदेश लाने की बात कहकर धमकाया और एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी और फर्ज़ी शिकायत कर जेल भेजने की धमकी भी दी।

### मांगों को लेकर अनशन पर डटे रहे कार्मिक

**बागेश्वर।** अपनी लंबित मांगों को लेकर अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री के कर्मचारियों का क्रमिक अनशन चौथे दिवस भी जारी रहा। यहां हुई सभा में वकताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाता है वे चुप नहीं रहेंगे। वक्ताओं ने फैक्ट्री प्रबंधन पर भी उपेक्षा का आरोप लगाया है। शनिवार को क्रमिक अनशन पर मनोज कुमार, दिनेश चंद्र जोशी, पंकज कुमार, सुरेश लाल बैठे। क्रमिक अनशन स्थल पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भगत डसीला, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष गो. कुल परिहार ने कार्मिकों को अपना समर्थन दिया। वक्ताओं ने कहा कि शासन प्रशासन यदि किसी को रोजगार दे नहीं सकता है तो उनका रोजगार भी न छीने। जिले में अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री के साथ साथ खनन कार्य बन्द हुआ है। जिससे सैकड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। लोग अपने बच्चों के स्कूल की फीस, अपने बूढ़े माता पिता के दवाइयों का खर्च भी नहीं उठा पा रहे है। इस मौके पर दीवान जनौटी, प्रेम सिंह जनौटी, राकेश कुमार, फतेहसिंह करायत , मनीष कुमार, पवन कुमार, सुरेंद्र लाल सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीडीओ

**अल्मोड़ा।** ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने नरेगा, एनआरएलएम, रीप, विधायक निधि, सांसद निधि, मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना एवं डीडीयूजीकेवाई की बिंदुवार समीक्षा की। सीडीओ ने संबंधित अधिका. रियों को समस्त योजनाओं में शत–प्रतिशत प्रगति लाए जाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास की योजनाओं में अधिकारी अपेक्षित प्रगति लाएं। कहा कि यह भी ध्यान रखा जाए कि योजनाओं का पूरा लाभ ग्रामीणों को मिले। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं के कार्यों में गुणवत्ता के साथ कार्य किए जाएं। सीडीओ ने कहा कि अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि योजनाओं में प्राप्त धनराशि को जनहित में ही व्यय करें। जो धनराशि विभागों को प्राप्त हो गई है, उसका शत–प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करें। लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक में डीडीओ एसके पंत समेत सभी खंड विकास अधिकारी समेत मौजूद रहे।

### बैटरी चुराने वाला गिरफ्तार, दो बैटरी बरामद

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस टीम ने एक बैटरी चोर को चोरी की बैटरी के साथ गिरफ्तार किया है। गौतम नगर स्थित कलश मण्डप के प्रबन्धक नरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. कैलाश सिंह ने बीती 22 नवंबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कलश मण्डप के जनरेटर की एक लिवगार्ड बैटरी व उनके दोस्त नितिन कुमार के खड़े ट्रैक्टर की एक बैटरी चोरी हो गई है।

# एसआईआर से संबंधित कार्यो पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विधानसभा निर्वाचक नामावली के आगामी पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 को लेकर जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक एडीएम युक्ता मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित इस बैठक में एसआईआर–2025 से संबंधित कार्यों एवं प्रगति बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में विधानसभा निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से मतदाताओं से मिलान कार्य की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ अपने कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करें तथा प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बीएलए की नियुक्ति से नामावली कार्यों में पारदर्शिता और सहजता बढ़ेगी। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएजी का गठन किया जाएगा। कहा कि ईआरओ नेट एवं ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त मतदाता संबंधी प्रकरणों फार्म 6, 7 और 8 का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न होने पाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर–2025 से संबंधित सभी कार्य निर्वाचन आयोग के मानकों एवं समयसीमा के अनुसार सुनिश्चित किए जाएं, ताकि मतदाता सूची का अद्यतन कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ पूरा किया जा सके।



# जिला पंचायत की सामान्य बैठक, प्रस्तावों का अनुमोदन

**बागेश्वर।** जिला पंचायत सभागार में शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या की अध्यक्षता में सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व प्रथम पिछली बैठक पारित प्रस्तावों की पुष्टि की गई। इसी क्रम में नियोजन एवं विकास समिति में पारित प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। बैठक में चर्चा करते हुए पूर्व से लंबित सभी मद में स्वीकृत निर्माण कार्य जिसमें अब तक कार्य आरम्भ नहीं हुआ है, ऐसे कार्यों को संशोधित कर कार्ययोजना आमंत्रित किए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही 15 वें वित्त मद में प्राप्त धनराशि निविदा आमंत्रित किए जाने की सहमति दो गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यालय भवन के छत मरमत के लिए 25 लाख तथा आंतरिक विद्युतीकरण कार्य के लिए 10 लाख व सदस्यों एवं अधिकारियों के बैठक हेतु सभागार निर्माण के लिए 25 लाख की धनरा. शि खर्च किए जाने पर सहमति बनी। इस दौरान सभी जिला पंचायत सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र की संस्थाओं को बैठक में रखा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, बलवंत नेगी, जनार्दन लो. हनी, गोपा धपोला, शारदा देवी, ज्योति राठौर, बसती देव, सुंदर गढ़िया, सहित अपर मुख्य अधिक. ारी जिला पंचायत इं अनिल जोशी, मनोज कर्मियाल, नंदन सनवाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की डीपीआर को स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर निगम के ट्रंचिंग ग्राउंड में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसे. सिंग प्लांट का निर्माण पूरा कराने के लिए शासन स्तर से डीपीआर को स्वीकृति मिल गई है। जल्दी ही धन. राशि मिलने पर रुका कार्य पूरा कराया जाएगा। नगर निगम के कचनालगाजी में बनाए गए ट्रंचिंग ग्राउंड में लगभग 2.215 हेक्टेयर भूमि पर 14.54 करोड़ की लागत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। क्लस्टर में काशीपुर, जसपुर और महुआडाबरा आदि के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का निस्तारण किया जाएगा। सहायक नगर आयुक्त कमल सिंह मेहता ने बताया कि काशीपुर क्षेत्र से प्रतिदिन 65 से 70 मैट्रिक टन कूड़ा निकलता है। ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ों के पहाड़ को खत्म करने के लिए बीते वर्ष से प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए ट्रंचिंग ग्राउंड की भूमि पर प्लांट तक जाने के लिए सड़क व स्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है। धनराशि की कमी के कारण निर्माण कार्य अधर में लटक गया था। इसके लिए डीपीआर बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजी गई है। शासन को भेजी गई डीपीआर पर शासन की स्वीकृति मिल गई है। लगभग एक सप्ताह में इसका आद. ेश जारी होने की उम्मीद है। धनराशि अवमुक्त होते ही निर्माण कार्य को शुरू करा दिया जाएगा। इस प्लांट का संचालन नगर निगम की ठेकेदार कंपनी एमएसडब्ल्यूएम करेगी और वह ही इसका निस्तारण करेगी।

## कोर्ट के आदेश पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक व उसके माता–पिता के साथ घर में घुसकर मारपीट के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर डेढ़ माह बाद मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में थाना कुंडा के ग्राम चिन्तपुरी गढ़ीनेगी निवासी गुरजीत सिंह पुत्र मान सिंह ने बताया कि बीती 13 अक्टूबर 2025 की प्रातः वह अपने फौजी भाई बलविन्दर सिंह के बच्चों को स्कूल छोड़कर घर वापस पहुंचा तो पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही प्रगट सिंह उर्फ लक्की, अवतार सिंह पुत्रगण सन्तोख सिंह, उषा पत्नी अवतार सिंह गुरप्रीत सिंह पुत्र जोगा सिंह ने एक राय होकर घर में घुसकर लाठी–डंडो मारपीट करते हुए उसे लहुलूहान कर दिया।

# एआई पर ज्ञानवर्धक कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विजिटिंग प्रोफेसर निद. ेशालय एवं इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में यूज ऑफ एआई टूल्स एंड 14.0 फॉर इनोवेशन एंड इनकयूबेशन विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उत्तराखण्ड ओपन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ वोक. ेशनल एजुकेशन के निदेशक प्रो. अशुतोष कुमार भट्ट ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। इससे पूर्व प्रो. आशीष तिवारी ने सभी प्रतिभागियों और वक्ताओं का स्वागत किया तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर अपने संक्षिप्त विचार साझा किए जबकि प्रो. ललित तिवारी ने कार्यशाला के मुख्य वक्ता का परिचय कराया और कार्यशाला का संचालन किया। कार्यशाला का



उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों को उभरती तकनीकों की समझ प्रदान करना और उन्हें नवाचार तथा स्टार्ट अप इकोसिस्टम से जोड़ना है। प्रतिभागियों को बताया गया कि पहले व्यापक कंप्यूटिंग युग में एक ही कंप्यूटर का उपयोग कई लोग करते थे लेकिन अब असंख्य डिवाइस क्लाउड तकनीक द्वारा संचा. लित हैं। विशाल डेटा सेंटर न केवल रोजगार उत्पन्न कर रहे हैं बल्कि उपकरणों को अधिक सक्षम बना रहे हैं। सोशल मीडिया डेटा से लेकर मौसम पूर्वानुमान तक, एआई और उन्नत कंप्यूटिंग प्रणालियों की भूमिका निर्णायक बन चुकी है। गूगल एआई का उपयोग रेटिना की छवियों के विश्लेषण में किया जा रहा है जिससे विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों का पता लगाया जा सकता है। इसी प्रकार रास नामक एआई वकील को आईबीएम द्वारा कानूनी शोध और दस्तावेजीकरण सहायता के लिए विकसित किया गया है। यह दर्शाता है कि एआई आज स्वास्थ्य, कानून व उद्योग और अन्य क्षेत्रों में सक्रिय रूप से उपयोग की जा रही है। प्रो. ललित तिवारी ने एआई के नकारात्मक उपयोग के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इसके लिए कड़े नियम होने चाहिए। अंत में प्रो. ललित तिवारी ने मुख्य वक्ता और सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

## योगा प्रतियोगिता के विजेता घोषित

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में सत्र 2025–26 की विश्वविद्यालय योगा (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन स्टीवेन्सन स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 21 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें प्रथम स्थान पर हिमांशु पालीवाल, पटेल भवन, द्वितीय स्थान पर नवदीप करनवाल, वीएस भवन तथा तृतीय स्थान पर करन सिंह रावत, जनरल बिपिन सिंह रावत भवन रहे। विजेताओं को कार्यवाहक प्रभारी डा. पूनम त्यागी, स्टाफ काउंसलर डा. मीना मृगेष एवं योगा विशेषज्ञ कु. राजेश्वरी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन क्लब प्रभारी एवं सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. जीएस बोहरा तथा राजेश्वरी द्वारा किया गया। शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उक्त आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

# योजनाओं की गति में लाएं तेजी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जल आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था तथा चल रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के आवश्यक मरम्मत कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। हर घर नल–जल योजनाओं की प्रगति तेज की जाए तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में वन भूमि हस्तांतरण होना है, उनमें वन विभाग के साथ समन्वय करते हुए, निर्धारित रूप में प्रक्रिया संपन्न की जाए तथा कार्यों को पूर्ण करें। बैठक में विभाग ने जानकारी दी है कि प्रथम फेस के सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं, द्वितीय फेस के कुछ कार्य अपूर्ण हैं, जो निर्माणाधीन स्थिति में हैं। जिला. धिकारी ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मिशन मोड में कार्य किए जाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन कार्यों के संशोधित आगणन प्राप्त हुए हैं, उनके लिए एक एक मजिस्ट्रेट तैनात किया जाएगा तथा उनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि पेयजल स्रोतों के संरक्षण, जल गुणवत्ता परीक्षण और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाए। जिलाधिकारी ने साफ–सफाई एवं स्वच्छता अभियानों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि जनपद में स्वच्छता की स्थिति और बेहतर हो सके। बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, डीडीओ एसके पंत आदि रहे।



# भैसूड़ी गांव में भालू के डर से सहमे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** धरमघर रेंज के कमस्यार घाटी के टकनार व भैसूड़ी में भालू का भय बना हुआ है। गांव में जंगली जानवरों से आने से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग की टीम शनिवार को गांव में पहुंची। टीम ने गांव में गश्त बढ़ाई। स्कूल में जाकर शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों से वार्ता की। लोगों से अकेले घर से बाहर नहीं निकलने तथा रात के समय अलर्ट रहने को कहा। विभाग ट्रैप कैमरों की भी जांच करेगा। बता दें कि एक सप्ताह से कमस्यार घाटी के भैसूड़ी व टकनार गांव में भालू की दहशत बनी है। भैसूड़ी के ग्राम प्रधान ने बताया कि रात को गांव में भालू की आवाज सुनाई दे रही है। जिससे पूरा गांव भय के माहौल में जीवन यापन कर रहा है। इसके अलावा एक सप्ताह पूर्व भालू दो दो शावकों के साथ क्षेत्र में घुस आया था। गांव से सात किमी दूरी पर राईका देवतोली है। जहां कई गांवों से बच्चे पठन पाठन को जाते है। ग्रामीणों को भय है कि बच्चों के आते जाते समय भालू उन पर कही हमला न कर दे। जबकि दिन समय में भालू जंगल में दिखाई दे रहा है, जो भयानक आवाज से लोगों को डरा रहा है। इधर वन विभाग की टीम ने भैसूड़ी, टकनार गांव में गश्त बढ़ा दी है। टीम द्वारा लगातार ट्रिपिंग कैमरा से उनकी गतिविधियां पर नजर रखने की कोशिश जारी है।


**पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (परियोजना मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून–248002

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक 29.12.2025 को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक 27.12.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो General Manager Project, Office PTCUL, Dehradun के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) T–31/2025–26: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में स्थित Conference Room हेतु 01 No- 43" LED TV की आपूर्ति एवं स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

2) T–32/2025–26: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन परियोजना भण्डार कक्ष (Establishment/Renovation rack formation) के निर्माण का कार्य सहित अन्य छुटपुट कार्य।

3) T–33/2025–26: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में स्थापित विभिन्न कार्यालय के प्रयोग हेतु विभिन्न प्रकार की Printer Cartridges की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

4) T–34/2025–26: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में स्थापित विभिन्न कार्यालय के प्रयोग हेतु विभिन्न प्रकार की Stationery Items की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

5) T–35/2025–26: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में हेतु 01 नं० Air Purifier Machine की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य

पत्रांक: 2266/प0मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 29.11.2025
अधिशासी अभियन्ता (प0मु0भु0ई0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"


# जिलाधिकारी आकांक्षा ने राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यो की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय राजमार्ग 309 ए पर गतिमान कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने कार्यदायी संस्था को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच को मलबा निस्तारण के लिए डंपिंग जोन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने तथा एसडीएम बागेश्वर को राजस्व एवं वन विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण कराते हुए सीए लैंड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण दाई संस्था को सड़क में समय–समय पर पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने को कहा, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने अवशेष 15 किलोमीटर कटिंग कार्य को आगामी अप्रैल माह तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजमार्ग निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलम्ब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में एनएच के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने अवगत कराया कि बिला. नसेरा से कनालीगाड़ छीना तक 32 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण कार्य में से 17 किलोमीटर कटिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# एड. पंकज लटवाल बने समिति के मुख्य संयोजक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला बार एसोसिएशन अल्मोड़ा की आम सभा की बैठक में आगामी कार्यकाल के लिए चुनाव प्रक्रिया को संचालित करने के लिए चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया। आगामी चुनावों को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है, जबकि चुनाव संचालन समिति ने तैयारी शुरु कर दी है। कहा जल्द ही चुनावी कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा। बैठक में जिला कार्यकारिणी एवं अधिवक्ताओं की मौजूदगी में सर्वसम्मति से अधिवक्ता पंकज लटवाल को समिति का मुख्य संयोजक व अध्यक्ष चुना गया। साथ ही समिति में पांच अधिवक्ताओं अमिता चौधरी, मुरली मनोहर भट्ट, ऐजाज अंसारी, रोहित कार्की और देवाशीष नेगी को संगठन द्वारा सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव संचालन समिति की बैठक में तय हुआ कि केवल कार्यकारिणी द्वारा जारी मतदाता सूची में दर्ज अधिवक्ता ही बार एसोसिएशन के चुनाव वर्ष 2025–27 के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। समिति ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची को ही चुनाव की मूल आधार सूची माना जाएगा और सूची के अनुसार ही मतदान की प्रत्येक प्रक्रिया संपन्न होगी। समिति ने सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि पूरा चुनाव कार्यक्रम निष्पक्ष, पारदर्शी और संविधान के अनुरूप संचालित किया जाएगा। सदस्यों से अपील की गई कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करें ताकि चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में पूर्ण हो सके।

# 60 हज़ार की स्मैक के साथ पुलिस ने तस्कर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर पुलिस टीम ने 2.02 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ 2 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ कांडा पुलिस थाने में धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। नशामुक्त उत्तराखण्ड बनाये जाने की मुहीम पर पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार चैकिंग अभियान जारी है। अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर के पर्यवेक्षण में शुक्रवार देर शाम काण्डा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त हरपाल सिह पुत्र चन्दन सिह निवासी ग्राम बाँसपठान थाना गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़ के कब्जे से 1.32 ग्राम अवैध स्मैक, जबकि सचिन गुरौ पुत्र भगत सिंह गुरौ निवासी एसबीआई के सामने बेरीनाग, थाना बेरीनाग, जिला पिथौरागढ़ उम्र 23 वर्ष के कब्जे से 0.70 ग्राम अवैध स्मैक कुल 2.02 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) को कार में परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तों को शनिवार जिला न्यायालय में पेश किया गया। बरामद स्मैक का बाजार मूल्य 60000 रूपये बताया जा रहा है। पुलिस टीम में अ.उ.नि. हरीश लाल, कानि. देवेश पाण्डे, का. शेर अकबर खान, कानि. राजकुमार शामिल थे।



# एसआईआर फॉर्म का समय बढ़ाने की मांग

## सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**धामपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता ठाकुर अमित चौहान के नेतृत्व में एसडीएम धामपुर को ज्ञापन सौंप कर एसआईआर फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की मांग की। ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त लखनऊ के नाम संबोधित किया गया।ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम के चलते बीएलओ सहित आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूर, किसान और दैनिक कार्य करने वाले लोग पूरे दिन इस प्रक्रिया में उलझे हुए हैं, जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। सपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि वर्तमान निर्धारित अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 को कम से कम तीन माह आगे बढ़ाया जाए, ताकि सभी नागरिक आवश्यक प्रक्रिया को समय पर पूरी कर सकें और राहत महसूस कर सकें।ज्ञापन देने वालों में ठाकुर अमित चौहान, नसीम राणा, लाल बहादुर सिंह, निसार अहमद, कुशल पाल सिंह चौहान, मेहताब चौधरी, अरमान अली, मजाहीर हुसैन, धर्मपाल सिंह, मौहम्मद आरिफ अंसारी, मोक्ष पाल सिंह, जावेद सईद, रविंद्र चौहान पप्पू, हुसैन अल्वी, राजबहादुर सिंह, फहीम अहमद राणा, करीमुद्दीन, कपिल वर्मा, अजीम राणा, धर्मवीर सिंह जोशी, मौहम्मद आरिफ अंसारी, पंकज गुप्ता, मुजाहिद हुसैन, अल्ताफ अहमद, हरपाल सिंह समेत सैकड़ों सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में चल रहे विभिन्न कोर्सों में शनिवार को नए छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी 'आरम्भ 2025' का आयोजन किया गया।

## एसआईआर कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान निवासी बीएलओ मास्टर विजयपाल सिंह विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। मास्टर विजयपाल सिंह अपने मिलनसार स्वभाव और सरल व्यवहार के कारण क्षेत्र में खास पहचान रखते हैं। वर्षों से बतौर शिक्षक व बीएलओ के रूप में लोगों की सहायता करते रहे हैं, जिससे जनता का उन पर गहरा विश्वास कायम है।

उन्होंने मौहल्ले में महिलाओं, बुजुर्गों और नौजवानों से मुलाकात कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से जुड़ी अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह सर्वे मतदाता सूची में सुधार त्रुटि संशोधन और नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलाया जा रहा है। इसलिए फॉर्म में दी जाने वाली हर जानकारी सटीक और पूर्ण होनी चाहिए।

# बीएलओ का कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसआईआर फॉर्म भरने की ड्यूटी में लगी आंगनबाड़ी कार्यकत्री की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन शोक में डूब गए, वहीं विभागीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर सांत्वना देने के साथ आवश्यक मदद का भरोसा दिलाते नजर आए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला बड़वान निवासी 56 वर्षीय शोभा रानी पत्नी कृपाल सिंह बूथ संख्या 97 पर बीएलओ की जिम्मेदारी निभा रही थीं। परिजनों के अनुसार वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। शुक्रवार रात अचानक उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर किया गया। शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे उनकी मौत हो गई। मृतका की मौत की खबर फैलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर बिजनौर से पहुंचे डीपीओ विमल चौबे ने कहा कि परिजनों द्वारा जानकारी दी गई है कि शोभा रानी पहले से बीमार थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फॉर्म भरने को लेकर विभाग की ओर से किसी प्रकार का दबाव नहीं डाला गया था। घटना के बाद परिवार के लोग स्तब्ध हैं और मौहल्ले में दुख का माहौल व्याप्त है।

# शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न विभागों की छात्र परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में विभागीय छात्र परिषद के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों हर्ष कुमार, सफिया फात्मा, अरीबा हयात, निर्भय भारद्वाज, कु. अंशिका, कु. श्रद्धा वत्स, कु. हिफ्जा परवीन, अमन कुमार, ललित कुमार, कु. अदीबा परवीन, कु. दीक्षा, कु. शुमायला मलिक, नवदीप महेश्वरी को प्राचार्या प्रो. साधना के द्वारा शपथ दिलाई गई। उपाध्यक्ष पद के लिए पदाधिकारियों डोली, अलफिया इमरान, मौ. मुबश्शिर, कु. जैनब परवीन, कु. आसिया, अरीबा अफताब, मलाहत जमाल, कु. रीनू, योगिता कुमारी, शीतू, कु. अनुष्का, कु. अरीबा, अक्षत अग्रवाल को महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने शपथ दिलाई। सचिव पद के लिए पदाधिकारियों कु. श्वेता अप्रौलिया, कु. हेमवती, नाजिया परवीन, सत्यम तिवारी, कु. जिया, कु. मुबश्शरा नाज, कु. आलिया, आदित्य, गीता कुमारी, इफरा, कु. महक, कु. बुशरा, मंयक भारद्वाज को प्रो. दिनेश सिंह द्वारा शपथ दिलाई गई।

## एक नजर

### अय्यूब अंसारी कर रहे एसआईआर में मदद



**अफजलगढ़।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अय्यूब अंसारी ने बढ़ापुर विधानसभा कस्बा अफजलगढ़ क्षेत्र में एसआईआर फॉर्म भरवाने में ग्रामीणों की सहायता की। इस एसआईआर अभियान में सभी लोग ज्यादा से ज्यादा सक्रिय होकर अपने-अपने फॉर्म भरवा कर जमा करें और फॉर्म भरने में अगर कोई दिक्कत आए, तो हमें बताए। एसआईआर अभियान के दौरान अय्यूब अंसारी ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं से बात कर ज्यादा से ज्यादा एसआईआर फॉर्म भरवा कर जमा कराने का अनुरोध किया।

### सड़क निर्माण कार्य रुकवाया

**नांगल सोती।** नांगल- चंदक मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर से मायापुरी तक पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 500 मीटर सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को ग्रामीणों ने कार्य बंद कराते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क निर्माण में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाई जा रही है, जिससे पीछे से सड़क की बजरी उखड़ रही है। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच नहीं करेंगे, तब तक कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा। उधर पीडब्ल्यूडी के जेई नीरज का कहना है कि जहां से बजरी उखड़ी है, उसे सही कराया जा रहा है। मानक के अनुरूप ही कार्य कराया जाएगा। प्रदर्शन में कुलबीर सिंह, नीटू चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, विपिन कुमार, सत्यवीर सिंह, मोंटी, डिब्लू आदि मौजूद थे।

### बीएलओ को 50 प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के दृष्टिगत जिले के कम प्रगति वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बीएलओ एवं सहयोगी कार्मिकों को कड़े निर्देश दिए कि कम से कम 50 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि 50 प्रतिशत से कम प्रगति करने वाले बीएलओ के खिलाफ उनके विभागीय अधिकारियों के माध्यम से एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा तहसील चांदपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रावटी, संस्कृत विद्यालय, गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज, उलैहढ़ा तथा ग्राम निजामपुर गंज स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।


**सर्वसाधारण सूचना**

परिषद की वीरभद्र मार्ग ऋषिकेश योजना देहरादून में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या-517 का आवंटन प्रदेशन पत्र सं० 10276 दिनांक 01-4-1992 द्वारा श्री कृष्ण लाल बौंगा के पक्ष में प्रविष्ट किया गया था। जिसका कब्जा आवंटी द्वारा दिनांक 30-6-1992 को प्राप्त किया गया, आवंटी द्वारा भूखण्ड का पूर्ण भुगतान जमा करने के उपरान्त पट्टा विलेख दिनांक 25 जनवरी 1993 को निष्पादित करते हुये, दिनांक 30-01-1993 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय देहरादून में पंजीकृत किया गया है। तथा आवंटी के द्वारा उक्त भूखण्ड का फ्री-होल्ड विलेख दिनांक 29 जून 2000 को निष्पादित करा कर, दिनांक 4-7-2000 सब रजिस्ट्रार कार्यालय देहरादून में पंजीकृत किया गया है।

आवंटी की मृत्यु दिनांक 06-4-2008 को होने के उपरान्त श्री राजीव बौंगा एवं नितिन बौंगा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल बौंगा द्वारा न्यायालय सिविल जज (सी०डी०) ऋषिकेश जिला देहरादून के मूलवाद सं० 06/2017 में उत्तरजीवी सदस्यों के मध्य हुये आपसी समझौते के अनुसार उक्त भूखण्ड का अन्तरण श्री राजीव बौंगा एवं नितिन बौंगा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल बौंगा के पक्ष में परिषद में किये गये ऑनलाईन आवेदन के क्रम में किया जाना प्रस्तावित है। जिसके क्रम में उत्तरजीवी सदस्यों द्वारा मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाणपत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र तथा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथपत्र एवं आधार कार्ड की प्रति, एवं न्यायालय सिविल जज (सी०डी०) ऋषिकेश जिला देहरादून के मूलवाद सं० 06/2017 की सत्य प्रतिलिपि संलग्न की गयी है।

तत्क्रम में आवासीय भूखण्ड संख्या-517 का अन्तरण आवंटी की मृत्यु उपरान्त श्री राजीव बौंगा एवं नितिन बौंगा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल बौंगा निवासी-भवन सं० 517 वीरभद्र रोड ऋषिकेश जिला देहरादून के पक्ष में अन्तरण परिषद द्वारा किये जाने हेतु, यदि किसी व्यक्ति एवं पक्षकार को कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सर्वसाधारण सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्तराल में साक्ष्य सहित अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर, श्री राजीव बौंगा एवं नितिन बौंगा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल बौंगा के पक्ष में नामान्तरण सम्बन्धी कार्यवाही परिषद द्वारा नियमानुसार कर दी जायेगी, तथा बाद में किसी व्यक्ति/पक्ष का किसी भी प्रकार का कोई क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नहीं होगा।

सह प्रभारी सम्पत्ति
उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद,
मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पैन कार्ड में मेरा नाम अनस अहमद है व आधार कार्ड में मेरा नाम मों अनस है दोनों अभिलेखों लिखे नाम मौ . अनस व अनस अहमद दोनों मेरे ही नाम हैं दोनों नाम का व्यक्ति मैं ही हूं और दोनों नाम की जवाब देही मेरी ही है।
**मौ . अनस उर्फ अनस अहमद** पुत्र रफीक अहमद, नि. मोहल्ला पांवधोई ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार।

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी तृतीय पुत्री महक के नाम से सरकारी लाभ के लिए नंदा गौरा योजना में पहली बार आवेदन किया है पुत्री की सही वास्तविक जन्म तिथि 21-02-2007 है मेरे अभिलेखों में मेरा नाम सजिला बेगम है व मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम नूर बेगम दर्ज है उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं व उक्त दोनो नाम की जवाब देही मेरी ही होगी।
**सजिला बेगम उर्फ नूर बेगम** पत्नी स्व. मुर्सलीम, नि. मोहल्ला पांवधोई ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार।

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र डेनिस रोबिन निवासी वेवरली एस्टेट, नियर इन्द्रा भवन कैम्पटी रोड मसूरी जिला देहरादून अपनी गलत आदतो के कारण परिवार के कहने सुनने मे नही है। मुझे अंदेशा है कि मेरा पुत्र डेनिस रोबिन अपनी गलत आदतो के कारण किसी बडी घटना को अंजाम दे सकता है, तथा अपने आप को भी नुकसान पहुँचा सकता है। जिससे मुझे एवं मेरे परिवार को भविष्य में आर्थिक एवं मानसिक नुकसान पहुँच सकता है। मेरे द्वारा अपने पुत्र डेनिस रोबिन को अपनी सम्पत्ति आदि से बेदखल कर दिया है, इसकी सूचना उपजिलाधिकारी मसूरी एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मसूरी को दे दी है। भविष्य मे यदि उक्त डेनिस रोबिन द्वारा कोई वाद विवाद, लेनदेन आदि किसी प्रकार का किया जाता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी उक्त डेनिस रोबिन की होगी, मेरे व मेरे परिवार की उक्त डेनिस रोबिन के किसी लेनदेन के बावत कोई जिम्मेदारी नही होगी।
**नवीन रोबिन पुत्र स्व० केरोबिन निवासी- वेवरली एस्टेट, नियर इन्द्रा भवन कैम्पटी रोड मसूरी जिला देहरादून मो.** 9675554318

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी०आईएन० सं०: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्र सं०: 937 दिनांक: 29/11/2025

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), मनेरी भाली-II, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से मुहर बन्द निविदायें आमन्त्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
**निविदा संख्या**- 19/अधि०अभि०(उत्पादन)/म०भा०-II/2025-26
**कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम** : धरासू विद्युत् गृह की मशीनों के कूलिंग लाइन वाल्व की मरम्मत का कार्य।
**अनुमानित मूल्य** : रू0 487900/-, मात्र (जी०एस०टी० अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 01.12.2025
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 22.12.2025 सायं : 15:00 बजे तक।
उक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट www.ujvnl.com से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा।पूर्व योग्यता एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।

अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपकम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः- 9282/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शट डाउन/ई0ई0/ दिनांक- 29.11.2025

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, पी०ए०सी० एवं 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर के क्षेत्रान्तर्गत तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| कम स0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | उक्त उपसंस्थान से पोषित समस्त पोषक । | 01.12.2025/ सोमवार । | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | सराय, राजलोक कालोनी, हरिलोक कालोनी, सब्जी मण्डी क्षेत्र, जुर्स कन्ट्री, गायत्री विहार, दुर्गा विहार, ट्रांसपोर्ट नगर, इक्कड कलां, इक्कड खुर्द, दीनारपुर, नया गाँव, रघुनाथ मॉल, मैसर्स मनचन्दा हर्बल प्रोडक्ट्स प्रा० लि० तथा उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता। |
| 02 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान पी०ए०सी०। | 11 के०वी० टिहरी विस्थापित | 02.12.2025/ मंगलवार । | | टिहरी विस्थापित तथा उक्त पोषक से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय मे विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

अधिशासी अभियन्ता

"विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं"
Toll free No- 1800-419-0405
"राष्ट्रहित में विद्युत बचायें"

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मगंलौर जिला-हरिद्वार (उत्तराखण्ड)**

पत्रांक 1972/ न0पा0परि0म0 / सशों0 उपवि0-ठे0पंजी0/2025-26 / दिनांकः- 28/11/2025

**अधिसूचना**

नगर पालिका परिषद मगंलौर उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 298 (उत्तराखण्ड मे यथा प्रवृत्त) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद मगंलौर की ठेकेदारी पंजीकरण एंव नियमन उपविधि-2018/ सशोंधित उपविधि-2021 मे आशिंक सशोंधन किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद मगंलौर की बोर्ड बैठक दिनांक 20.3.2025 के विशेष प्रस्ताव सख्यां-02 के कम में उपविधि के 5 (2), 5 (3) मे निम्नानुसार सशोंधन किया जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त सशोंधन के सम्बन्ध मे यदि किसी व्यक्ति / अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति / सुझाव देने हो तो वह अपनी आपत्ति / सुझाव लिखित रूप से सूचना प्रकाशन की दिनांक से 30 दिनों के भीतर किसी भी कार्य दिवस मे पालिका कार्यालय मे उपलब्ध करा सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति / सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उपविधि के सशोंधन का विवरण निम्नानुसार है:-
1. यह उपविधि नगर पालिका परिषद मगंलौर ठेकेदारी पर्जीकरण एवं नियमन उपविधि-2018/ सशोंधित उपविधि-2021 की सशोंधित उपविधि-2025 कहलायेगी।
2. यह उपविधि नगर पालिका परिषद मगंलौर की प्रादेशिक सीमान्तर्गत प्रवृत्त रहेगी।
3. यह उपविधि तुरन्त लागू होगी।
4. नगर पालिका परिषद मगंलौर ठेकेदारी पर्जीकरण एवं नियमन उपविधि-2018/ सशोंधित उपविधि-2021 के नियम 5(2), 5(3) मे निम्नानुसार सशोंधन किया जाता है:-

| क0 सं0 | नगर पालिका परिषद मगंलौर ठेकेदारी पंजीकरण एवं नियमन उपविधि-2018/सशोंधित उपविधि-2021 का बिन्दु सख्यां | वर्तमान मे लागू नियम | सशोंधित नियम |
|---|---|---|---|
| 01 | 05 (2) | ठेकेदार का पर्जीयन विनियम 5 (2) के अनुसार कार्य की लागत के आधार पर पर्जीकृत ठेकेदार श्रेणी-बी के अन्तर्गत अकंन 800000/ रूपये (आठ लाख रूपये) तक के कार्य करने का अधिकारी होगा। | ठेकेदारी पर्जीकरण उपविधि-2018 के बिन्दु सख्यां 5 (2) मे सशोंधन करते हुए, बी, श्रेणी के अन्तर्गत पर्जीकृत ठेकेदार को अकंन 10,00000/ रूपये (दस लाख रूपये) तक के कार्य करने का अधिकार होगा। |
| 02 | 05 (3) | ठेकेदार का पर्जीयन विनियम 5 (3) के अनुसार कार्य की लागत के आधार पर पर्जीकृत ठेकेदार श्रेणी-सी के अन्तार्गत अकंन 250000/ रूपये (दो लाख पचास हजार रूपये) तक के कार्य करने का अधिकारी होगा। | ठेकेदारी पर्जीकरण उपविधि-2018 के बिन्दु सख्या 5(3) में सशोंधन करते हुए, सी, श्रेणी के अन्तर्गत पर्जीकृत ठेकेदार को अकंन 5,00000/ रूपये (पाँच लाख रूपये) तक के कार्य करने का अधिकार होगा। |

(उत्तम सिंह नेगी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मगंलौर।

(मोहियुद्दीन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मगंलौर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग**
email id:- npprudraprayag6@gmail.com , Tel. 9410535700

पत्रॉकः 1128/निविदा आ0सूचना/2025-26 दिनॉक29.11.2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग द्वारा राज्य वित्त/15वें वित्त से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2025-26 के लिए नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित आवश्यकता के मध्य नजर निर्माण कार्यो हेतु दो लिफाफा प्रणाली के अन्तर्गत मोहरबन्द निविदाए कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग मे दिनाक 17-12-2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जोकि उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के सम्मुख सांय 3.00 बजे खोले जायेगें। निविदा प्रपत्र निविदा मूल्य + जीएसटी जमा करके कार्यालय से दिनांक 15-12-2025 को प्राप्तः 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा कार्य एवं निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय मे देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति मे निहित होगा। सूचना को जनपद की बेबसाइट http://rudraprayag.nic.in मे भी देखी जा सकती हैं।

नोटः उत्तराखण्ड शासन के शासनादेष स0 223817 दिनॉक 10.07.24 के क्रम में निविदा में प्रतिभाग करने से पूर्व सम्बन्धित फर्म/निविदाकार को GST सबन्धी अदेय प्रमाण पत्र NO Dues Certificate प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। अनुपालन नहीं किए जाने की दशा मे सम्बन्धित निविदा कारको निविदा में प्रतिभाग किए जाने हेतु अनर्ह Ineligible घोषित किया जाएगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राकलन धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0 01 जय मंडी में गधेरा के पास से श्री सतीश बिश्ट घर तक फुटपाथ का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 9.10 लाख | 27,500 | 1000+GST | 04 माह |
| 2 | वार्ड न0 01 सुमेरपुर में नगर पालिका बारात घर के पास क्षतिग्रस्त फुटपाथ एवं रेंलिग का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 8.13 लाख | 24,500 | 1000+GST | 04 माह |
| 3 | वार्ड न0 01 अमसारी में जी0जी0आई0सी0 रूद्रप्रयाग के पास रिटेनिंग वॉल का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 9.53 लाख | 29,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 4 | वार्ड 02 में अपर बाजार में क्रिएटिव एकेडमी के पास मरम्मत एवं फेंन्सिग लगाने का कार्य। | 6.81 लाख | 21,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 5 | वार्ड 02 में श्री हरीशलाल के घर से श्री विजय लाल के घर तक सी0सी0 रोड एवं इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 2.39 लाख | 7,500 | 500+GST | 04 माह |
| 6 | वार्ड न0 04 में श्री विचित्र भण्डारी के घर के पास फुटपाथ का मरम्मत एवं चौडीकरण का कार्य। | 9.08 लाख | 27,500 | 1000+GST | 04 माह |
| 7 | वार्ड न0 04 में सिचाई विभाग कार्यालय के पास से बेलनी पुल तक नालाक वरिंग का कार्य। | 24.79 लाख | 75,000 | 2000+GST | 04 माह |
| 8 | वार्ड न0 04 में संगम के पास फुटपाथ का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 5.42 लाख | 16,500 | 1000+GST | 04 माह |
| 9 | वार्ड नं0 04 में नगर पालिका कार्यालय भवन में मरम्मत एवं टाईल्स का कार्य। | 6.31 लाख | 19,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 10 | वार्ड नं0 04 में नगर पालिका कार्यालय भवन में मरम्मत एवं पैनल का कार्य। | 8.56 लाख | 26,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 11 | वार्ड 04 में माई की मण्डी में श्री हरीश रावत के घर के पास फुटपाथ का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 13.55 लाख | 41,000 | 1500+GST | 04 माह |
| 12 | वार्ड 04 में श्री बच्चन सिंह जगवाण के घर से श्री त्रिलोक सिंह के घर तक फुटपाथ का मरम्मत एवं रैलिंग का निर्माण कार्य। | 6.82 लाख | 21,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 13 | वार्ड न0 05 में वाल्मिकी बस्ती के पास फुटपाथ एवं टाईल्स का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 6.31 लाख | 19,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 14 | वार्ड न0 06 में हनुमान मंदिर के पास पेंटिग एवं टाईल्स का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 8.22 लाख | 25,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 15 | वार्ड 06 में इंटर कॉलेज के पास नाली का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 4.51 लाख | 14,000 | 500+GST | 04 माह |
| 16 | वार्ड न0 06 मे नैनीताल बैंक के पास फुटपाथ एवं चैकर्ड टाईल्स का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 5.93 लाख | 18,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 17 | वार्ड न0 06 में जी0जी0आई0सी0 से श्री संजय रावत के घर तक फुटपाथ का मरम्मत एवं चौडीकरण का निर्माण कार्य। | 17.56 लाख | 53,000 | 1500+GST | 04 माह |
| 18 | वार्ड नं0 07 में श्री हरीश कप्रवाण के घर के पास क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 4.26 लाख | 13,000 | 500+GST | 04 माह |
| 20 | वार्ड न0 07 में श्री गोकुल सिंह रावत के घर के पास फुटपाथ एवं रैलिंग काम रम्मत एवं निर्माण कार्य। | 8.84 लाख | 27,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 21 | वार्ड 07 में ट्रैंचिंग ग्राउण्ड पर कम्पोस्टपिट के पास पुरूष एवं महिला शौचालय का निर्माण कार्य। | 7.89 लाख | 24,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 22 | वार्ड 07 में श्री प्रकाश रावत के घर के पास सी0सी0 रोड और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 5.92 लाख | 18,000 | 1000+GST | 04 माह |
| 23 | वार्ड 07 में गुलाब राई मैदान के पास रिटेनिंग वॉल का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 20.89 लाख | 63,000 | 2000+GST | 04 माह |

ह0
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,रूद्रप्रयाग

ह0
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,रूद्रप्रयाग

# रोहित-विराट कोहली के दम पर टेस्ट हार का बदला लेने उतरेंगी टीम इंडिया



**दोनों टीमें मुकाबले से पहले जबरदस्त अभ्यास में लगी हुई ताकि वे मैच में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सके**

**रांची, वार्ता।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाना है। यह मुकाबला काफी खास माना जा रहा है क्योंकि टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं, जिससे भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी। कप्तानी केएल राहुल करेंगे जबकि टीम बिना शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह के खेलेगी। दोनों टीमें मुकाबले से पहले जबरदस्त अभ्यास में लगी हुई हैं ताकि वे मैच में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सकें। दोनों टीमों के बीच वनडे मैचों का इतिहास काफी टक्कर का रहा है। अब तक कुल 58 वनडे मुकाबले खेले गए हैं जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने 30 मैच जीते हैं जबकि भारत 27 बार विजेता रहा है। इस बार भारत 3-0 से जीतकर क्रिकेट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है और टेस्ट सीरीज की हार का बदला लेना चाहता है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में भी तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी, जिसमें भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। घरेलू मैदान पर भारत ने पिछले 15 सालों में वनडे में 71 प्रतिशत मैच जीते हैं जो भारतीय टीम के लिए एक बड़ी ताकत है। पिछले मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीतकर अपनी ताकत दिखाई है।

लेकिन वनडे में भारत का पलड़ा भारी माना जाता है। रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत ने अब तक 6 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें 3 में जीत हासिल की है। इस बार का मैच धोनी के शहर में होने वाला है, जो भारतीय टीम के लिए शुभ माना जाता है। जेएससीए स्टेडियम का मैदान और वहां के दर्शकों का उत्साह भारतीय खिलाड़ियों को खास ऊर्जा देता है। तीनों मुकाबले 30 नवंबर, 3 दिसंबर और 6 दिसंबर को क्रमशः रांची, रायपुर और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। इस सीरीज में भारत के पास टेस्ट की हार का हिसाब बराबर करने का मौका है। साथ ही यह मुकाबला विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए भी खास होगा क्योंकि ये दोनों खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बनने वाले हैं। दोनों की जोड़ी टीम इंडिया के लिए बड़ी ताकत साबित होने वाली है। इस मुकाबले में फैंस को एक बेहतरीन क्रिकेट मैच देखने को मिलेगा जहां टीम इंडिया अपनी सीमित ओवरों की क्षमता दिखाकर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत चुनौती देने के लिए तैयार है। यह मैच और भी खास है, क्योंकि अक्टूबर 2022 के बाद रांची में वनडे खेला जाएगा, जब भारत ने इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया था।

## धीमी पिच पर मौसम का मिजाज सही रहने की उम्मीद

**● तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज झारखंड के रा ची में होगा**

**रांची, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को झारखंड के रांची में जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। रांची की पिच सामान्य तौर पर धीमी रहती है, जिससे हाई-स्कोरिंग मुकाबलों की संभावना कम रहती है। पहले बैटिंग करने वाली टीम का औसत स्कोर 265 है, जो आधुनिक क्रिकेट के हिसाब से कम माना जाता है, पर इससे बड़ा स्कोर भी बन सकता है। पिच पर शुरूआत में तेज गेंदबाजों का प्रभाव रहेगा, उसके बाद स्पिनर्स मैच में अहम भूमिका निभाएंगे। यहां अभी तक 6 मैच खेले गए हैं, जिनमें भारत ने 3 मैच जीते, 2 में हार के साथ एक मैच बिना रिजल्ट रहा। टॉस के आधार पर, टॉस जीतने वाली टीम का जीत प्रतिशत 33-33प्रतिशत है जबकि टॉस हारने वाली टीम का 50प्रतिशत रहा है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कुल 94 वनडे मैच हुए हैं, जिसमें साउथ अफ्रीका ने 51 मैच जीते हैं और भारत के नाम 40 जीते हैं। इस पिच और टीम संयोजन को देखते हुए मैच में धीमी पारी और रणनीतिक खेल देखने को मिल सकता है, जहां स्पिनर्स का बड़ा रोल होगा और कप्तान केएल राहुल की नेतृत्व क्षमता पर भी निगाहें टिकी होंगी। वहीं मौसम की बात की जाए तो 30 नवंबर को होने वाले वनडे मैच के दौरान मौसम में बादलों का डेरा रहेगा, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21-22डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मैच के दौरान हवाएं चलेंगी, लेकिन दोपहर तक वे कम हो जाएंगी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## ईरान फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ का बॉयकॉट करेगा

**तेहरान, वार्ता।** ईरान का फुटबॉल फेडरेशन 2026 फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ सेरेमनी का बॉयकॉट करेगा, क्योंकि यूनाइटेड स्टेट्स ने उसके डेलीगेशन के कई खास सदस्यों को वीज़ा देने से मना कर दिया है, जबकि ड्रॉ 5 दिसंबर को वालशगटन, डीसी में होना है। यह घोषणा करते हुए, फेडरेशन के प्रवक्ता आमिर मेहदी अलावी ने बताया कि यह फैसला ईरान के खेल और युवा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ जरूरी पूछताछ, अंदरूनी चर्चा और सलाह-मशविरे के बाद लिया गया। उन्होंने यूएस के कामों की निंदा करते हुए इसे 'खेल के खिलाफ' बताया। अलावी ने कन्फर्म किया कि फीफा को बॉयकॉट के बारे में बताया गया था और प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो समेत उसके अधिकारियों को वीज़ा के मुद्दे के बारे में बता दिया गया है।

## शांत व वेंकटेश प्रसाद के बीच होगी अध्यक्ष पद की जंग

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शनिवार को शांत कुमार की उम्मीदवारी को बहाल कर दिया है।

इसी के साथ अब आगामी कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए टीम बृजेश के केएन शांत कुमार और वेंकटेश प्रसाद के बीच सीधा मुकाबला होगा। न्यायालय ने चुनाव अधिकारी के 24 नवंबर के फैसले को चुनौती देने वाली शांत कुमार की याचिका को मंजूरी दी। शांत कुमार की उम्मीदवारी को तकनीकी आधार पर इसलिए रद्द कर दिया गया था कि डेक्कन हेराल्ड और प्रजावाणी स्पोर्ट्स क्लब का 200 रूपया का बकाया था, जोकि केएससीए के सदस्य हैं।

## वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उप्र के गुरु-शिष्य की जोड़ी ने लहराया जीत का परचम

**● हरीश चन्द्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल व युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता**

**लखनऊ, वार्ता।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में आगरा जिले के इटौरा स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है।

हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया। वर्ल्ड पावर लिलफ्टग चैंपियनशिप 2025 में 40 से अधिक देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर, गुरु और शिष्य की जोड़ी ने देश को गौरान्वित किया। शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता।

प्रदेश सरकार की खेल नीतियों के कारण दोनों खिलाड़ियों का चयन हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उनके दमदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। हरीश चंद्र ने सीनियर 77 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीतने के साथ ही डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था, जबकि रमन कुमार ने सब-जूनियर 56 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीता था। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोलंबो में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। सर्वोदय विद्यालय इटौरा के छात्र और शिक्षक ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जो प्रदर्शन किया है, वह आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। योगी सरकार हमेशा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालय इटौरा लगातार खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अग्रणी रहा है। विभाग अब इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए सुविधाओं को और मजबूत कर रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी घासीराम प्रजापति ने बताया कि जल्द ही विद्यालय में अत्याधुनिक पावर लिलफ्टग लैब बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की धनराशि भी दी गई है।

## कनाडा को 14-3 से रौंदकर भारत फाइनल में

**● मैच की शुरुआती चौथे मिनट में नीलकांत ने गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई**



**मलेशिया, वार्ता।** एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को कनाडा को 14-3 से रौंदकर पूल शीर्ष पायदान के साथ सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में जगह बना ली है।

मैच की शुरुआत चौथे मिनट में नीलकांत शर्मा के गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद पदार्पण के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल किया। अगले ही मिनट में कनाडा के ब्रेंडन गुरलियुक ने गोल दागकर जवाबी हमला किया। अगले कुछ मिनटों में जुगराज सिंह और अमित रोहिदास ने क्रमश: 12वें और 15वें मिनट में दो और गोल किए। इस 4-1 की बढ़त ने भारत को दूसरे क्वार्टर में अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद की। इस टूर्नामेंट के लिए टीम के सीनियर स्टार्स को आराम दिया गया था, इसलिए युवा खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी थी और उन्होंने उसी के अनुरूप प्रदर्शन किया। इस क्वार्टर में राजिंदर ने 24वें मिनट में, दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में और जुगराज ने 26वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। 7-1 से आगे चल रही भारतीय टीम को कोई रोक नहीं पा रहा था, लेकिन कनाडा ने तीसरे क्वार्टर में अपने अटैक में थोड़ा बदलाव किया, जिससे 35वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला। मैथ्यू सरमेंटो ने इसे पोस्ट में डालने में कोई गलती नहीं की और स्कोर 7-2 कर दिया। इस बीच, जुगराज ने इस क्वार्टर में 39वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक बनाई, और सेल्वम कार्ति ने 43वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त को 9-2 तक पहुंचा दिया।

## लेबनान ने भारत को 2-0 से हराया

**● इस टूर्नामेंट में ग्रुप डी मैचों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, गुजरात राज्य फुटबॉल संघ और गुजरात खेल प्राधिकरण, एशियाई फुटबॉल परिसंघ अंडर 17 द्वारा आयोजित, एशिया कप क्वालीफायर 2026 एका एरेना, ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैचों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया है। ग्रुप डी में मेजबान भारत के अलावा ईरान, फलस्तीन, चीनी ताइपे और लेबनान की टीमें हिस्सा ले रही हैं। कल दिन का दूसरा और टूर्नामेंट का 8वां मैच भारत और लेबनान के बीच खेला गया। मैच के 24वें मिनट तक दोनों टीमें अच्छा खेल रही थीं। लेबनान के जर्सी नंबर 21 एंटोनी असफ ने 25वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से गोल पोस्ट के कोने के शीर्ष पर एक शक्तिशाली किक मारकर गोल किया। लेबनान के लिए दूसरा गोल 37वें मिनट में पॉल माक्रो ने किया। हाफ टाइम तक स्कोर लेबनान के पक्ष में 2-0 रहा। हाफ टाइम के बाद भारतीय टीम ने गोल करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इस नतीजे के बाद भी अगर भारत 30 नवम्बर के आखिरी मैच में ईरान से जीत जाता है तो भारत और ईरान के अंक बराबर हो जाएंगे और अगर अंक बराबर होते हैं तो हेड टू हेड में भारत क्वालिफाई कर जाएगा, क्योंकि क्वालीफिकेशन भारत और ईरान के बीच होने वाले मैच के आधार पर तय होना है। 30 नवम्बर को पहला मैच शाम 4-30 बजे चीनी ताइपे और फलस्तीन के बीच होगा।

## भारतीय एथलेटिक्स कैलेंडर में 32 के बजाए 40 इवेंट होंगे

**● भुवनेश्वर मार्च में कलिंगा स्टेडियम में नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले एडिशन को भी होस्ट करेगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स से पहले एथलीटों की तैयारी और बिल्ड-अप को ज्यादा से ज्यादा करने पर ध्यान देने के लिए भारत का 2026 एथलेटिक्स कैलेंडर 32 से बढ़ाकर 40 इवेंट का कर दिया गया है। 2026 के लिए घरेलू इंडियन एथलेटिक्स कैलेंडर 24 जनवरी को रांची में 60वीं नेशनल क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप से शुरू होगा और 27 अक्टूबर को चेन्नई में 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के साथ खत्म होगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) मार्च में अपना पहला बड़ा घरेलू ट्रैक एंड फील्ड कॉम्पिटिशन होस्ट करेगा, जो ओडिशा के भुवनेश्वर में पहली नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के साथ होगा। एएफआई 2026 कैलेंडर में भारत अगस्त में भुवनेश्वर में अपना पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर इवेंट भी होस्ट करेगा, जो 2025 में इसी जगह पर हुए ब्रॉन्ज लेवल मीट से बेहतर होगा। भुवनेश्वर मीट के अपग्रेडेड स्टेटस से रैंकिंग पॉइंट्स बढ़ेंगे, जिससे इसकी अपील बढ़ेगी और टॉप एथलीट्स का एक मजबूत ग्रुप आएगा। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम ने इस साल अगस्त में ब्रॉन्ज लेवल मीट होस्ट किया था। भुवनेश्वर मार्च में कलिंगा स्टेडियम में नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले एडिशन को भी होस्ट करेगा। एएफआई एक और नया इंडोर कॉम्पिटिशन शुरू कर रहा है, वह है फर्स्ट इंडियन इंडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट कॉम्पिटिशन, जो मई की शुरूआत में भुवनेश्वर में ही होगा। इसके अलावा, एक नई 16-पार्ट की रीजनल सीरीज - इंडियन एथलेटिक्स सीरीज - अप्रैल से सितंबर तक चलेगी, जिसका मकसद जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी को बढ़ाना है। यह सीरीज देश भर के कई राज्यों में होगी।

**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं0 0135-2646000-212 फैक्स नं0 0135-2643050 Email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **26.12.2025** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यो का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **24.12.2025** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-32/2025-26**: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में भूतल पर स्थित कार्यालयों में Alex ACP Sheet स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

2) **T-33/2025-26**: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग के बेसमेन्ट में भण्डार कक्ष के निर्माण का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य

3) **T-34/2025-26**: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" में उपलब्ध 05 Seater Sofa (Godrej Make) की Repairing & Refurbishing का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

4) **T-35/2025-26**: - पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग की छत पर स्थापित खराब Solor Panels की Testing एवं ACDB Panel की Repairing कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

5) **T-36/2025-26**: : पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में स्थापित परियोजना कार्यालय में PVC Panel स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य

पत्रांक: 2267/मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 29.11.2025
**अधिशासी अभियन्ता (मु0भु0इ0)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

## पहली बार शनिवार या रविवार को नहीं होगा डब्ल्यूपीएल का फाइनल

**● फाइनल 5 फरवरी को होगा, टूर्नामेंट की शुरुआत 9 जनवरी से होगी और इसमें दो डबल हेडर मैच होंगे**

**मुंबई, वार्ता।** 2026 विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का फाइनल पहली बार शनिवार या रविवार को नहीं खेला जाएगा। फाइनल 5 फरवरी (गुरुवार) को होगा। टूर्नामेंट की शुरूआत 9 जनवरी से होगी और इसमें दो डबल हेडर मैच होंगे, दोनों शनिवार को खेले जाएंगे। यह 28 दिनों का टूर्नामेंट दो शहरों (नवी मुंबई और वडोदरा) में आयोजित किया जाएगा। शुरूआती 11 मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे। दोनों डबल हेडर भी यहीं होंगे। बाकी 11 मैच वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले जाएंगे। 3 फरवरी का एलिमिनेटर और 5 फरवरी का फाइनल इन्हीं 11 मैचों में शामिल है। डब्ल्यूपीएल ऑक्शन के दिन चेयरमैन जयेश जॉर्ज ने गुरुवार को तारीफ और वेन्यू की पुष्टि की। पहले मुकाबले को छोड़कर सभी मैच शाम के समय खेले जाएंगे। जिस सप्ताह में डब्ल्यूपीएल का फाइनल होने वाला है, उस हफ्ते कई और बड़े टूर्नामेंट होंगे।

पुरूष अंडर 19 वर्ल्ड कप डब्ल्यूपीएल फाइनल के अगले दिन 6 फरवरी को समाप्त होगा। पुरूष टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा। पहली बार डब्ल्यूपीएल जनवरी और फरवरी की विंडो में आयोजित किया जाएगा।। शुरूआती तीन सीजन फरवरी और मार्च में आईपीएल से पहले आयोजित किए गए थे। इस बार लीग किसी बड़ी अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से नहीं टकराएगी। मुंबई इंडियंस ने पिछली बार डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता था।

उनकी टीम टूर्नामेंट के तीन संस्करण में दो बार खिताब जीत चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु वह दूसरी टीम है जिसने इस खिताब को हासिल किया है।दिल्ली कैपिटल्स तीनों सीजन में उपविजेता रही है। गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स अभी तक फाइनल में नहीं पहुंची हैं। डब्ल्यूपीएल खत्म होने के दस दिन बाद भारत ऑस्ट्रेलिया का ऑल फॉर्मेट दौरा शुरू करेगा। यह दौरा 15 फरवरी से 9 मार्च तक होगा, जिसमें तीन टी20 तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल है।

डब्ल्यूपीएल 2026 शेड्यूल
नवी मुंबई, पहला चरण
9 जनवरी: मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु।

## अगर माही भाई मैच देखने आते हैं तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा: कुएल राहुल



**रांची, वार्ता।** विवार को राजधानी रांची क्रिकेट के रोमांच से सराबोर होने वाली है। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। मैच से पहले दोनों टीमें पूरी तरह मैदान पर उतरी दिखीं। भारतीय खिलाड़ियों ने नेट्स में जमकर पसीना बहाया तो दक्षिण अफ्रीका की टीम भी अपने प्लान को धार देने में जुटी रही। शनिवार को फुल टीम प्रैक्टिस के बाद भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मैच से जुड़ी कई अहम बातों पर खुलकर चर्चा की। राहुल ने कहा कि रांची में खेलना हमेशा खास रहा है, क्योंकि यह शहर क्रिकेट की धड़कनों से भरा हुआ है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि यह महेंद्र सिंह धोनी का शहर है। यहां क्रिकेट नस-नस में दौड़ता है। अगर माही भाई स्टेडियम में मैच देखने आते हैं, तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा। यहां दर्शकों का समर्थन हमेशा जबरदस्त रहता है। राहुल के इस बयान ने प्रेस रूम में मौजूद पत्रकारों के चेहरे पर भी मुस्कान ला दी। पत्रकारों द्वारा किए गए सवालों का जवाब देते हुए राहुल ने टीम संयोजन, विकेटकीपिंग विकल्प और स्पिनर्स के खिलाफ टीम की चुनौतियों पर भी खुलकर बात की। ऋषभ पंत की भूमिका पर पूछे गए सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि अंतिम निर्णय मैच के दिन ही होगा। राहुल ने कहा कि 'पंत भी टीम में हैं। वह शानदार फॉर्म में हैं। यह कल ही तय हो पाएगा कि वह विकेटकीपिंग करेंगे या सिर्फ बैटिंग पर ध्यान देंगे। टीम मैनेजमेंट इस पर विचार कर रहा है। टीम इंडिया हाल के दिनों में स्पिनर्स के खिलाफ कमजोर नजर आई है। इस पर भी राहुल ने साफ कहा कि टीम इस चुनौती को अच्छी तरह समझती है और इसे सुधारने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुराने और अनुभवी बैट्समैन से हम लगातार सीख रहे हैं कि स्पिन को बेहतर कैसे खेलें। आने वाले समय में हम इस विभाग में और मजबूत होंगे। हर सत्र में हम स्पिनरों पर खास फोकस करके प्रैक्टिस कर रहे हैं। बॉलिंग और बैटिंग रणनीति को लेकर राहुल ने ज्यादा खुलासा तो नहीं किया, लेकिन यह जरूर कहा कि टीम हालात के अनुसार अपनी प्लानिंग कर चुकी है। उन्होंने बताया कि इस विकेट पर शुरूआत में बैटिंग थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन मिडल ओवर्स में रन बनाने के अवसर जरूर मिलेंगे। राहुल ने कहा कि डेथ ओवर्स में टीम की बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत है, और सभी गेंदबाज अपनी-अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं।

## नेमार ने सांतोस को 3-0 से अहम जीत दिलाई

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेमार ने एक गोल किया और दूसरे गोल की नींव रखी, जिससे सांतोस ने शुक्रवार को ब्राज़ील के सीरी ए में स्पोर्ट रेसिफे पर 3-0 से घरेलू जीत हासिल करके रेलीगेशन का डर कम कर दिया। होस्ट टीम ने 25वें मिनट में गोल किया जब नेमार काउंटरअटैक पर गुइलहर्मे के पास पर दौड़े और अंदर कट करने से पहले एक लो ड्राइव मारा जो गोलकीपर गेब्रियल वास्कोनसेलोस को उनके पास वाले पोस्ट पर छका गया। स्पोर्ट के मिडफील्डर लुकास काल ने सांतोस को दूसरा गोल दिया जब उन्होंने छह-यार्ड बॉक्स के अंदर हाथापाई के बाद गलती से गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया। नेमार की कॉर्नर से डिलीवरी के बाद जोआओ शिमट ने एक शानदार हेडर से नतीजे पर कोई शक नहीं जताया।

# सीओ मंगलौर विवेक कुमार व सीओ रुड़की नरेंद्र पंत बने एसएसपी



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** हरिद्वार जिले में तैनात पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र पंत और विवेक कुमार अपर पुलिस अधीक्षक के लिए पदोन्नत हुए है। दोनों अधिकारियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों अधिकारियों के कंधों पर अशोक स्तम्भ पहना कर अलंकृत किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा वरिष्ठता के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक से अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किए गए जनपद हरिद्वार में तैनात नरेंद्र पंत और विवेक कुमार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में दोनों अधिकारियों के कंधे पर अशोक स्तंभ अलंकृत कर मिठाई खिलाते हुए उन्हें पदोन्नति की शुभकामनाएँ दी गई। उन्होंने अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपरायणता के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। एसएसपी हरिद्वार ने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि कर्तव्य के प्रति उम्मीदों का विस्तार भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों अधिकारी अपने अनुभव, कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता से जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

**❖प्रमोशन मिलने पर एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने अशोक की लाट लगाकर दोनों अधिकारियों को दी बधाई**

# मंगलौर नगर पालिका का स्वच्छता अभियान जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** नगर पालिका मंगलौर द्वारा लगातार कस्बा व हाईवे पर स्वच्छता अभियान जारी है नगर पालिका सफाई कर्मचारी गली मोहल्ले में सफाई व्यवस्था के साथ नाली की भी सफाई व्यवस्था कर रहे हैं तो हाईवे पर भी लगातार सफाई करके चुना आदि डालकर जनता को भी स्वच्छता जागरूकता का पैगाम दे रहे हैं।

अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि'आज नगर पालिका परिषद मंगलौर के सफाई कर्मचारियों द्वारा कस्बा मंगलौर में जगह - जगह साफ सफाई अभियान चलाया गया।जैसे। गार्बेज वुलनरेबल बिंदु की सफाई एवं नालों.नालियों कि साफ सफाई डोर टू डोर और सफाई कराने के पश्चात चूने का छिड़काव कराया गया। और आस पास के लोगों को सफाई अभियान के प्रति जागरूक किया। पालिका अध्यक्ष मोहियुद्दीन अंसारी ने बताया किजिलाधिकारी क्या देश के अनुपालन में नगर पालिका सफाई कर्मचारी कस्बे को संदर्भ स्वच्छ बनाने के लिए लगातार सफाई अभियान चला रहे हैं औरकस्बे की गलियों को साफ सुथरा रखने के साथ ही हाईवे पर भी सफाई अभियान चला कर कस्बे को लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

# अस्मिता शूटिंग बॉल लीग में मोंटफोर्ट बना चैंपियन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जनपद हरिद्वार में अस्मिता शूटिंग बॉल लीग का सफल आयोजन किया गया जिसमें मोंटफोर्ट स्कूल चैंपियन बना है।

जानकारी के अनुसार रूडकी में आज अस्मिता शूटिंग बॉल लीग का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें शहर की 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ रुड़की की मेयर अनीता अग्रवाल ने फीता काटकर किया विशेष अतिथि के रूप में ललित मोहन अग्रवाल, अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, च्टव् आदेश आर्य, उपाध्यक्ष नमन बंसल, कर्नल डी.के. यादव, लेफ्टिनेंट रजिस्ट्रार सुमित चौहान,।प् की असिस्टेंट डायरेक्टर इफरा हसन, तथा शूटिंग बॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल मौजूद रहे। सेमीफाइनल मुकाबलों में मोंटफोर्ट स्कूल और सेंटेंस स्कूल ने जीत दर्ज की। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में मां सरस्वती स्कूल ने दून स्कूल को हराया। फाइनल में मोंटफोर्ट स्कूल ने सेंटेंस स्कूल को 3द्0 सेट से पराजित कर लीग का खिताब अपने नाम किया। क्लोजिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि शोभाराम प्रजापति (राज्य मंत्री, उत्तराखंड सरकार) रहे। इस अवसर पर पारस सैनी, महासचिव सूरज रोड सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सूरज रोड ने बताया कि हरिद्वार में पहली बार आयोजित हुई इस लीग में 200 बेटियों ने हिस्सा लेकर इतिहास रचा। उन्होंने कहा कृ "जब तक खेलेगी नहीं बेटी, तब तक कैसे बढ़ेगी बेटी। कार्यक्रम में सैम अली, अभिषेक कुमार, नीरज सिंह, सावन, अर्श, तनु शर्मा, विनोद, विनी आदि लोग भी मौजूद रहे।

## लक्सर ब्लॉक सभागार में चला सफाई अभियान

# बीडीओ के नेतृत्व में कर्मचारियों ने किया श्रमदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर ब्लॉक सभागार के परिसर में आज खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट के नेतृत्व में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में ब्लॉक के सभी छोटे-बड़े कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। खंड विकास अधिकारी लक्सर, प्रवीण भट्ट ने बताया कि सरकार द्वारा सफाई अभियान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उसी के तहत आज ब्लॉक सभागार में सभी कर्मचारियों के साथ मिलकर यह सफाई अभियान चलाया गया।गंदगी मुक्त परिसर पर जोरउन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान ब्लॉक सभागार में नालियों की सफाई, आवासों की सफाई और परिसर के अन्य हिस्सों की सफाई पर जोर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान में ब्लॉक सभागार के सभी कर्मचारी लगे हुए थे।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्य रास्तों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र को साफ रखकर तमाम बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा।प्रवीण भट्ट ने



कुछ कर्मचारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि जहां वे बैठते हैं, वहां गंदगी नहीं होनी चाहिए और सफाई पर पूरा जोर दिया जाना चाहिए। इस दौरान ब्लॉक के सभी छोटे-बड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

# निगम ने चलाया शहर से हटवाया अतिक्रमण

## एसपी गुप्ता ने संभाली अतिक्रमण हटाओ अभियान की कमान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** नगर निगम का शहर से अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। एसपी गुप्ता ने आज अतिक्रमण हटाओ अभियान की कमान संभालते हुए फिर अतिक्रमण हटवाते हुए दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शहर से अवैध अतिक्रमण हटवाने में निगम टीम व प्रशासन की मदद करें और शहर को सुंदर व स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

नायब तहसीलदार युसुफ अली,सहायक नगर आयुक्त एसपी गुप्ता और शिवानी सालार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत मलकपुर चुंगी से हुई। जोकि हरिद्वार रोड पर होते हुए रुड़की टाकीज चौक तक पहुंचा। टीम ने जेसीबी के माध्यम से कई अस्थाई रेहड़ी, खोखे आदि को ध्वस्त किया। इसके साथ ही कई लोगों का सामान जप्त करते हुए अपने कब्जे में लिया। टीम द्वारा दुकानों की जद से बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों की चलानी कारवाई की गई। कारवाई के दौरान कई अतिक्रमणकारी अपना सामान लेकर दौड़ते नजर आए।



नायब तहसीलदार युसुफ अली ने कहा कि इस प्रकार की कारवाई पूरे शहर में की जाएगी। इस दौरान शहर लेखपाल संजय चौहान आदि शामिल रहे।

# अतिक्रमण व जाम की स्थिति से निपटने को मंगलौर पालिका में बैठक का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** नगर पालिका परिषद मंगलौर के सभागार मे बैठक का आयोजन हुआ। यह बैठक नगर कस्बा मंगलौर में हो रहे।अतिक्रमण एवं बड़े वाहनों से हो रहा ट्रेफिक के कारण नगर के लोगों एवं आसपास के स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कारण लोगों कि परेशानियों को लेकर आज मंगलौर के माननीय विधायक एवं अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने मंगलौर में जो लोगों को परेशानी हो रही है अतिक्रमण और वाहनों के ट्रैफिक के कारण उनका समाधान करने के लिए मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार और अन्य अधिकारी के ।साथ पालिका में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अतिक्रमण एवं अन्य समस्या हेतु समाधान करने के लिए चर्चा की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष मोहियुद्दीन व अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नगर ने बताया कि कस्बे में अतिक्रमण की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है इसलिए जनहित में अतिक्रमण हटाने के लिए रणनीति तैयार की गई है जिसमें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व तहसीलदार के अलावा विधायक मंगलोर विधायक काजी निजामुद्दीन भी मौजूद रहे और उनसे भी अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील की गई है उन्होंने बताया कि कस्बे से अभियान चलाकर कस्बे से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा और अति कारण हटने के बाद ही शहर में जाम की व्यवस्था का भी समाधान हो पाएगा।

## कलियर के हददीवाला क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा

# ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर दो की दर्दनाक मौत

## मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों का हंगामा, शव को सड़क पर रखकर लगाया जाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के हद्दीपुर गांव के पास खनन से लदे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हंगामा कर दोनों मृतकों के शवों को सड़क पर रख कर जाम लगा दिया जिसके बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को उठाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण मुआवजे की मांग समेत अन्य मांगों पर अड़े रहे। कलियर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह करीब 10 बजे हद्दीपुर-इब्राहिमपुर मसाई कलां गांव के बीच खनन से लदे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया है कि चंद्र पुत्र मंगू उम्र करीब 65 वर्ष मटरु राठौर पुत्र इमरता उम्र 45 वर्ष निवासी इब्राहिमपुर बाइक से सवार होकर हद्दीपुर की ओर जा रहे थे जैसे ही वह हद्दीपुर और इब्राहिमपुर के बीच पहुंचे तो सामने से आ रहे खनन से भरे ट्रैक्ट ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी संख्या भीड़ मौके पर पहुंची। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने



का प्रयास किया।आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को दोनों शव उठाने नहीं दिए। और दोनों मृतकों के शव सड़क पर रखकर जमकर हंगामा कर जाम लगा दिया। वही ग्रामीणों ने पुलिस पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सूचना मिलते ही एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल रुड़की सीओ नरेंद्र पंत,मंगलोर सीओ विवेक कुमार समेत कई थाने की पुलिस को मौके पर पहुंच गई।

**❖मौके पर पहुंचे एसपी देहात व अन्य अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शव पीएम को भिजवाया**

जिसके बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने काप्रयास किया और शवों को उठाने की कोशिश की लेकिन ग्रामीण मौके पर ही दोनों मृतकों के परिजनों को दस दस लाख रुपए देने की मांग पर अड़े रहे जिसके बाद ज्वालापुर विधायक, रवि बहादुर, भाजपा नेता सुबोध राकेश , जयभगवान सैनी सहित कई नेता मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए ।भारी मशक्कत के बाद पुलिस अधिकारियों ओर ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई और सहमति होने पर मुआवजे का आश्वासन मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिया भेज दिया है। एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने बताया कि ग्रामीणों को समझाने के बाद शवों को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है।

# भाजपा नेता सुबोध राकेश ने किया संत रविदास की कथा का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुग्गावाला।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की कथा का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश ने किया। भगवानपुर विधानसभा के लोकप्रिय नेता सुबोध राकेश ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का आशीर्वाद लिया और ग्रामीणों ने पूर्व राज्य मंत्री सुबोध राकेश का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा के दिग्गज नेता सुबोध राकेश ने कहा कि हमें अपने जीवन को सफल बनाने और हर कदम पर सफलता प्राप्त करने के लिए गुरु जी के बताए मार्गों पर चलना चाहिए। इस शुभ अवसर पर ललित अंबेडकर जी,मिथुन कुमार जी, मनोज कुमार जी, संजीव प्रधान जी, संजय डीलर जी, मांगेराम राम प्रधान जी, मनीष डाबरे, डॉ रामपाल सिंह, गौरव जी, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र शोएब व उसकी पत्नी आयशा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने शोएब व आयशा को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद उका दोनों के किसी भी अनैतिक कार्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इमराना पत्नी मंसूर अली नि. ग्राम दादूपुर गोविंदपुर, थाना रानीपुर जनपद हरिद्वार।**

# एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में फायर सेफ्टी नियम के प्रति किया छात्रों को जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** एवरग्रीन पब्लिक स्कूल भगवानपुर चंदनपुर में आज अवेयरनेस प्रोग्राम' आयोजित किया गया, जिसमें अग्निशमन विभाग के अधिकारी अपनी टीम के साथ विद्यालय पहुंचे।उन्होंने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीके, 'फायर सेफ्टी नियम, तथा आपातकालीन' परिस्थिति में कैसे सुरक्षित रहेंइस बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में 'सुरक्षा जागरूकता' बढ़ाना और उन्हें कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने के लिए तैयार करना था। हमारे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इस 'कार्यक्रम' में भाग लिया और महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वसीम अली व स्टाफ मुसैयब अली, सोनम मलिक, अंजुम, शबाना, सुहाना आदि मौजूद रहे।

## जापान से डेफ ओलंपिक में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर रुड़की पहुंचने पर

# अभिनव देशवाल व शौर्य सैनी का शानदार इस्तकबाल

## हमारे युवा खेलों के जरिए कर रहे हैं देश व प्रदेश का नाम रोशनः शहजाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जापान से डेफ ओलंपिक में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर रुड़की पहुंचे अभिनव देशवाल व शौर्य सैनी का जोरदार अभिनंदन किया गया।

दिल्ली रोड स्थित एपीजे अब्दुल कलाम चौक से शुरू होकर उनके अभिनंदन में निकला रोड शो नगर निगम रुड़की सभागार तक पहुंचा जहां उनका नागरिक अभिनंदन भव्य समारोह में किया गया। रोड शो में अभिनव देशवाल व शौर्य सैनी खुली जिप्सी में राष्ट्रीय ध्वज के साथ, देशभक्ति के बजते गीतों पर, आतिशबाजी के दौरान आगे बढ़ते जा रहे थे। बाईकों पर युवाओं की टीम राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लिए भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए चल रहे थे इसी दौरान दोनों खिलाड़ियों का जगह-जगह स्वागत किया गया। चौधरी चरण सिंह चौक, साउथ सिविल लाइन, मिलिट्री चौक, महाराणा प्रताप चौक, सिविल लाइन बाजार, शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक पर समूह में खड़े लोगों ने दोनों खिलाड़ियों का फूलों की वर्षा करके, बुकें देकर, मालाएं पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया। उनके साथ शौर्य सैनी की माता कविता सैनी व पिता शील चंद सैनी, अभिनव देशवाल की माता संगीता व पिता मनोज देशवाल भी



साथ-साथ चल रहे थे। नगर निगम सभागार में आयोजित हुए नागरिक अभिनंदन समारोह में विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद, विधायक वीरेंद्र जाती, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक राज सेठ, लोजमो संयोजक सुभाष सैनी,परमिंदर देशवाल, प्रदीप देशवाल, कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता, कोच अमित धीमान,कोच मुकेश चौधरी,राजकुमार सैनी, आदेश सैनी,सुधीर शांडिल्य ,पूर्व पार्षद विवेक चौधरी, प्रधान आशीष चौधरी,पार्षद कुलबीर सिंह, डॉ रणबीर नागर,हमेंद्र चौधरी, ऋषिपालसिंह, आदेश सैनी, पंकज सैनी, प्रधान चौ प्रेम सिंह सैनी सहित अनेकों जिम्मेदार लोग शामिल रहे।

विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने कहा कि दोनों युवा खिलाड़ियों ने डेफ ओलंपिक में स्वर्ण पदक व रजत पदक जीतकर देश प्रदेश का नाम दुनिया में रोशन किया है साथ ही दोनों युवा खिलाड़ी युवा पीढ़ी के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत है।

# एंबीशन पब्लिक स्कूल में आत्मनिर्भर भारत विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित एंबीशन पब्लिक स्कूल मैं आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित भव्य स्किल एग्जीबिशन एवं किड्स फेयर प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र छात्राओं द्वारा भागीदारी करते हुए हिंदी अंग्रेजी गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान आदि विषयों पर विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए। एंबीशन पब्लिक स्कूल झबरेड़ा में आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित करते हुए स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी लगाकर ऑपरेशन सिंदूर द्वारा देश के सैनिकों के शौर्य का प्रदर्शन किया गया। महाभारत मैं भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए दिखाया गया। इसके अलावा



इंडिया मैप तथा स्कूल प्रांगण में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं से निर्मित खाने पीने की चीजों का स्टॉल लगाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विर्जेद्र जाती द्वारा स्कूल मैं आयोजित कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी मानवेंद्र सिंह यशवीर सिंह विजेंद्र सिंह स्कूल संस्थापक विश्वास पवार स्कूल निदेशक विपुल पवार सोनम राँस पवार प्रधानाचार्य पूजा सत्संगी अक्षय अनुज यादव सुमित कुमार रेखा ओम लक्ष्य तथा सर्वेक्षणी आदि उपस्थित रहे।


इंडोनेशिया। पश्चिमी सुमात्रा के मलालाक में बाढ़ से प्रभावित गांव में क्षतिग्रस्त घरों के पास से गुजरते लोग।

## ए-320 परिवार के विमानों में अनिवार्य मॉडिफिकेशन का निर्देश

**नई दिल्ली।** भारत सहित दुनिया भर में एयरबस के ए-320 परिवार के विमानों के लिए अनिवार्य हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अपडेट के आदेश जारी किए गए जिससे उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। एयर इंडिया के बेड़े में ए-320 परिवार के 104 विमान हैं। इंडिगो के पास 318 और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 40 विमान ए-320 परिवार के हैं। इस प्रकार देश में इस समय ए-320 परिवार के कुल 462 विमान परिचालन में हैं। सूत्रों ने बताया कि करीब 300 विमानों पर मॉडिफिकेशन की जरूरत होगी।

## जहाज में लगी आग सुरक्षित निकाले गए 25 भारतीय

**इस्तानबुल।** तुर्की के तट के करीब शनिवार को काला सागर में एक टैंकर में 'बाहरी टक्कर' के कारण आग लग गई। इसमें 25 चालक दल के सदस्य भारतीय थे, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस बीच, तुर्की के एक अन्य टैंकर विराट में भी कुछ देर बाद 'बाहरी टक्कर' के कारण आग लगी। यह जहाज भी गांबिया के ध्वज तले समुद्र में सफर कर रहा था। तुर्किए के समुद्री मामलों के महानिदेशालय ने यह जानकारी दी। महानिदेशालय ने अपने शुरुआती बयान में कहा कि बचाव कर्मियों को घटनास्थल से वापस लाने की तैयारी की जा रही है।

# अमेरिका ने अफगानियों के वीजा पर लगाई रोक

## वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के बाद ट्रम्प सरकार का फैसला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की ट्रम्प सरकार ने वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी की घटना के बाद शुक्रवार से अप्रवासियों के खिलाफ जांच तेज और सघन कर दी है। साथ ही अमेरिकी विदेश विभाग ने अफगान नागरिकों के लिए वीजा जारी करने पर भी रोक लगा दी है।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के विदेश विभाग ने अफगानिस्तान के सभी लोगों को वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। अमेरिका के लिए अब अपने देश और अपने लोगों की सुरक्षा से बड़ी कोई प्राथमिकता नहीं है। विदेश विभाग के फैसले के बाद अमेरिकी सरकार ने देशभर में सभी शरण संबंधी फैसलों को भी तुरंत प्रभाव से रोक दिया है। बीते बुधवार को अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बेहद सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में हुई गोलीबारी के बाद ट्रम्प प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। इस गोलीबारी में नेशनल गार्ड्स




■ अमेरिका के लिए अब अपने देश और अपने लोगों की सुरक्षा से बड़ी कोई प्राथमिकता नहीं है

की एक महिला सैनिक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। इससे पहले अमेरिका के अप्रवासन विभाग के निदेशक जोसेफ एल्डो ने भी पुष्टि की थी कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अगले आदेश तक अफगानिस्तान के नागरिकों को वीजा जारी न करें। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिकी सरकार अमेरिका में मौजूद हर अफगान नागरिक की पूरी तरह से सुरक्षा जांच नहीं कर लेती। वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के आरोपी की पहचान अफगान मूल के रहमानुल्ला लकनवाल के रूप में हुई थी, जो साल 2021 में अमेरिका आया था। रहमानुल्ला को इसी साल अमेरिका में शरण दी गई थी। गोलीबारी की घटना से नाराज राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रम्प प्रशासन ने 19 देशों के ग्रीन कार्ड धारकों के दस्तावेजों की सघन जांच का भी आदेश दिया है। ट्रम्प सरकार के इस फैसले से ग्रीन कार्ड धारकों में डर का माहौल पैदा हो गया है। जिन 19 देशों के ग्रीन कार्ड होल्डर्स के दस्तावेजों की जांच का फैसला किया गया है, उनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणतंत्र, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला का नाम शामिल है।

# लंदन में भारत-पाक की डिबेट कैंसिल

## पाक ने भारत पर पीछे हटने का आरोप लगाया, भारतीय वक्ता बोलेः इल्जाम झूठा, ईमेल-कॉल रिकॉर्ड दिखाए

**लंदन।** ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड यूनियन में भारत-पाकिस्तान के बीच 27 नवम्बर को होने वाली डिबेट कैंसिल हो गई। पाकिस्तान और भारत के वक्ताओं को इस डिबेट में हिस्सा लेना था। अब दोनों देशों ने एक-दूसरे पर बैठक से पीछे हटने का आरोप लगाया है। पहले पाकिस्तान ने गुरुवार को दावा किया था कि भारतीय वक्ता ऑक्सफोर्ड यूनियन में होने वाली डिबेट से पहले आखिरी मौके पर भाग गए, इसलिए उन्हें 'वॉकओवर' (बिना लड़े मिली जीत) मिल गया। इसके बाद भारतीय सीनियर एडवोकेट जे साई दीपक ने आरोपों को झूठा बताते हुए खुलासा किया कि पाकिस्तानी टीम ही आखिरी वक्त पर बहस में शामिल नहीं हुई, जिसके बाद डिबेट को रद्द करना पड़ा।

दीपक ने सबूत के तौर पर ईमेल और कॉल रिकॉर्ड पेश किए। उन्होंने कहा कि, भारतीय टीम बहस के लिए तैयार थी, लेकिन पाकिस्तान ने डिबेट कैंसिल करवा दी। मामले में ऑक्सफोर्ड यूनियन न ऑक्सफोर्ड यूनियन दुनिया की सबसे मशहूर और पुरानी स्टूडेंट डिबेट सोसाइटी है। भारत-पाकिस्तान के बीच भी यहीं बहस होनी थी। ऑक्सफोर्ड यूनियन (ओयू) में गुरुवार रात भारत-पाकिस्तान के वक्ताओं के बीच डिबेट होना तय था। ओयू दुनिया की सबसे पुरानी स्टूडेंट डिबेट सोसाइटी है। 1823 में स्थापित ओयू को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के छात्र चलाते हैं। हालांकि यह यूनिवर्सिटी का आधिकारिक हिस्सा नहीं है। यह एक आजाद छात्र संगठन है। ओयू में दुनियाभर के बड़े नेता, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, अभिनेता, लेखक भाषण दे चुके हैं। बहसें लाइव होती हैं, जिसे यूटयूब पर लाखों-करोड़ों लोग देखते हैं। बहस के बाद जीत-हार दर्शकों के वोट से तय होती है। इस बार भारत-पाकिस्तान के वक्ताओं के बीच होने वाली बहस का टाइटल **'India' Policy Towards Pakistan is a Populist Strategy Sold as Security Policy'** रखा गया था। इसे आसान भाषा में समझें तो इसका मतलब है, 'भारत की पाकिस्तान पर बनाई गई नीतियां जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा की जरूरत बताया जाता है।' इस डिबेट को ओयू के अध्यक्ष मूसा हर्राज ने ऑर्गनाइज किया था। मूसा पूर्व पीएम बेनजीर भुट्टो, पूर्व राष्ट्रपति अहमद नवाज और इसरार खान के बाद इसके अध्यक्ष बनने वाले चौथे पाकिस्तानी हैं। भारत की तरफ से डिबेट में शामिल होने वाले 3 लोग-पूर्व चीफ जनरल डड नरवणे, बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट थे।

जबकि पाकिस्तान की तरफ से लेफ्टिनेंट जनरल जुबैर महमूद हयात, पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार और पूर्व राजनयिक डॉ. मोहम्मद फैसल शामिल होने वाले थे। भारत की ओर से भारतीय सीनियर एडवोकेट जे साई दीपक डिबेट के आयोजकों के साथ संपर्क में थे। ऑक्सफोर्ड यूनियन ने बहस से दो दिन पहले दीपक को बताया कि खराब तबीयत के कारण स्वामी और नरवणे शामिल नहीं हो सकते हैं, और उनसे दूसरे विकल्प सुझाने के लिए कहा गया। दीपक यूनियन के पास कोई विकल्प लेकर पहुंचते इससे पहले ही उन्हें फोन करके बताया गया कि बहस के लिए सुहेल सेठ और शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी से संपर्क कर लिया है और उन्होंने पुष्टि भी कर दी है। 26 तारीख को यूनियन ने दीपक को फोन करके बताया कि शॉर्ट नोटिस के कारण सुहेल सेठ और प्रियंका चतुर्वेदी नहीं आ सकेंगी। प्रियंका चतुर्वेदी ने भी साफ कहा कि जुलाई में उन्हें न्योता मिला था, लेकिन आयोजकों ने महीनों चुप्पी साधे रखी और 25 नवम्बर को अचानक मेल किया।



■ 1823 में स्थापित ओयू को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के छात्र चलाते हैं
■ यह यूनिवर्सिटी का आधिकारिक हिस्सा नहीं है यह एक आजाद छात्र संगठन है

## भारत ने श्रीलंका में राहत सामग्री की दो और खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका में ऑपरेशन 'सागर बन्धु शुरू' के तहत शनिवार को राहत सामग्री की दूसरी और तीसरी खेप भेजी। भारत ने दूसरी और तीसरी खेप में क्रमश 12 टन और 9 टन राहत सामग्री भेजी है। भारत अब तक श्रीलंका में 27 टन राहत सामग्री भेज चुका है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग पोस्ट में कहा कि भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका को मदद की दो खेप भेजी है। उन्होंने कहा कि पहली खेप में वायु सेना के मालवाहक विमान सी-130 जे में लगभग 12 टन सहायता सामग्री कोलंबो भेजी है जिसमें टेंट, तिरपाल, कंबल, स्वच्छता किट और भोजन के पैकेट हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि दूसरी खेप में वायु सेना के मालवाहक आईएल-76 विमान में नौ टन राहत सामग्री कोलंबो भेजी गई। इसके अलावा दो बचाव टीमें और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के 80 सदस्य भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब तक श्रीलंका में समुद्र और वायु मार्ग से लगभग 27 टन राहत सामग्री भेज चुका है तथा और राहत सामग्री भी भेजी जाएगी। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में चक्रवाती तूफान 'दित्वा' के कारण जान-माल का भारी नुकसान हुआ है और 70 लोगों की मौत हुई है तथा बड़ी संख्या में लोग लापता बताए गए हैं।

## चीन की नई वैश्विक शर्तों से दुनिया में अस्थिरता

**कोलकाता।** कोलकाता में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और आर्थिक समीकरणों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय ऐसे मोड़ पर है जहां अमेरिका और चीन की नई नीतियों ने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। बदलते हालात में देशों के सामने यह तय करना मुश्किल हो गया है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देना चाहिए या उन समझौतों पर जो बैक चौनल में होते रहते हैं। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका अब पुराने ढांचे के तहत दुनिया का नेतृत्व नहीं कर रहा, बल्कि एक-एक देश के साथ सीधे और नई शर्तों पर बातचीत कर रहा है। दूसरी ओर, चीन भी अपने नियमों पर ज्यादा कठोरता से काम कर रहा है। इस स्थिति में दुनिया के कई देश असमंजस में हैं और संभावित जोखिमों से बचने के लिए सभी विकल्प खुले रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण, सप्लाई असुरक्षा और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण देश हर आकस्मिकता के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। जहां संभव हो, वे कठिन विकल्पों से बच रहे हैं और जहां फायदा दिख रहा है, वहां तुरंत निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण विभिन्न क्षेत्रों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स की मांग और उत्साह में तेजी आई है।

## भारतीय छात्रों के लिए अब और आसान होगी ब्रिटेन में पढ़ाई

लंदन। भारतीय छात्रों के हितों को सुरक्षित करने और उनकी विदेश शिक्षा यात्रा को अधिक पारदर्शी बनाने के लक्ष्य के साथ नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड अलम्नी यूनियन (एनआईएसएयू) ब्रिटेन और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा क्षेत्र की प्रमुख संस्था आईसीईएफ ने शुक्रवार को लंदन में एक नया रणनीतिक साझेदारी समझौता किया। यह गठजोड़ भारत-ब्रिटेन शिक्षा क्षेत्र में सही, जिम्मेदार और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रियाओं को बढ़ावा देगा।

इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को आवेदन के शुरुआती चरण से लेकर कोर्स पूरा होने तक विश्वसनीय और तथ्य आधारित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। एनआईएसएयू ब्रिटेन ने कहा कि यह सहयोग पारदर्शिता बढ़ाने, गलत जानकारी रोकने और मानक सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आईसीईएफ के सीईओ मार्कस बैडे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को स्पष्टता, पारदर्शिता और भरोसेमंद सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनआईएसएयू के साथ जुड़ने से दोनों संस्थाएं मिलकर सरहदों के पार एक बेहतर और सुरक्षित छात्र-केन्द्रित प्रणाली विकसित कर सकेंगी। भारत-ब्रिटेन के बीच नैतिक और पारदर्शी भर्ती

■ NISU-ICEF ने लंदन में किया रणनीतिक गठजोड़

प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना, छात्रों और संस्थानों के लिए साझा गुणवत्ता मानक और दिशा-निर्देश तैयार करना और ऐसा संयुक्त डाटा और विश्लेषण तैयार करना, जो शिक्षा नीति और अंतर्राष्ट्रीय बेस्ट प्रैक्टिस को प्रभावित कर सके। एनआईएसएयू की संस्थापक और चेयर सैनम अरारा ने कहा कि आईसीईएफ की लंबे समय से गुणवत्ता पर जोर देने की नीति भारतीय छात्रों को सही समय पर सही सलाह सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि यह गठजोड़ छात्रों को भर्ती प्रक्रिया के केंद्र में रखने पर आधारित है। शिक्षा नियमों और वीजा नीतियों में लगातार बदलाव के बीच विश्वसनीय जानकारी की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। दोनों संस्थाएं उम्मीद कर रही हैं कि यह साझेदारी भारत में अवैध एजेंटों की गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद करेगी। इस दिशा में एनआईएसएयू ब्रिटेन ने दुनिया का पहला छात्र-केंद्रित एजेंट ऑफ द ईयर अवार्ड शुरू किया है, जो फरवरी 2026 में पहली बार दिया जाएगा।

# भारत-म्यांमार ड्रग रैकेट केस में बड़ा खुलासा

## भारतीयों के जीएसटी विवरण का पड़ोसी देश में हुआ गलत इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** क्रॉस-बॉर्डर नारकोटिक्स तस्करी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी ने बताया कि म्यांमार मूल के लोगों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर ड्रग्स बनाने के लिए जरूरी कच्चा माल खरीदा। यह खुलासा एजेंसी की उस कार्रवाई के दौरान सामने आया है, जब ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में भारत-म्यांमार सीमा पर पहली बार तलाशी ली गई थी।

ईडी ने 27 नवम्बर को अपनी इस विशेष कार्रवाई के तहत मिजोरम के आइजोल और चंपाई (भारत-म्यांमार बॉर्डर) में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा असम के करीमगंज जिले के श्रीभूमि क्षेत्र और गुजरात के अहमदाबाद में

■ एजेंसी ने 21 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया

भी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जुटाए गए सबूतों से पता चला है कि भारतीय नागरिकों ने म्यांमार के लोगों के लिए सूडोइफेड्रिन टैबलेट और कैफीन एन्हाइड्रस खरीदे।

इन रसायनों का उपयोग सीमापार मेथामफेटामिन जैसी सिंथेटिक ड्रग्स के उत्पादन में किया जाता है। एजेंसी के अनुसार, यह नेटवर्क न केवल ड्रग्स की तस्करी में शामिल था, बल्कि अवैध वित्तीय लेनदेन और धन शोधन के जरिए इसकी कमाई को भी छिपाया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि म्यांमार नागरिकों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी क्रेडेंशियल्स का दुरुपयोग कर ड्रग निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे पदार्थों की खरीद को वैध दिखाया।

एजेंसी के अनुसार, इस योजना ने मादक पदार्थों के विनिर्माण की आपूर्ति शृंखला को बढ़ावा दिया, भारत-म्यांमार की पोरस यानी बेहद संवेदनशील और खुली सीमा वाले इलाकों जैसे मिजोरम को प्रभावित कर रही थी। इसमें कई भारतीय राज्यों तक वित्तीय और तस्करी के संबंध थे और इन गतिविधियों के माध्यम से धन शोधन किया गया। छापेमारी के दौरान कुछ हवाला संचालकों और अन्य लोगों से 46.7 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई व एजेंसी ने 21 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया।

## साइबरस्पेस गवर्नेंस के लिए दीर्घकालिक तंत्र में सुधार पर जोर

**बीजिंग।** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव शी जिनपिंग ने साइबरस्पेस गवर्नेंस के लिए दीर्घकालिक तंत्र में सुधार के महत्व पर जोर दिया है। शुक्रवार को सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के एक समूह अध्ययन सत्र की अध्यक्षता करते हुए शी जिनपिंग ने एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुदृढ़ ऑनलाइन वातावरण विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। शी ने कहा कि 2012 में 18वीं सीपीसी राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद से, पार्टी ने साइबरस्पेस गवर्नेंस को उच्च प्राथमिकता दी है, इंटरनेट पर मुख्यधारा के मूल्यों, मुख्यधारा के विचारों और मुख्यधारा की संस्कृति को लगातार सुदृढ़ किया है।

# पाक-अफगान में फिर तेज हुआ तनाव

## पाकिस्तान सेना ने तालिबान पर घुसपैठ कराने का लगाया आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। पाकिस्तान सेना ने आरोप लगाया है कि अफगान तालिबान देश में आतंकियों की घुसपैठ में मदद कर रहा है। सेना का दावा है कि अफगान सीमा चौकियां न सिर्फ पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग कर रही हैं बल्कि इस दौरान आतंकियों और तस्करों को सीमा पार कराने के लिए कवर भी दे रही हैं।

आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में यह गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार, अफगान तालिबान की तरफ से सीमा पर तैनात पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग की जाती है और उसी समय आतंकियों व तस्करों को खाली जगहों से पाकिस्तान में प्रवेश कराया जाता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सीमा चौकियां आमतौर पर परस्पर सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, लेकिन मौजूदा हालात



■ फायरिंग का मकसद आतंकियों को पार कराना और तस्करों की गाड़ियों को आगे बढ़ाना होता है

इससे बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर होने वाले हमले बेहद समन्वित होते हैं। फायरिंग का मकसद आतंकियों को पार कराना और तस्करों की गाड़ियों को आगे बढ़ाना होता है। उन्होंने दावा किया कि कई बार पोस्टों पर हमला कर नीचे से तस्करों के वाहन गुजारे जाते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान-अफगान सीमा 2,500 किलोमीटर लंबी है, जहां पाकिस्तान ने 15 से 25 किलोमीटर की दूरी पर सैन्य चौकियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी सीमा को पूरी तरह सील करना संभव नहीं है, जैसा कि अमेरिका भी मैक्सिको सीमा पर नहीं कर पाया। इस कारण अवैध घुसपैठ को पूरी तरह रोकना चुनौती है। उन्होंने बताया कि 4 नवम्बर से अब तक 4910 खुफिया आधारित अभियानों (आईबीओ) को अंजाम दिया गया है, यानी औसतन रोज 233 अभियान। इन अभियानों में 206 आतंकियों को ढेर किया गया। जनवरी से अब तक 67023 अभियान चलाए गए, जिनमें से 53 हजार से अधिक बलूचिस्तान और 12800 से ज्यादा खैबर पख्तूनख्वा में हुए। प्रवक्ता ने कहा कि जनवरी से अब तक 4729 आतंकी घटनाएं हुईं। पाकिस्तान ने फिर कहा कि अफगान तालिबान टीटीपी को सुरक्षित पनाह दे रहा है, जिससे दोनों देशों के संबंध बिगड़ते जा रहे हैं।

# 62 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने की शादी

## पत्नी 16 साल छोटी, प्रधानमंत्री रहते शादी करने वाले अल्बनीज पहले नेता

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को अपनी पार्टनर जोडी हेडन से शादी की। 62 साल के अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया के पहले ऐसे पीएम बन गए हैं जिन्होंने पद पर रहते हुए शादी की। अल्बनीज ने 46 साल की जोडी हेडन से कैनबरा में पीएम ऑफिस में शादी की। हेडन फाइनेंशियल सर्विस में काम करती हैं।

अल्बनीज ने फरवरी 2024 में हेडन से सगाई थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक शब्द में पोस्ट किया-मैरिड। उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वे बो-टाई पहनकर अपनी मुस्कुराती दुल्हन का हाथ थामे दिख रहे हैं। अल्बनीज और हेडन सोमवार से शुक्रवार तक ऑस्ट्रेलिया में ही हनीमून मनाएंगे, जिसका पूरा खर्च अपनी जेब से देंगे यानी कोई सरकारी मदद नहीं लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने 14 फरवरी 2024 को वैलेंटाइन डे पर सगाई की थी। ऑस्ट्रेलियाई पीएम की यह दूसरी शादी है। उन्होंने 2019 में अपनी पूर्व पत्नी कार्मेल टेबट से तलाक लिया था। यह शादी 19 साल चली। इस रिश्ते से उनका एक बेटा नाथन है। अल्बनीज और हेडन की मुलाकात 2020 में मेलबर्न में एक बिजनेस डिनर में हुई। थी। हेडन की भी यह दूसरी शादी है। हालांकि हेडन की पहली शादी और तलाक की जानकारी पब्लिक नहीं है। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज को उनके अपने 'अल्बो' नाम से बुलाते हैं। एंथनी का जन्म 2 मार्च, 1963 को ऑस्ट्रेलिया के शहर कैंपरडॉउन के रूढ़िवादी कैथोलिक ईसाई परिवार में हुआ। एंथनी ने जब से होश संभाला सिर्फ मां को ही अपने आसपास देखा, पिता को नहीं। जब उन्होंने पिता के बारे में पूछा तो उन्हें बताया गया था कि उनकी मां विदेश यात्रा पर गई थीं, वहां उनके पिता से मिलीं, उनसे शादी हुई और जब वह ऑस्ट्रेलिया लौटीं तो एक कार दुर्घटना में उनके पिता की मौत हो गई। वह इसी कहानी पर भरोसा करके बड़े हुए। एंथनी जब 14 साल के हुए थे, तब उनकी मां ने एक शाम खाने के बाद बैठकर असली सच बताया। उन्होंने कहा कि असल में उनकी शादी नहीं हुई थी। वह इटली में एक आदमी से मिली थीं, उसके साथ रिश्ता बना और वह गर्भवती हो गईं। एंथनी के पिता कार्लो क्रूज शिप के मैनेजर थे। साल 1962 में एक विदेश यात्रा के दौरान उनकी मैरियन से मुलाकात हुई। दोनों के बीच प्यार हो गया। कार्लो की किसी और महिला से सगाई हो चुकी थी। वह परिवार और समाज के डर से पुराना रिश्ता तोड़ नहीं सके।



■ अल्बनीज ने 14 फरवरी 2024 को वैलेंटाइन डे पर 46 साल की जोडी से की थी सगाई

## लूव म्यूजियम चोरी के चौथे आरोपी पर मामला दर्ज

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में मौजूद दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय 'लूव म्यूजियम' में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए चौथे आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बीएफएमटीवी ने मामले से संबंधित सूत्रों के हवाले से शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए शख्स पर चोरी में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने का आरोप है। पेरिस के अभियोजक कार्यालय ने मंगलवार को कहा था कि चार आरोपी हिरासत में लिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तो इनमें से सिर्फ एक म्यूजमि में घुसने वाले चार-सदस्यीय गिरोह का हिस्सा हो सकता है।

## पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक

**ढाका।** पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। इसी बीच उनके बेटे और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान, जो 2008 से लंदन में रह रहे हैं, ने कहा है कि उनका बांग्लादेश लौटना पूरी तरह उनके नियंत्रण में नहीं है।

तारिक रहमान ने शनिवार तड़के फेसबुक पर लिखी पोस्ट में कहा कि हर बेटे की तरह मैं भी इस कठिन समय में अपनी मां के पास रहना चाहता हूं। लेकिन यह फैसला मैं अकेले नहीं ले सकता। कुछ संवेदनशील कारण हैं, जिन पर अभी विस्तार से बोलना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि उनकी 80 वर्षीय मां खालिदा जिया को छाती में इंफेक्शन होने के बाद 23 नवम्बर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह संक्रमण दिल और फेफड़ों दोनों को प्रभावित कर रहा है। रहमान ने कहा कि उनकी मां की हालत गंभीर संकट में है और वह आईसीयू में लगातार निगरानी में हैं। देश-विदेश के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। बीएनपी ने शुक्रवार को बयान जारी कर लोगों से उनके लिए दुआ करने की अपील की थी। तारिक रहमान ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन-सी परिस्थिति उनके वापस आने में बाधा है।

# रणवीर नहीं दीपिका को पड़ी रणबीर की जरूरत





**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और दीपिका पाद.ुकोण का बड़े पर्दे पर फिर से साथ आना उनके फैंस की लगातार ख्वाहिशों में से एक रहा है और ऐसा लगता है कि यह जल्द ही होने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अयान मुखर्जी अपनी अपकमिंग फिल्म में दोनों को कास्ट करेंगे और अगर लेटेस्ट डेवलपमेंट पर यकीन किया जाए, तो यह राज कपूर और नरगिस की फिल्म चोरी चोरी से थोड़ा-बहुत अडैप्टेड होगा। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि हाल के समय में रणबीर कपूर की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है वहीं रणवीर सिंह की फिल्में उतनी नहीं चली हैं। इसलिए इस वक्त रणबीर कपूर के करियर का ग्राफ ऊंचा देखा जा रहा है। वहीं दीपिका पादुकोण के करियर की बात की जाए तो मां बनने के बाद उनकी 8 घंटे कि शिफ्ट की डिमांड के चलते एक के बाद एक फिल्में उनके हाथ से चली गई है।

दूसरी ओर उनकी पिछली फिल्में भी कुछ खास नहीं दिखा पाई है। हाल ही में दीपिका ने एक पोस्ट भी लाइक की थी जिसमें उनके फैंस ने रणबीर के साथ फिल्म करने मांग की थी। तो ऐसे में लगता है कि दीपिका भी रणबीर के साथ फिल्म करने में दिलचस्पी ले रही हैं। ऐसे में अयान की फिल्म का अपडेट आना फैंस के लिए खुशखबरी जैसा है। रणबीर कपूर अपने दादा और हिंदी सिनेमा के शोमैन राज कपूर की डायरेक्ट की हुई फिल्म को फिर से करेंगे। खबर है कि आने वाले प्रोजेक्ट में आज के जमाने का ट्विस्ट होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि नई मूवी में स्टोरीलाइन नहीं होगी, हालांकि, सेंट्रल कहानी वही रहेगी, लेकिन मॉडर्न सेटिंग में। इतना ही नहीं, खबर है कि रणबीर इस फिल्म के साथ RK फिल्म्स बैनर को फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। यह नए बैनर के तहत उनका पहला प्रोडक्शन होगा। रणबीर और दीपिका एक दशक बाद फिर से साथ काम करेंगे। उन्हें आखिरी बार इम्तियाज अली की तमाशा 2015 में साथ देखा गया था। अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी ए जवानी है दीवानी में त्ज्ञ और क्च की केमिस्ट्री आज भी उनके फैंस को पसंद है। एक फैन ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने प्रोड्यूसर्स और फिल्ममेकर्स से रिक्वेस्ट की कि वे रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण को एक फिल्म के लिए स्क्रीन पर साथ लाएं। वीडियो में उन्होंने कहा कि प्रोड्यूसर्स को कलेक्शन की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि जिस मूवी में वे दोनों होंगे, वह बहुत बड़ी हिट होगी। इस पोस्ट पर दीपिका पादुकोण का लाइक देखकर फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। रणबीर कपूर की अपक. मिंग फिल्मों में संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर है जिसमें उनके साथ विक्की कौशल और आलिया भट्ट हैं। यह फिल्म अगले साल अगस्त में रिलीज होगी। उनके पास नितेश तिवारी की बड़ी फिल्म रामायण भी है। दूसरी ओर दीपिका अगली बार एटली की फिल्म में दिखेंगी जिसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। वह अभी शाहरुख खान की किंग में काम कर रही हैं। यह अगले साल थिएटर में आएगी।

## रणवीर सिंह ने इफ्फी 2025 में रजनीकांत से मुलाकात की

**पणजी।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को महान शख्सियत बताते हुए कहा कि वह इतने बड़े नहीं हैं कि उनके जैसे महान शख्सियत के बारे में कुछ कह सकें। रजनीकांत को फिल्म इंडस्ट्री में 50 वर्ष पूरे करने पर 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी में सम्मानित किया गया।

इस दौरान रणवीर सिंह, रजनीकांत से मिले। यह सिर्फ एक मुलाकात नहीं थी बल्कि यह परंपरा, आकर्षण और एक ही जगह खड़ी दो बड़े क्रिएटिव ताकतों का जश्न था। जब रणवीर स्टेज पर आए और रजनीकांत को नमस्कार किया, तो उन्होंने कहा, मैं इतना बड़ा नहीं हूं कि इतनी महान शख्सियत के बारे में कुछ कह सकूं, रणवीर सिंह ने इसी बात से फिर एक बार सबका दिल जीत लिया। रजनीकांत और रणवीर जब दोनों ने मंच पर एक-दूसरे का अभिवादन किया, तो माहौल अचानक बदल गया: फैन्स खुशी से झूम उठे, कैमरे लगातार चमकने लगे और यह पल फिल्म इतिहास में दर्ज होने जैसा बन गया।उनकी बातचीत सिर्फ स्टार पावर नहीं दिखा रही थी। यह दो फिल्मी दुनिया के मिलकर आने जैसा था, जैसे रणवीर की अच्छी एक्टिंग और रजनीकांत की सादगी भरी लेकिन बेहद असरदार पहचान का मिलना। दोनों अपने-अपने तरीके से एक अलग पहचान रखते हैं। रणवीर नई पीढ़ी के वो स्टार हैं जो स्टार बनने का मतलब बदल रहे हैं, जबकि रजनीकांत वो स्टार हैं जिन्हें लोग सबसे बड़ा सुपरस्टार मानते हैं। लाखों लोग उन्हें सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक महान इंसान की तरह देखते हैं।

# 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हुआ भव्य समापन



**पणजी।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 का शुक्रवार की शाम गोवा के डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में भव्य समापन हुआ।

पिछले नौ दिनों 20-28 नवम्बर के दौरान, गोवा भर में फैले फिल्म महोत्सव के स्थलों पर दमदार कहानियों और जीवंत प्रदर्शनों ने सिल्वर स्क्रीन और मंचों को अपनी कला से जगमगा दिया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और कला के लिए एक वैश्विक भावना देखने को मिली। प्रतिष्ठित और उभरते कलाकारों की रेड कार्पेट पेशकश, शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतिष्ठित तथा नई सिनेमाई प्रतिभाओं को सम्मानित करने वाले पुरस्कारों ने इस शाम को सिनेमा प्रेमियों के लिए यादगार बना दिया। उत्सव का समापन रत्चापूम बूनबंचचोक द्वारा निर्देशित फिल्म यह यूजफुल घोस्ट के प्रदर्शन के साथ हुआ, सिनेमा की एक ऐसी अनूठी प्रस्तुति, जिसने कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों और पुरस्कारों में प्रशंसा हासिल की है।शाम के समारोहों के बीच, बहुप्रतीक्षित पुरस्कारों की घोषणा के साथ इस पूरे समारोह के वो खास पल सामने आए, जिसमें उन प्रतिभाशाली रचनाकारों और उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

जिन्होंने अपनी कलात्मक उत्कृष्टता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एशले मेफेयर द्वारा निर्देशित स्किन ऑफ यूथ ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक पुरस्कार हासिल किया। मराठी फिल्म गोंधल के निर्देशक संतोष दवाखर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला। स्पेनिश फिल्म अ पोएट के मुख्य अभिनेता उबेइमार रियोस को सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए सिल्वर पीकॉक पुरस्कार, लिटिल ट्रबल गर्ल्स की निर्माता जारा सोफिया ओस्तान द्वारा स्वीकार किया गया। माई फादर्स शैडो के निर्देशक अकिनोला डेविस जूनियर को विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार मिलामाई फादर्स शैडो के निर्देशक अकिनोला डेविस जूनियर को विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार मिला।

# कियारा और सिद्धार्थ ने बेटी सराया की पहली तस्वीर शेयर की



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के पॉपुलर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने अपनी नवजात बेटी के नाम का खुलासा किया है। एक दिल छू लेने वाले इंस्टाग्राम पोस्ट में दोनों कलाकारों ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी राजकुमारी का नाम सराया मल्होत्र रखा है। साथ ही उन्होंने कपल के हाथों में बेटी के नन्हे-नन्हे पैरों की एक कोमल तस्वीर भी शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हमारी दुआओं से हमारी गोद में हमारी दैवीय आशीर्वाद, हमारी राजकुमारी, सराया मल्होत्रा। इस जोड़ी ने इससे पहले 16 जुलाई को अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ साझा की थी।

एक्टर सिद्धार्थ और कियारा ने फरवरी 2023 में राजस्थान में शानदार लेकिन निजी समारोह में शादी रचाई थी। दोनों पहली बार फिल्म शेरशाह की शूटिंग के दौरान मिले और प्यार हो गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा हाल ही में तुषार जलोटा के निर्देशन में बनी और दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म ष्परम सुंदरीष में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री जान्हवी कपूर थीं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी की सबसे हालिया रिलीज फिल्म वॉर 2 रही, जिसका निर्देशन आयान मुखर्जी ने किया है। इसमें एक्टर हृतिक रोशन ने एक बार फिर कबीर का किरदार निभाया। सीक्वल में जूनियर एनटीआर और श्री हृतिक रोशन के बीच देशसेवा के अपने-अपने आदर्शों के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिली। वॉर 2 रजनीकांत की फिल्म कुली के साथ रिलीज हुई थी, जिसमें नागार्जुन भी मुख्य भूमिका में हैं।

# महावतार नरसिम्हा बेस्ट एनिमेटेड कैटेगरी में ऑस्कर की रेस में शामिल



**मुंबई।** भारत की पौराणिक एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म की ऑस्कर रेस में शामिल हो गई है। अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने 2026 के ऑस्कर के लिए विचाराधीन 35 एनिमेटेड फीचर फिल्मों की एक सूची जारी की है, जिससे भारतीय फिल्म बड़े अंतरराष्ट्रीय दावेदारों में शामिल हो गई है। ऑस्कर में महावतार नरसिम्हा का मुकाबला के-पॉप डेमन हंटर, जूटोपिया 2 और डेमन स्लेयर किमेत्सु नो याइबा इनफिनिटी कैसल जैसी हिट फिल्मों से होगा। एएमपीएएस ने एक आधिकारिक घोषणा में कहा कि 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए एनिमेटेड फीचर फिल्म कैटेगरी में 35 फीचर फिल्में विचार के लिए मौजूद हैं। कुछ फिल्में अभी क्वालिफाई नहीं हुई हैं। इन्हें प्रक्रिया पूरी करनी होगी और वोटिंग प्रोसेस में आगे बढ़ने के लिए सभी कैटेगरी नियमों का पालन करना होगा।

वोटिंग राउंड के बाद आखिरी पांच नॉमिनी की घोषणा की जाएगी। एकेडमी ने आगे साफ किया कि एनिमेशन शाखा के सदस्य अपने आप कैटेगरी में वोट करते हैं, जबकि दूसरे एकेडमी सदस्य अगर कम से कम देखने की जरूरतें पूरी करते हैं तो वे इसमें शामिल हो सकते हैं। इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए शामिल की गई एनिमेटेड फीचर फिल्म भी एनिमेटेड कैटेगरी में योग्य हैं, और फिल्म इसके अलावा बेस्ट पिक्चर और दूसरे अवॉर्ड के लिए भी क्वालिफाई कर सकती हैं। अश्विन कुमार द्वारा निर्देशित और होम्बले फिल्म्स के तहत शिल्पा धवन द्वारा प्रोड्यूस की गई, महावतार नरसिम्हा भगवान नरसिम्हा की कहानी है, जो भगवान विष्णु के आधे इंसान, आधे शेर के अवतार हैं। यह फिल्म विष्णु के दस अवतारों से प्रभावित , प्लान किए गए सात-भाग वाले महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स का पहला भाग है। फिल्म अभी नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

# एक्शन फिल्म स्वयंभू की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** निकिल सिद्धार्था, साम्युक्था और नभा नटेश की आने वाली ऐतिहासिक एक्शन फिल्म स्वयंभू की शूटिंग पूरी हो गई है। इस मौके पर मेकर्स ने राइज ऑफ स्वयंभू नाम का एक खास वीडियो जारी किया। इस वीडियो में फिल्म की भव्य दुनिया, शानदार सेट्स और बड़े पैमाने पर हुए काम की झलक दिखाई गई है। मेकर्स ने एक और बड़ी खबर साझा की है। फिल्म के ओवरसीज विदेशों में राइट्स फार्स फिल्म ने खरीद लिए हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक जबरदस्त वीडियो डालकर बताया कि ओवरसीज राइट्स फार्स फिल्म को बेच दिए गए हैं। मनोरंजन जगत के कुछ बेहतरीन टेक्निशियंस और क्रिएटर्स, डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारि, केजीएफ और सालार के म्यूजकि डायरेक्टर रवि बसरूर, बाहुबली और आरआरआर के सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंथिल कुमार, बाहुबली के एडिटर तमीराजू और कई अन्य प्रतिभाशाली आर्टिस्ट, सभी इस महत्वाकांक्षी फिल्म की तैयारी में जुड़े हुए हैं। फिल्म की शूटिग में लगभग 170 दिन लगे। स्वयंभू को पिक्सेल स्टूडियोज के भूवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है। भारत के गौरवशाली इतिहास और शाश्वत वैभव को समर्पित यह भव्य फिल्म अगले साल 13 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर दुनियाभर में रिलीज होगी।

# दिल्ली के बाद अब राजस्थान में भी टैक्स फ्री हुई फिल्म 120 बहादुर




**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार-अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर को दिल्ली के बाद अब राजस्थान में भी टैक्स-फ्री कर दिया गया है।

फिल्म 120 बहादुर हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस साल की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्मों में से एक, यह फिल्म मीडिया और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज दोनों से जबरदस्त तारीफें बटोर रही है। दिल्ली के बाद इसे अब राजस्थान में भी टैक्स-फ्री घोषित कर दिया गया है। फरहान अख्तर ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, ष्हम राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह उनका सम्मानजनक कदम है, जो मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी और चार्ली कंपनी के प्रत्येक सैनिक के असाधारण साहस को श्रद्धांजलि देता है। फिल्म 120 बहादुर, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के 120 भारतीय सैनिकों की जबरदस्त बहादुरी को दिखाती है, जिन्होंने 1962 के युद्ध में हुई मशहूर रेजांग ला की लड़ाई में हिस्सा लिया था। फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी, पीवीसी, की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने साथियों के साथ मिलकर भारतीय सेना के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक में हर मुश्किल के सामने डटे रहे। इस फिल्म रजनीश रेजी घई ने निर्देशित किया है और इसे रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमित चंद्रा ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108